आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 173, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 16

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 15

माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।

विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।

नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

लखनऊ। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर 1 बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 17 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की 5 उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया। वहीं, एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस बीच दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।



व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कर्ट्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

चेन्नई। भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

मुंबई। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

उड़ान संचालन के लिए उठाए जा रहे हैं कदम : नायडू

विशाखापत्तनम। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।

एक नजर

किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती ने दिया इस्तीफा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल को संबोधित अपने पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर वह हार की जिम्मेदारी ले रही हैं। उन्होंने कहा कि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहते हुए वह जनता के बीच में भाजपा को मजबूत करने में वह असफल रही हैं। इस कारण वह अपनी अंतरात्मा से व्यथित होकर सरकारी पद से त्यागपत्र दे रही हैं। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन में कार्य करती रहेंगी। पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगी। उन्होंने राज्यपाल से त्याग पत्र स्वीकार करने की मांग की है।

हरिद्वार में भी पहचान करनी होगी उजागर

हरिद्वार। उप्र की तर्ज पर कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में भी ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को अपनी पहचान उजागर करनी होगी। कांवड़ मेले में कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे या रेहड़ी, ठेली का संचालन नहीं कर सकेगा। ऐसे व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान पर प्रोपराइटर का नाम, क्यूआर कोड व मोबाइल नंबर अंकित करना होगा। मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ मार्ग व कांवड़ पटरी पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रहेगी।

अत्यधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है कैंसर ट्रेन : योगी

प्राकृतिक खेती पर आधारित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को राम मंदिर का प्रतीक चिह्न देते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, साथ मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले, हरित क्रांति से कृषि उत्पादन बढ़ना आधा सच
- फर्टिलाइजर का जहर घुस रहा हमारी धमनियों में

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र यह हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर यह अधूरा सच है।

आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है। यह दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एक होटल में आयोजित प्राकृतिक खेती पर आधारित भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। हमें 17वीं व 18वीं सदी के देश के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाली उत्पादन दर को भी देखना होगा, जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गोवंश अचानक मर गए, जब वहां विशेषज्ञ भेजे गए तो पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला हुआ था, इस कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गोवंश अत्याधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

प्राकृतिक खेती करने वालों को देंगे सब्सिडी : शिवराज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है।

असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है।

2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी जो कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का लगभग 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है... यह हिमंत विश्व शर्मा का डेटा नहीं है, बल्कि भारतीय जनगणना का डेटा है। ये सभी प्रकाशित डेटा हैं। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।

एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ और आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एससीआर में लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल, शासन ने जारी किया आदेश

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर प्रदेश में लखनऊ व आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) घोषित कर दिए गए। इसमें छह जिलों को शामिल किया गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को शासनादेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव आवास डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से जारी आदेश के अनुसार, लखनऊ व आस-पास का क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र होगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र कहा जाएगा। इसमें लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल किए गए हैं। इस क्षेत्र के संबंध में एक प्राधिकरण का गठन किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण कहा जाएगा। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे, जबकि मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। अपर मुख्य सचिव आवास, वित्त, नियोजन, विधि, राजस्व, नगर विकास, पंचायती राज, कृषि, पर्यटन, वन, ग्रामीण विकास, सिंचाई परिवहन आदि विभागों के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसके सदस्य होंगे।

एससीआर का दायरा 27,826 वर्ग किमी होगा

राज्य राजधानी क्षेत्र का दायरा 27,826 वर्ग किलोमीटर होगा। इसमें लखनऊ 2528 वर्ग किलोमीटर, हरदोई 5986 किलोमीटर, सीतापुर 5743 किलोमीटर, उन्नाव 4558 किलोमीटर, रायबरेली 4609 किलोमीटर व बाराबंकी 4402 किलोमीटर होगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र घोषित होने के बाद इस क्षेत्र का व्यापक स्तर पर विकास किया जाएगा।

गोंडा-गोरखपुर के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू

लखनऊ : बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर गोंडा स्टेशन से लगभग 19 किमी. दूर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर चंड़ीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया था। अप लाइन पर पहली मालगाड़ी झिलाही से शाम 5 बजकर 9 मिनट पर चलाई गई। बाद में काशन लगाकर गोरखधाम एक्सप्रेस को लखनऊ रवाना किया गया। शाम छह बजे के बाद की गोरखपुर से लखनऊ की ओर आने वाली ट्रेनों का डायवर्जन को निरस्त कर दिया। शुक्रवार रात करीब 10 बजे तक गोंडा-गोरखपुर सेक्शन की डाउन लाइन को भी ठीक कर लिया गया व संचालन भी शुरू कर दिया गया है।

स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार

विधि संवाददाता, लखनऊ

- संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे।

ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- उम्मीदवारी रद करने के लिए यूपीएससी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर, फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर लिखना होगा संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। चर्चा है कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए अधिकारियों को इस सिलसिले में निर्देश दिये गये हैं। औपचारिक तौर पर इसी तरह के किसी आदेश-निर्देश की पुष्टि नहीं हुई है।

सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कावड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया था। यात्रियों के लिए शीतल पेयजल, शिकंजी वितरण आदि प्रबंध के निर्देश दिये गये थे। साथ ही, शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेने को कहा गया था। मुख्यमंत्री ने शिविर संचालकों का सत्यापन जरूर करा लेने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को चर्चा रही है कि कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिये गये हैं।

धर्म विशेष के लोगों का बायकाट करने का निंदनीय प्रयास : मायावती

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि कावंड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों पर नाम लिखे जाने का सरकारी निर्देश धर्म विशेष के लोगों का बायकाट करने का निंदनीय प्रयास है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि उत्तर प्रदेश व उत्तरांखड सरकार द्वारा दुकानों पर मालिक व स्टाफ का पूरा नाम प्रमुखता से लिखने व मांस बिक्री पर भी रोक लगाने का आदेश चुनावी लाभ के लिए है। यह पूर्णतया असंवैधानिक है।

राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।

राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। महिला याचिकाकर्ता ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को तय करना है कि क्या पीड़िता के पास राहत पाने का कोई उपाय नहीं है, जबकि एकमात्र विकल्प आरोपी के पद छोड़ने तक इंतजार करना है। सुनवाई के दौरान यह देरी अतार्किक होगी और पूरी प्रक्रिया दिखावा बनकर रह जाएगी। इससे पीड़िता को कोई न्याय नहीं मिलेगा।

- राज्यपाल पर छेड़छाड़ करने तथा अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप

एक नजर

विधान सभा का मानसून सत्र 29 से

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. विधानसभा और विधान परिषद का द्वितीय व मानसून सत्र 29 जुलाई से होगा। यह वर्ष 2024 का दूसरा सत्र होगा। इसके लिए अधिसूचना जारी हो गई है। सत्र 4-5 दिन चलने की संभावना है। हालांकि, अभी विस्तृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

आईपीएस रेणुका डीजीपी कार्यालय से संबद्ध

अमृत विचार, लखनऊ : सिपाही प्रश्न पत्र लीक मामले में प्रतीक्षारत की गई आईपीएस रेणुका मिश्रा को शासन ने डीजीपी कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। वह पुलिस भर्ती बोर्ड की पदाधिकारी थी। सिपाही भर्ती प्रश्न पत्र लीक मामले में शासन ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अप्रैल में उनको प्रतीक्षारत कर दिया था। रेणुका 1990 बैच की अधिकारी हैं।

कांवड़ यात्रा को लेकर कई जिलों में 22 से 19 अगस्त तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ, कानपुर, उन्नाव सीतापुर, शाहजहांपुर व गोरखपुर सहित अन्य जिलों में वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

अमृत विचार: श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर 22 जुलाई से 19 अगस्त तक के लिये ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को डायवर्जन चार्ट जारी किया। इसमें कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहांपुर, प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों से लखनऊ आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित के मुताबिक कांवड़ियों के आवागमन वाले रास्तों और शिव मंदिरों के आसपास के रास्तों पर भी डायवर्जन लागू रहेगा।

सई नदी पर पुल क्षतिग्रस्त: मौरांवा से मोहनलालगंज कस्बा जाने वाले मार्ग में सई नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त है। इसके चलते मौरांवा से मोहनलालगंज की तरफ भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

इमरजेंसी में प्रतिबंधित मार्ग से निकल सकेंगे: डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया, जिन रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। उन पर भी अनिवार्य होने पर इमरजेंसी सेवाओं जैसे एंबुलेंस, शव वाहन, दमकल वाहन, स्कूली वाहन आदि को ट्रैफिक कर्मियों से संपर्क कर निकाल सकेंगे। इस दौरान किसी को कोई समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर- 9454405155 पर संपर्क कर सकता है।

लखनऊ के शिव मंदिरों के आसपास भी डायवर्जन

- मनकामेश्वर मंदिर बंधा रोड होते हुए हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहा और डालीगंज पुल निर्धारित किया गया है।
- मनकामेश्वर मंदिर, नदवा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग हनुमान सेतु या बंधा रोड़ होकर तय किया गया है।
- बुद्धेश्वर मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सर्विस रोड या ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर जा सकेंगे।

वाहन चालक इन वैकल्पिक मार्गों का कर सकेंगे प्रयोग

- कानपुर नगर से भारी वाहन रामादेवी से फतेहपुर, लालगंज, बछरावां से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन उन्नाव के ललऊखेडा से दाहिने अचलगंज से लालगंज होकर बछरावां होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व उन्नाव के पुरवा मोड़ से मौरांवा से बछरावां होते हुये हैदरगढ़ होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- सीतापुर- शाहजहांपुर, बरेली से सीतापुर-लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन सीतापुर से चहलारी घाट, बहराईच, बलरामपुर होकर जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन बंथरा, जुनाबगंज से मोहनलालगंज होकर खुजौली से गोसाईगंज होते हुये पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- प्रयागराज से लखनऊ, बाराबंकी होकर बहराइच, श्रावस्ती बलरामपुर गोंडा जाने वाले वाहन लखनऊ के मोहनलालगंज से गोसाईगंज से खुजली होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर से लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन मड़ियांव आईआईएम रोड से पारा होकर वीआईपी रोड होते हुये शहीद पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर जा सकेंगे।
- लखनऊ से बाराबंकी, गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन इंदिरा कैनाल अयोध्या रोड से किसान पथ पर डायवर्ट किए जाएंगे, जो किसान पथ सुल्तानपुर रोड होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवाजाही कर सकेंगे।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को पोर्ट्रेट भेंट करते लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता।

राज्यपाल से मिले लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता

अमृत विचार, लखनऊ : मध्यकमान स्थित सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सेना से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल ने राज्यपाल से उत्तर प्रदेश में नागरिक-सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा किए गये अलग-अलग बिंदुओं पर और समग्र सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा की।

फैमिली आईडी के जरिए तेज होगा डाटा एकत्रीकरण का कार्य

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का बेहतर डाटाबेस तैयार किया जाए : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डाटा संग्रहण के कार्य में लगे लोगों का उचित प्रशिक्षण कराया जाए

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फैमिली आईडी के माध्यम से डाटा एकत्रीकरण के कार्य को आगे बढ़ाया जाय। डाटा को बेहतर तरीके से एकत्र किया जाय और इसके अद्यतन डाटा को समय पर अपलोड कराया जाय। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सरकारी आवास पर नियोजन विभाग के अधिकारियों के साथ जिला घरेलू उत्पाद अनुमान उत्तर प्रदेश 2022-23 पुस्तिका के प्रकाशन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि डाटा संग्रहण के कार्य में लगे लोगों का उचित प्रशिक्षण कराया जाए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का बेहतर डाटाबेस तैयार किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो वर्ष 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ रुपए था। वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की वृद्धि से आगे बढ़ रही है। सात वर्षों के नियोजित प्रयासों के कारण इसमें और वृद्धि की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुस्तिका में उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी, जिले की डीडीपी व प्रदेश में प्रतिशत अंश, जिले व प्रदेश की वार्षिक वृद्धि, जिले की प्रति व्यक्ति आय, उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय, जिले व प्रदेश की तुलनात्मक स्थिति जैसे आंकड़ों का समावेश किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिला घरेलू उत्पाद अनुमान पुस्तिका के आंकड़ों को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों व कृषि विज्ञान केंद्रों को भी प्रेषित किया जाय और उनसे संवाद स्थापित करते हुए इन आंकड़ों के आधार पर शोध कार्य आगे बढ़ाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विलेज जीडीपी, डिस्ट्रिक्ट जीडीपी की दिशा में आगे बढ़ रही है, क्योंकि हमारी पंचायतें व नगरीय निकाय हमारा आधार हैं। कृषि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

शुक्रवार को राजधानी पहुंचे राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात के दौरान पुष्प गुच्छ भेंट करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचा

टेलीग्राम से ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ ने फर्जी टेलीग्राम ग्रुप बनाकर जॉब आफर करने और धन को दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले जोधपुर राजस्थान निवासी प्रकाश नवल, सतीश नवल एवं कैलाश चंद्र को जोधपुर गिरफ्तार कर लिया है।

नए मेडिकल कॉलेजों की दूसरी अपील पर एनएमसी ने की वर्चुअल सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएमसी के मानकों में अचानक बदलाव से सत्र शुरू करने में समस्या

अमृत विचार: एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यो ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है।

यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला,एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत, पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यो ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) में आवेदन किया था। एनएमसी ने साल 2023 के मानक अनुसार शिक्षकों की संख्या न होने पर मान्यता नहीं दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले को गंभीरता से लिया तो ज्ञात हुआ कि कॉलेज प्रशासन ने एनएमसी के साल 2020 के मानकों को पूरा करते हुए आवेदन किया था, जबकि 2023 के मानक में शिक्षकों की संख्या बढ़ गई थी। जिसकी वजह से मान्यता नहीं मिली है, पूर्व के मानक से कॉलेज शुरू करने की सिफारिश के बाद, सभी 13 मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यो द्वारा एनएमसी में आवेदन कर दिए गए हैं।

13 कॉलेज शामिल

बुलंदशहर, औरैया, सोनभद्र, ललितपुर, चंदौली, सुल्तानपुर, गोंडा, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कानपुर देहात, कौशांबी, बिजनौर एवं पीलीभीत के नये मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

चौ. चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

अमृत विचार: ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके ट्रस्ट आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

मानदंडों का उल्लंघन किया

ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

रिहाई के बाद दिखाई दबंगई पुलिस ने फिर किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13 को जेल से रिहा हुआ था घटना का वीडियो वायरल

अमृत विचार: झांसी में सड़क पर दबंगई के मामले में आरोपी रिंकू राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके साथ 20 समर्थकों को भी अरेस्ट किया गया है। 6 गाड़ियां भी सीज की गई हैं। वह 13 जुलाई को जेल से रिहा हुआ था।

शुक्रवार को उसके स्वागत में सड़क पर 100 गाड़ियों के साथ विजय जुलूस निकाला गया। खुली जीप पर वह हाथ जोड़कर अपने समर्थकों का जोश बढ़ा रहा था। वहीं उसके समर्थक उसका मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। इस दौरान सड़क पार कर रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

विजय जुलूस का वीडियो 3 दिन पहले वायरल हुआ था। तब से पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। शुक्रवार को आरोपी रिंकू अपने साथियों को लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंचा। उसके साथ समर्थक भी थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गाड़ियों को भी सीज कर दिया। यहां से सभी आरोपियों को पुलिस वैन में नवाबाद थाने ले जाया गया। साथ ही हाइड्रा मशीन की मदद से सभी गाड़ियों को भी थाने ले जाया गया। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य आरोपियों के बारे में पता लगा रही है।

बताते चलें कि 7 अप्रैल, 2023 को एरच के टेहरका घाट पर रिंकू राजपूत ने एलएनटी चालक पर गोली चला दी गई थी। पुलिस ने रिंकू और राहुल राजपूत समेत अन्य के खिलाफ 307 का मामला दर्ज किया था। रिंकू को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। तभी से खेत बिलाटी गांव का रहने वाला रिंकू जेल में बंद था।

श्रावस्ती के उप जिलाधिकारी निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने शुक्रवार को श्रावस्ती के उप जिलाधिकारी अरुण कुमार को निलंबित कर दिया। उन पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के मामले में दो तरह की अलग-अलग रिपोर्ट देने के आरोप में यह कार्रवाई की गई। नियुक्ति विभाग की ओर से शुक्रवार को उनके निलंबन के आदेश जारी हुए।

सूत्रों के अनुसार एक व्यक्ति ने इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता लेने के लिए आवेदन किया था। बताया जा रहा है कि उप जिलाधिकारी ने इस व्यक्ति के पात्र न होने की रिपोर्ट लगा दी। व्यक्ति ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की।

शासन को भी मामले की जानकारी दी गई। शासन स्तर पर जांच कराई गई तो दो माह में दो अलग-अलग रिपोर्ट देने की बात सामने आई। शासन ने निलंबन की कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी को विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय पार्टी बनाने को सपा सांसदों ने महाराष्ट्र में दिखाई ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इंद्रजीत सरोज के प्रबंधन में लड़ा जाएगा चुनाव, पीडीए होगा एजेंडा
- महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में प्रभाव बढ़ाने को सपा ने शुरू की कवायद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में 37 सीट जीत कर अप्रत्याशित सफलता प्राप्त करने वाली समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए कयावद शुरू कर दी है। महाराष्ट्र, में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होने है, अखिलेश यादव खुद तो नहीं गए, शुक्रवार को अपने सांसदों को भेजकर जनमानस में विश्वास जमाने के प्रयास किया है। विभिन्न स्थलों पर सांसदों के स्वागत समारोह के जरिए, शक्ति प्रदर्शन करते हुए अधिक से अधिक विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने का मंसूबे भी जाहिर कर दिये।

18 वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम आने पर भाजपा और कांग्रेस के बाद सबसे ज्यादा 37 सांसद विजयी होने के साथ देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। केन्द्रीय राजनीति में फलक पर आने के बाद अखिलेश यादव ने सपा को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने की जो अपील की थी। महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा के लिए माहौल बनाना शुरू कर दिया है। सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नरेश उत्तम की अगुवाई में सपा सांसदों ने चैत्यभूमि पर डॉ.भीमराव अंबेडकर को नमन कर दलितों के दिलों में विश्वास के भाव स्थापित करने का प्रयास किया वहीं, छत्रपति शिवाजी स्थल और सिद्धविनायक मंदिर में पूजन दर्जन कर, सवर्ण समाज को राष्ट्रवादी व धार्मिक होने का संदेश देने का प्रयास किया।

2019 में जीतीं थीं दो सीटें

मालूम हो कि 2009 के चुनाव में सपा ने महाराष्ट्र में चार सीटें जीती थी, 2014 में मात्र एक सीट पर सिमट गई थी, 2019 में पार्टी को दो विधायकों के साथ संतोष करना पड़ा था। वर्तमान में पीडीए(पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले पर बड़ी सफलता दर्ज करने वाली सपा की निगाह महाराष्ट्र के मुस्लिम व दलित मतदाताओं पर है, सीटों की संख्या बढ़ाने के साथ ही मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए ताना-बाना बुनना शुरू हो गया है। पीडीए मतदाताओं को जोड़ने के लिए महाराष्ट्र चुनाव की कमान भी राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज को सौपी है।

संगठन बड़ा न सरकार, जनता का कल्याण सबसे बड़ा : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के अखिलेश यादव ने भाजपा को सत्ताभोगी बताया। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संगठन सरकार से बड़ा होता है, संबन्धी बयान पर तंज कसते हुए कहा, भाजपाई सत्तान्मुखी है, सेवान्मुखी नहीं। उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है। केशव प्रसाद मौर्य व अखिलेश यादव में सोशल मीडिया पर वार-पलटवार थम नहीं रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि न संगठन बड़ा होता है, न सरकार। जनता का कल्याण सबसे बड़ा होता है। दरअसल संगठन और सरकार तो बस साधन होते हैं, लोकतंत्र में साध्य तो जनसेवा ही होती है। जो साधन की श्रेष्ठता के झगड़े में उलझे हैं, वो सत्ता और पद के भोग के लालच में है, उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

उमस रहेगी, कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है।

37.3° अधिकतम तापमान | 28.9° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में उर्मिल रंग उत्सव की अंतिम संध्या पर नाटक इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर का मंचन– 7:05 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में भरत रंग द्वारा नाटक कबीरा का मंचन– 7:15 बजे।
- चौक स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग के मुकाबले– 3:00 बजे।

10 घंटे में तीन बार किया रेफर, नहीं मिला वेंटीलेटर, गई दुधमुंहे की जान

कानपुर से बलरामपुर अस्पताल पहुंचने में टूट गई सांसों की डोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के अस्पतालों में लचर व्यवस्था और जरूरी इंतजाम न होने से बच्चे को अस्पताल दर अस्पताल रेफर किया जाता रहा। हमीरपुर जिला अस्पताल से कानपुर के हैलट, केजीएमयू ट्रामा होते हुए बलरामपुर अस्पताल पहुंचते-पहुंचते 10 घंटे से अधिक समय लग गया। बलरामपुर अस्पताल के पीडियाट्रिक वेंटीलेटर पर पहुंचते इतनी देर हो गई कि बच्चे की सांसें थम गईं। पिता ने इसके लिए सिस्टम की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है।

हमीरपुर जिले के पचकुरा गांव निवासी रजत कुमार का 10 महीने का बेटा तीन दिन से जुखाम-बुखार से पीड़ित था। शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हुई तो उसे हमीरपुर जिला अस्पताल ले गए। वहां से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैलट इमरजेंसी में पीडियाट्रिक वेंटीलेटर खाली न होने से डॉक्टर ने केजीएमयू ट्रॉमा रेफर कर दिया। पिता बच्चे को लेकर केजीएमयू ट्रॉमा के बाल रोग विभाग पहुंचा। यहां ट्रामा में पीडियाट्रिक वेंटीलेटर खाली न होने के कारण बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन दोपहर करीब डेढ़ बजे बच्चे को लेकर बलरामपुर इमरजेंसी पहुंचे, वहां भर्ती कर डॉक्टर ने इलाज शुरू किया।

बच्चे को वेंटीलेटर पर शिफ्ट करने की तैयारी चल रही थी, इसी बीच बच्चे ने दम तोड़ दिया। परिजन ने दूसरे संस्थानों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की बात कही है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि डॉक्टरों ने सीपीआर देकर उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।



बच्चे को सीपीआर देते डॉक्टर।

आधे घंटे जाम में फंसी रही एंबुलेंस

परिजनों का कहना था कि बंथरा के पास एम्बुलेंस करीब आधे घंटे से अधिक समय तक जाम में फंस गई। काफी मशक्कत के बाद बाहर निकल सके।

बच्चे की मौत पर बिलखते माता–पिता व परिजन।

विमान सेवाएं बाधित, दो घंटे फंसे रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री

माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी से एक से दो घंटे तक लेट हुईं उड़ानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई खराबी से चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 17 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया।वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे। लखनऊ एयरपोर्ट से 13:37 बजे दिल्ली जाने वाली इण्डिगो की उड़ान संख्या 6ई 6008 करीब 1 घण्टे से अधिक समय तक टैक्सी वे पर खड़ी रही। पहले इसे 40 मिनट विलंबित कर 2.15 पर रिशेड्यूल किया गया। दोबारा 3.20 बदे रिशेड्यूल करने के बाद उनका विमान 15:27 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भर सका। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान यात्रियों से हाल-चाल लेते दिखे।

26 05 उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं इंडिगो की

उड़ानें बाधित होने के कारण अमौसी हवाई अड्डे पर बैठे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह।

जारी की गई एडवाइजरी

लखनऊ एयरपोर्ट ने अपने एक्स हैण्डल के जरिये यात्रियों को समस्या से अवगत कराते हुए लिखा कि सभी यात्रियों से अनुरोध है कि एयरपोर्ट आने से पहले अपनी एयरलाइंस के अधिकारियों के सम्पर्क में रहे और मोबाइल पर यात्रा से संबंधित मैसेज देखने के बाद ही एयरपोर्ट पहुँचे।

मैन्युअल बना बोर्डिंग पास

माइक्रोसॉफ्ट के साफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के कारण लखनऊ एयरपोर्ट के दोनों टर्मिनल पर यात्री घंटों चक्कर काटते रहे। उनका बोर्डिंग पास कम्प्यूटर की जगह मैन्युअल बनाया जा रहा था। यात्रियों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा।

सर्वर में तकनीकी खराबी आने के कारण अमौसी हवाई अड्डे पर खड़े विमान।

लखनऊ से जाने वाली फ्लाइटें

कंपनी	उड़ान संख्या	गंतव्य	वास्तविक समय	विलंबित समय
आकाशा	क्यू पी1526	मुंबई	11:35	13:32
इंडिगो	6ई 523	हैदराबाद	13:10	14:10
इंडिगो	6ई 279	अहमदाबाद	13:25	14:51
इंडिगो	6ई5302	मुंबई	13:30	14:41
एयर इंडिया	आईएक्स193	दुबई	13:35	16:48
इंडिगो	6ई 6008	दिल्ली	13:35	15:27
इंडिगो	6ई 6552	चंडीगढ़	14:10	15:41
इंडिगो	6ई 399	गोवा	14:35	17:40
इंडिगो	6ई 515	देहरादून	14:40	16:18
एयर इंडिया	आई5738	पुणे	14:45	15:44

लखनऊ आने वाली फ्लाइटें

कंपनी	उड़ान संख्या	कहां से	तय समय	विलंबित समय
आकाशा	क्यूपी 1524	मुंबई	11:00	12:00
एयर इंडिया	एआई 625	मुंबई	13:20	15:11
इंडिगो	6ई 2113	दिल्ली	14:05	16:14
इंडिगो	6ई7482	जयपुर	14:40	15:39
इंडिगो	6ई196	बेंगलुरु	15:55	18:37
आकाशा	क्यूपी1451	मुंबई	16:50	18:50
इंडिगो	6ई 619	दिल्ली	17:35	20:24

बारिश व पटरी कटने से 6 ट्रेनों के मार्ग बदले

अमृत विचार, लखनऊ: मुरादाबाद मंडल में भारी बारिश और पटरी के कटने के कारण पीलीभीत जं-मैलानी जं के बीच यातायात निलंबित कर दिया गया है।

इस कारण ट्रेनें जो परिवर्तित रेल मार्ग सीतापुर जं-पीलीभीत जं- बरेली सिटी-रामगंगा पुल मार्ग से होकर चलाई जानी थीं, ये ट्रेनें अब पुनः परिवर्तित रेल मार्ग बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ -कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं मार्ग से होकर चलाई जाएंगी।

उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि लखनऊ मंडल से गुजरने वाली जो ट्रेनें प्रभावित होंगी, उनमें ट्रेन (नंबर-15529) सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल जन साधारण एक्सप्रेस 24 से 31 जुलाई तक बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं. के रास्ते, ट्रेन (नंबर 15530) आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा जन साधारण एक्सप्रेस 25 जुलाई से एक अगस्त तक गाजियाबाद जं-कानपुर सेंट्रल- लखनऊ-बाराबंकी जं- बुढ़वल जं. के रास्ते, ट्रेन (नंबर 15621) कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 जुलाई से 1 अगस्त तक बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ -कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं. के रास्ते, ट्रेन (नंबर 15622) आनन्द विहार टर्मिनल-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 27 जुलाई से 3 अगस्त तक गाजियाबाद जं-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी जं-बुढ़वल जं. के रास्ते, ट्रेन (नंबर 14009) चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 21, 23, 25, 28, 30 जुलाई, 1 व 4 अगस्त तक बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं. के रास्ते और ट्रेन (नंबर 14010) चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 22, 24, 27, 29, 31 जुलाई और 3 अगस्त तक गाजियाबाद जं-कानपुर सेंट्रल- लखनऊ-बाराबंकी जं- बुढ़वल जं. के रास्ते चलाई जाएंगी।

लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस स्पेशल 22 सितंबर तक चलेगी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन के संचालन के फेरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन (नंबर- 04217) वाराणसी-लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल (अयोध्या धाम के रास्ते) अभी तक 21 जुलाई तक और वापसी में (04218) लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस स्पेशल (अयोध्या धाम के रास्ते) चलनी थी। अब इसे बढ़ाकर 22 जुलाई से 22 सितंबर तक कर दिया गया है।

मुंबई सेंट्रल–बरौनी जं. वाया लखनऊ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

अमृत विचार, लखनऊ: मुम्बई आवागमन करने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने 22 जुलाई से छह फेरों के लिए मुंबई सेंट्रल-बरौनी जं. वाया लखनऊ एक स्पेशल ट्रेन (09145/09146) मुंबई सेंट्रल-बरौनी जं. साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को सफर में खासी राहत मिलेगी।

ट्रेन (नंबर 09145) मुंबई सेंट्रल से 22, 29 जुलाई, 05, 12, 19, व 26 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार सुबह 10:30 बजे प्रस्थान करेगी जो बोरीवली, वापी, सूरत, भरुच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., उज्जैन जं., दूसरे दिन संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., कानपुर सेंट्रल होते हुए लखनऊ दोपहर 2:20 बजे पहुंचकर पांच मिनट के ठहराव के बाद गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., तीसरे दिन हाजीपुर जं., मुजफ़्फरपुर जं., समस्तीपुर जं. होकर बरौनी तड़के 4 बजे पहुंचेगी।

वापसी में (09146) बरौनी जं. से 25 जुलाई, 1, 8, 15, 22 व 29 अगस्त तक प्रत्यके गुरुवार बरौनी जं. से देर रात्रि 1 बजे रवाना होगी, जो लखनऊ शाम 4 बजे तथा मुंबई सेंट्रल शुक्रवार शाम 6:40 बजे पहुंचेगी।

उत्तराखण्ड शासन
मिता सेवा सुरसा

कांवड मेला - 2024

वाहनों हेतु यातायात डायवर्जन प्लान कांवड मेला-2024 हरिद्वार

सामान्य दिनों में हरिद्वार आने वाले वाहन-दिल्ली/मेरठ/मुजफ्फरनगर/मंगलौर से

- हरियाणा/पंजाब/हिमाचल प्रदेश/सहारनपुर/छुटमलपुर/देहरादून से
- देहरादून,ऋषिकेश से नेपाली तिराहा, रायवाला से
- नैनीताल,नजीबाबाद श्यामपुर से
- हरियाणा/पंजाब से नजीबाबाद/मुरादाबाद की और जाने वाले वाहन : मु. नगर बाईपास-बिलासपुर-नजीबाबाद/मुरादाबाद की और जायेंगे।

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

कांवड वाहनों का हरिद्वार आने का मार्ग

- दिल्ली-मेरठ-मु0 नगर से हरिद्वार आने वाले वाहन: मु0 नगर-मंगलौर-नगला इमरती-लण्ढौरा-लक्सर-एस.एम. तिराहा-बैरागी कैम्प पार्किंग
- दिल्ली से देहरादून/ऋषिकेश जाने वाले वाहन: रामपुर तिराहा-देवबन्द-छुटमलपुर-देहरादून/ऋषिकेश।
- यमुनानगर से हरिद्वार आने वाले वाहन: भगवानपुर-बिझौली-नगला इमरती-लक्सर-एस.एम. तिराहा-बैरागी पार्किंग।
- बैरागी कैम्प पार्किंग मे पार्क किये गये सभी प्रकार के वाहनों की निकासी: श्मशानघाट पुल-श्रीयंत्र पुल-बूढीमाता तिराहा-देशरक्षक-सिंहद्वार-सर्विस लेन एन.एच.-344
- मुरादाबाद/नजीबाबाद की और से आने वाले वाहन: चिड़ियापुर-4.2 तिरछा पुल-नीलधारा/गौरीशंकर पार्किंग
- देहरादून से ऋषिकेश से आने वाले वाहनों हेतु: नेपाली तिराहा-सप्तऋषि-लालजीवाला पार्किंग

रोडवेज वाहनो हेतु यातायात प्लान

- दिल्ली/मेरठ/हरियाणा/पंजाब की रोडवेज बसें ऋषिकुल पार्किंग में पार्क की जायेंगी।
- नैनीताल/मुरादाबाद/बिजनौर की ओर से आने वाली रोडवेज बसें नीलधारा/गौरीशंकर पार्किंग में पार्क की जायेंगी।
- देहरादून/ऋषिकेश पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली रोडवेज बसें मोचीचूर पार्किंग में पार्क की जायेंगी।

@DIPR_UK
#ExploreUttarakhand

कांवड यात्रा के दौरान क्या करें

- हरिद्वार आने वाले पैदल कांवड यात्री कांवड पटरी (नहर पटरी) का ही प्रयोग करें।
- कावंड यात्री अपना पहचान पत्र (डी.एल., आधार कार्ड) साथ अवश्य रखें
- अपना वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खडा करें अन्यथा एम.वी. एक्ट की कार्यवाही की जायेगी।
- उठाईगिरों/जेबकतरों से सावधान रहें।
- वाहन में बैठे कांवड यात्रियों की सूची एवं यात्रा विवरण अपने वाहन में अवश्य लगायें।
- निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, अन्यत्र स्नान करने पर दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है।

कांवड यात्रा के दौरान क्या न करें

- कांवड यात्रा के दौरान अपने साथ (हाकी, बेसबाल, स्टिक, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे आदि) लेकर न आयें।
- मादक द्रव्य पदार्थों (शराब, चरस, गांजा, सुल्फा) का सेवन न करें।
- कांवड यात्रा में चलने वाले जुगाड वाहन प्रयोग न करें।
- कांवड की ऊँचाई अधिकतम 7 फीट से ऊँची न रखें।
- कांवड यात्री रेल की छतों पर यात्रा न करें।
- पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें नहीं तो जान-माल का नुकसान हो सकता है।
- कांवड में डीजे/लाऊडस्पीकर आदि का प्रयोग न करें। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपाल करें।
- संदिग्ध/लावारिस वस्तु को न छुएं उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।
- किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही फैलायें।
- हरिद्वार में प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें।
- कांवड यात्रा के दौरान अपनी मोटर साईकिल का साईलेन्सर उतारकर न चलायें।

For more detail please
Scan QR Code

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

एक नजर

आज नहीं होगा तहसील दिवस का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : पौधरोपण कार्यक्रम में अधिकारियों की व्यवस्तता के कारण शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन नहीं होगा। तहसील दिवस का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। एडीएम प्रशासन शुभी सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। एडीएम प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 20 जुलाई को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाना है। एक ही दिन में 36 .50 करोड़ पौधरोपण करने का लक्ष्य तय किया गया है। पौधरोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पौधरोपण कार्यक्रम के कारण तहसील दिवस शनिवार की जगह सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

महानगर से कमता तक आज बिजली संकट

अमृत विचार, लखनऊ : एचटी लाइन में तारों और खंभों को शनिवार को बदला जाएग। इससे सब स्टेशन कमता के इस्माइलगंज फीडर में सुबह 10 बजे से शाम पांच 5 बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। फीडर मल्हौर में हरौनी मस्जिद के पास काम किया जाएगा। सुरेंद्र नगर के सनातन नगर में भी सप्लाई बाधित रहेगी। विष्णुपुरी फीडर के विष्णुपुरी कॉलोनी, देवलोक, निर्मल खीरी हॉउस और चर्च रोड क्षेत्र में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

अभ्यर्थियों ने रेलवे स्टेशन के बाहर किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : यूपीएसएसएससी वर्ष 2018 में हुई जूनियर इंजीनियर भर्ती का परिणाम अब तक जारी नहीं किया गया। इससे नाराज अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया। ये अभ्यर्थी इको गार्डन में पिछले कई दिनों से धरना दे रहे हैं। कुछ अभ्यर्थी शुक्रवार को तख्तियां लेकर चारबाग, भाजपा कार्यालय, विधान भवन, हजरतगंज, सीएम आवास तक पहुंच गए। अभ्यर्थियों ने बैनर भी ले रखा था। पुलिस ने इन गिने चुने अभ्यर्थियों को वहां से हटा दिया। इन सभी को वापस ईको गार्डन भेज दिया गया।

केजीएमयू नर्सेज एसोसिएशन का प्रदर्शन 30 को

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू नर्सेज एसोसिएशन ने 30 जुलाई को संस्थान के उच्चाधिकारियों का घेराव कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। एसोसिएशन ने केजीएमयू कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिख कर जानकारी दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष यदुनंदिनी सिंह महामंत्री जितेंद्र उपाध्याय ने कहा कि 30 जुलाई से पहले मांगे पूरी नहीं हुईं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

एक दिन में 36.50 करोड़ पौधे रोप कर रचेंगे इतिहास

अकबर नगर से मुख्यमंत्री करेंगे 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' जनअभियान की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर से शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' जनअभियान की शुरुआत करेंगे। प्रदेश सरकार एक दिन में 36.50 करोड़ पौधे रोप कर इतिहास रचेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में मंत्री और जनप्रतिनिधि अभियान का नेतृत्व करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, पूरे उत्साह और उमंग के साथ पौधरोपण करें। आवास योजना के लाभार्थी सहजन का पौधा लगाएं। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम', आमजन के साथ सरकारी कार्यालय, विद्यालय आदि पर लगाएं जाएंगे। सड़क, नदी, अमृत सरोवरों के किनारे छायादार, फलदार, इमारती लकड़ी वाले और औषधीय पौधे रोपे जाएंगे। इसके अलावा पूर्वजों, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की स्मृति में वाटिका बनेगी। पौधरोपण के साथ ट्री-गार्ड लगाएं, पौधों के साथ सेल्फी लें और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करेंगे। इस अभियान में आमजन के साथ आधे दिन तक सभी सरकारी कार्यालय, विद्यालय व अन्य संस्थाओं से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 7 वर्षों में प्रदेश में 168 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इसमें 75-80 प्रतिशत पौधे सुरक्षित हैं।

सौमित्र वन में पौधरोपण की तैयारी करते श्रमिक।

लखनऊ मंडल में सर्वाधिक लक्ष्य, होगी जियो टैगिंग

लखनऊ मंडल में सर्वाधिक 4 करोड़ 1 लाख 73 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। कानपुर मंडल में 2 .96 करोड़, चित्रकूट में 2 .89 करोड़, झांसी में 2 .82 करोड़, मीरजापुर में 2 .62 करोड़, अयोध्या में 2 .39 करोड़, देवीपाटन में 2 .14 करोड़, प्रयागराज में 2 .07 करोड़, बरेली में 1 .91 करोड़, वाराणसी में 1 .76 करोड़, मुरादाबाद में 1 .83 करोड़, आगरा में 1 .68 करोड़, गोरखपुर में 1 .65 करोड़, आजमगढ़ में 1 .30 करोड़, अलीगढ़ में 1 .22 करोड़, मेरठ मंडल में 1 .16 करोड़, बस्ती में 1 .11 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 90 .23 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी।

कुकरैल रिवर फ्रंट पर एक समय पर रोपे जाएंगे 1001 पौधे

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या रोड स्थित कुकरैल रिवर फ्रंट में वृहद पौधरोपण की शुरुआत शनिवार को सौमित्र वन से की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10 बजे पीपल, पाकड़ और बरगद का पौधा लगाएंगे। उनके साथ सौमित्र वन में एक समय में 1001 पौधे रोपकर प्रदेश में पौध रोपण अभियान की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री हरीशंकरी के 3 पौधे, मंत्री व विधायक 20 पौधे, भारत स्काउट गाइड 110 पौधे, सिविल डिफेंस 300 पौधे, लखनऊ विकास प्राधिकरण 170 पौधे, अधिकारी 75 पौधे, सभासद 75 पौधे, नगर निगम 250 पौधे लगाएगा। शुक्रवार देर शाम तक लखनऊ विकास प्राधिकरण ने नगर निगम, जिला प्रशासन, वन व सिंचाई विभाग के साथ कार्यक्रम की तैयार पूरी की। परिसर में मंच सजाने के साथ 20 फीट के करीब 500 पेड़ लगाकर इलाके को हरा भरा किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्ययोजना व मूल्यांकन सुनील चौधरी, मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह आदि ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

ये पौधे रोपे जाएंगे

हरी शंकरी, मौलश्री, कदम, सिल्वर ओक, पीपल, शीशम, अर्जुन, जामुन, बेला, कैथा, इमली, अशोक, आंवला, कचनार, कंजी, अमरूद, कटहल, गोल्ड मोहर, शमी, जंगल जलेबी, जरूल, जकरंडा, सेलिक्स, गुलाचीन, चकरेसिया, पेल्टो फार्म, ढाक, सहजन, अमलतास।

अविरल नदी को निर्मल रखने का संदेश देगा सौमित्र वन

अकबर नगर स्थित कुकरैल रिवर फ्रंट तीन चरणों में बनेगा। पहले चरण में एलडीए 14 एकड़ में सौमित्र वन बनाएगा। पहले सात एकड़ में पौधे लगाकर वन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। सौमित्र वन में लोग पौधे लगाकर अविरल नदी को निर्मल रखने का संदेश देंगे। पूरे परिसर में 10 हजार से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे। इसी तरह अयोध्या रोड के दूसरी तरफ अकबर नगर द्वितीय में शक्ति वन बनेगा। यहां रोपे जाने वाले पौधे जगत जननी मां के नाम समर्पित होंगे। इसके बाद नदी का पुर्नजीवन करके पूरे परिसर में एक लाख तक पौधे लगाएगा। बंधे पर डेढ़ किमी सड़क, लाइटिंग, बेंच, पाथ-वे, पार्क, झूले, छोटे जंगल, दीवारों पर पेंटिंग, मूर्ति कला व योग सेंटर आदि बनाया जाएगा। नदी किनारे 50 मीटर की दूरी पर जामुन, केन व अर्जुन के विशेष तौर पर 8 से 14 फीट के पौधे लगाए जाएंगे।

इन विभागों को यह लक्ष्य

वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन को 14 .29 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 13 करोड़, कृषि को 2 .80 करोड़, उद्यान विभाग को 1 .55 करोड़, पंचायती राज को 1 .27 करोड़, राजस्व को 1 .05 करोड़, नगर विकास को 44 .97 लाख, उच्च शिक्षा को 22 .54 लाख, रेशम को 14 .19 लाख, लोक निर्माण को 14 .93 लाख, रेलवे को 12 .66 लाख, जलशक्ति को 13 .41 लाख, बेसिक शिक्षा को 15 .43 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 19 .91 लाख, एमएसएमई को 15 .55 लाख, औद्योगिक विकास विभाग को 7 .73 लाख, माध्यमिक शिक्षा को 11 .63 लाख, गृह को 10 लाख, पशुपालन को 7 .26 लाख, ऊर्जा को 5 .60 लाख, सहकारिता को 7 .60 लाख, आवास विकास को 8 .38 लाख, रक्षा को 4 .95 लाख, प्राविधिक शिक्षा को 8 .06 लाख, श्रम को 2 .69 लाख, परिवहन विभाग को 2 .53 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य है।

पौधरोपण के बाद लाल निशान की होगी जांच

अमृत विचार, लखनऊ: कुकरैल रिवरफ्रंट बनाने के लिए नदी किनारे मकानों पर लगाए गए लाल निशान की जांच पौधरोपण कार्यक्रम के बाद होगी। जवाबदेही तय होने के साथ जिन विभागों ने निशान लगाए वह मिटाएंगे।

अबरार नगर, पंत नगर, खुर्रम नगर, इंद्रप्रस्थ नगर व रहीम नगर में कुकरैल नदी किनारे 50 मीटर तक आने वाले मकानों में लाल निशान डूब क्षेत्र और ग्रीन बेल्ट बताकर लगाए थे। निशान सिंचाई विभाग ने एलडीए, प्रशासन, नगर निगम और डूडा के साथ लगाए थे। लोगों के विरोध पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी जताते हुए निशान मिटाने के साथ जांच के निर्देश दिए थे। अभी सिंचाई विभाग का ही नाम सामने आया है। जबकि अन्य विभाग भी शामिल थे। फिलहाल मुख्यमंत्री के पौधरोपण कार्यक्रम के बाद इस मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी। नदी का पुनर्जीवन करने के लिए इन पांचों मोहल्लों में 50 मीटर तक निशान लगाने का कोई प्रस्ताव या कार्ययोजना नहीं थी।

एक जैसे मकान, कहीं गृहकर कम तो कहीं बहुत ज्यादा

सेवानिवृत्त कर्मचारी का 837 से 25,070 रुपये हुआ गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आवास विकास के मकान एक जैसे हैं, लेकिन जीआईएस सर्वे में गृहकर अलग-अलग और कई गुना कर दिया गया है। बढ़ा हुआ गृहकर जमा करना भवन स्वामियों के लिए मुश्किल है। शुक्रवार को नगर निगम के त्रिलोकी नाथ हॉल में गृहकर समाधान दिवस में ऐसे ही कई मामले आए जिनका महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों ने समाधान किया। समाधान दिवस में कुल 185 आपत्तियां आईं जिनका निस्तारण किया गया। हालांकि तमाम फरियादी संतुष्ट नहीं दिखे।

विकास नगर से आए बीएसएनएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी गंगा राम वर्मा ने बढ़े गृहकर पर आपत्ति दर्ज कराई। बताया कि उनका आवास विकास का ईडब्ल्यूएस मकान है। अभी तक हर वर्ष 837 रुपये गृहकर जमा करते थे, लेकिन जीआईएस सर्वे में गलत तरीके से मूल्यांकन कर गृहकर 8,019 रुपये कर दिया गया है। हर वर्ष कर जमा करने के बावजूद तीन साल का एरियर और ब्याज लगाकर कर गृहकर 25,070 रुपये कर दिया गया है। आवास विकास के मकान एक जैसे होने के बावजूद सबका अलग-अलग गृहकर है। विकास नगर की विमला ने बताया कि जीआईएस सर्वे में वार्षिक गृहकर 1,200 से बढ़ाकर 28 हजार रुपये कर दिया गया है।

जानकारी करने पर पता चला कि आसपास के मकानों का गृहकर उनके मकान में जोड़ दिया गया। विमला की आपत्ति पर अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कराया। उनका वार्षिक गृहकर 1,352 रुपये निर्धारित किया गया।

समाधान दिवस में समस्या सुनते नगर आयुक्त। अमृत विचार

इन जोन की इतनी आपत्तियां

जोन-1 - 12
जोन-2 - 13
जोन-3 - 30
जोन-4 - 10
जोन-5 - 15
जोन-6 - 36
जोन-7 - 58
जोन-8 - 11

> समाधान दिवस में भवन स्वामियों की आपत्तियों का समाधान किया गया है। प्रत्येक शुक्रवार समस्याएं सुनकर त्वरित निस्तारण करते हैं। इससे नगर वासियों को सहूलियत मिल रही है।
> -सुषमा खर्कवाल, महापौर

▸▸ एक महिला के मकान में दूसरे का कर दिया सर्वे, 1,200 से 28 हजार गृहकर

इस तरह कम हुआ गृहकर

- **जोन-1**
  - मो. सलमान बशीर, वार्षिक मूल्य 23,328 से 21,600
  - इम्तियाज अली, वार्षिक मूल्य 11,880 से 6,966
- **जोन-2**
  - नवनीत लाल, वार्षिक मूल्य 16,200 से 6,998
  - रवि कुमार, वार्षिक मूल्य 27 हजार से 19,800
- **जोन-3**
  - राम कुमार, वार्षिक मूल्य 23,040 से 5,184
  - लालता प्रसाद वाल्मीकि, वार्षिक मूल्य 16,560 से 8,424
- **जोन-5**
  - फरीद अहमद, वार्षिक मूल्य 8,640 से 2,250
  - विशम्भर सिंह, वार्षिक मूल्य 18,432 से 14,040
- **जोन-6**
  - महमूद खान, वार्षिक मूल्य 16,344 से 10,080
  - तनुजा, वार्षिक मूल्य 49,680 से 34,020
- **जोन-7**
  - अरुण कुमार भट्टाचार्या, वार्षिक मूल्य 34,560 से 10,368
  - पीएन बडोला, वार्षिक मूल्य 41,400 से 20,520
- **जोन-8**
  - जादुराई, वार्षिक मूल्य 15,840 से 12,960
  - सीता रानी विश्वास, वार्षिक मूल्य 10,800 से 6,435

आलमबाग में जलभराव के बीच से निकलते लोग और दुकान से पानी निकालता दुकानदार।

उमस भरी गर्मी से परेशान हुए लोग

संवाददाता, लखनऊ

▸▸ शाम को आलमबाग में हुई तेज बारिश, आज भी कुछ क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना

अमृत विचार: राजधानी में धूप और उमस भरी गर्मी से शुक्रवार को जहां लोग दिन भर परेशान रहे। शाम को आलमबाग में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक शहर में अधिकतम तापमान 37.3 और न्यूनतम तापमान 28.9 डिग्री रहा।

मौसम के विभाग के मुताबिक शनिवार को भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। दिन में धूप के साथ उमस भरी गर्मी भी होगी।

सड़क पर जलभराव परेशान हुए राहगीर

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के कुछ इलाकों में बारिश से जलभराव हो गया। निकासी न होने के कारण लोग परेशान हुए। आधा घंटा हुई बारिश से आवागम बाधित हो गया और नगर निगम के इंतजामों की पोल खुल गई। शुक्रवार देर शाम शहर के कुछ क्षेत्रों में बारिश हुई। करीब आधा घंटा हुई तेज बारिश से आलमबाग में जगह-जगह जलभराव हो गया। सड़कें जलमग्न होने से दुकानों और घरों में पानी भर गया। निकासी न होने के कारण सड़कों पर घंटों पानी भरा रहा। दुकानदारों ने बाल्टी से पानी निकाला। जलभराव से आवागम बाधित रहा। वहीं, कीचड़ व फिसलन से लोग परेशान हुए। जल निकासी की पर्याप्त इंतजाम न होने कारण नलियां जाम रहीं। इस वजह से निकासी नहीं हो सकी। वाहन चालकों को परेशानी हुई तो पैदल निकलना भी मुश्किल रहा। करीब आधा घंटा बारिश में यह हाल रहा। जबकि नगर निगम ने नाला-नालियों की साफ-सफाई का दावा किया था।

राजधानी में चलेंगी डबल डेकर बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नगरीय परिवहन निदेशालय ने दिया सिटी ट्रांसपोर्ट को रूट सर्वे करने का निर्देश

अमृत विचार: मुंबई की तरह लखनऊ में डबल डेकर सिटी बसें चलेंगी। नगरीय परिवहन निदेशालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट को ऐसे रूट का सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां से ये बसे आसानी से आ-जा सकें।

अधिकारियों के मुताबिक, सर्व के बाद रूट और किराया तय किया जाएगा। रिपोर्ट 25 जुलाई तक नगरीय परिवहन निदेशालय को सौंपी जाएगी। उम्मीद है कि 15 अगस्त तक डबल डेकर बस लखनऊ की सड़कों पर निदेशालय को सौंपे प्रस्ताव लिखा है कि बस का ट्रायल कर शासन रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहां से मंजूरी मिलने के बाद डबल डेकर बस का संचालन शुरू हो जाएगा। कंपनी की ओर से सोशल कारपोरेट रेस्पॉसिविलिटी सीएसआर के तहत दो बसें दी जाएगी। ये बसें इलेक्ट्रिक व्हीकल होंगी। चार्जिंग के प्वाइंट बनाने के लिए मंथन हो रहा है। डबल डेकर बस चलाने की शुरुआत कमता से स्कूटर इंडिया के बीच की जाएगी। शहीद पथ के रास्ते ये बस 30 किलोमीटर की दूरी एक तय करेगी।

फंदे से लटका मिला महिला का शव

अमृत विचार, लखनऊ: नरोसा निवासी गायत्री (22) पत्नी प्रेम कुमार ने गुरुवार देर रात पंखे से साड़ी से फंदा लगा लिया। पति की सूचना पर पहुंची पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया परिजन घटना का कारण पता होने से मना कर रहे हैं। बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पता चलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

पत्रांक : 1209/2ए0/ई–टेण्डर/2024–25 दिनांक : 12.07.2024

अल्प कालीन ई–निविदा

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग/प्रहरी पोर्टल के माध्यम से जनपद बलरामपुर के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Balrampur	विकास खण्ड तुलसीपुर में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
2	Balrampur	विकास खण्ड तुलसीपुर में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
3	Balrampur	विकास खण्ड तुलसीपुर में अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह
4	Balrampur	विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
5	Balrampur	विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
6	Balrampur	विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह
7	Balrampur	विकास खण्ड गैंसड़ी में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
8	Balrampur	विकास खण्ड गैंसड़ी में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
9	Balrampur	विकास खण्ड गैंसड़ी में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह
10	Balrampur	विकास खण्ड पचपेड़वा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–1)	15.00	1.50	944.00	08 माह
11	Balrampur	विकास खण्ड पचपेड़वा में ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य (भाग–2)	15.00	1.50	944.00	08 माह
12	Balrampur	विकास खण्ड पचपेड़वा में अन्य जिला मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	08 माह

2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि :– दिनांक 22–07–2024 से पूर्व।

3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाईन दिनांक 22–07–2024 से 05–08–2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब–साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन–लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 05–08–2024 दोपहर 03.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट–1 दिनांक 05–08–2024 अपराह्न 04.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176 (सा0)/06 दिनांक 25–08–2020 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(ड) पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 05.08.2024 के दोपहर 03.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

UP – 217447 दिनांक : 16/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(इं0 भानु प्रताप यादव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
पता : लाल कुआँ, मेन रोड (हुसैन गंज) लखनऊ
हर बुधवार सीतापुर में रोडवेज बस अड्डा के पास

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	56245639	Main Compressor (Oil Lubricated) with onboard mounting accessories along with motor (wound with corona resistance wire) capacity 1745 LPM to Specification:- (1) RDSO/2018/EL/SPEC/0137 REV 0 (2) SPEC/E-10/3/09 (Motore) with Amendment Nos. 01,02,03,04, 05 & 06.	06 Nos	16.08.2024

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी। निविदा नोटिस सं0 : ईपीएस/56/2024 ईमेल पता : dycmmcb15@gmail.com 2200/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

लालजी सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोथरा कला – सुल्तानपुर
(सम्बद्ध : – डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या उ. प्र.)
आवश्यकता है
प्रवक्ता (परास्नातक) – गृह विज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र – प्रत्येक विषय – दो पद
प्रवक्ता (स्नातक) –भूगोल ,राजनीतिशास्त्र प्रत्येक विषय – दो पद
विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर महाविद्यालय कार्यालय से सम्पर्क करें
वेतन व योग्यता– विश्वविद्यालय परिनियमावली व शासनादेश के अनुसार
प्रबंधक 8299490003, 8299448592

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैं **रामऔतार कश्यप पुत्र स्वर्गीय पतराखन, निवासी–12/648 कंचन नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव।** मैं अपने पुत्र सचिन कश्यप जो अपनी पत्नी प्रियंका के साथ परिवार से अलग रहते हैं। इनके अनैतिक कार्यो से मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। बेटे द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी उसकी स्वयं होगी। आज से मेरा बेटे से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

सूचना
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ANUJ KUMAR AGRAWAL S/O GOPI CHAND AGARWAL था। जो कि आज दिनांक 19–07–2024 से मैने अपना नाम बदलकर ANUJ AGARWAL S/O GOPI CHANDRA AGARWAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
–अनुज अग्रवाल पुत्र गोपी चन्द्रा अग्रवाल, निवासी– मोहल्ला गुलाम अलीपुरा थाना– दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच उ0प्र0

सूचना
सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2021 रोल नंबर 217186732 वास्तव में खो गया है। आशीष मिश्रा पुत्र देवी प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम नकपुरवा जनपद श्रावस्ती।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कही खो गया है।
– रूचि शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी– ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर

सूचना
मैं संदीप कुमार तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी निवासी ग्राम भगोहर थाना वजीरगंज जनपद गोंडा यूपी। मेरा बी.टी.सी. द्वितीय वर्ष का चतुर्थ सेमेस्टर अनुक्रमांक 49460007 का अंक पत्र कहीं खो गया है।

आवश्यकता है
श्री नारायण सिंह महाविद्यालय
ककरघटा, शाहाबाद, जिला– हरदोई
(सम्बद्धता – लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
बी.बी.ए. / बी.सी.ए पाठ्यक्रम
सहा. आचार्य (बी.बी.ए.) 03 पद
सहा. आचार्य (बी.सी.ए.) 03 पद
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान– राज्य सरकार / यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित प्रतियो, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।
प्रबंधक –9415564041

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **शालिनी पुत्री लाखन राजपूत, निवासी– ग्राम श्यामपुर पंजा, थाना हरपालपुर जनपद हरदोई** उम्र लगभग 16 वर्ष दिनांक 13 अप्रैल 2024 की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं उक्त संबंध में थाना हरपालपुर जनपद हरदोई पर प्राथमिकी संख्या 151/2024 धारा 363 366 आईपीसी पंजीकृत है। जिस किसी को उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी हो तो **थाना प्रभारी हरपालपुर मोबाइल नंबर 9454403555 व विवेचना अधिकारी उ.नि. माबूद रजा के मोबाइल नम्बर 7897363214** पर सूचित करने का कष्ट करें।

10th Death Anniversary
In our memories, we remember you and Pray the Almighty for peace of your soul.
Balbiri Devi (20.07.2014)
All Pioneer Montessori Schools Family & Relatives
Brajendra Singh Mobile No. : 9415005935

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः– न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

बिना जांच स्कूलों पर नहीं दर्ज होगी एफआईआर

डीजीपी ने जारी किया आदेश, अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी सहित प्रदेश भर में निजी स्कूलों के खिलाफ यदि कोई शिकायत अभिभावक की ओर से पुलिस से की जाती है तो बिना जांच के एफआईआर अब नहीं दर्ज की जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार के इस आशय के आदेश का अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने स्वागत किया है और मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने शुक्रवार को प्रेस कन्फ्रेंस में बताया कि बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर निजी स्कूल प्रबंधकों के उत्पीड़न का मामला उठाया गया था। इसमें 8 अगस्त 2023 को आजमगढ़ में निजी स्कूल प्रबंधक के खिलाफ बिना जांच के दर्ज एफआईआर का जिक्र किया गया था। पुलिस पर आरोप था कि बिना जांच कर एफआईआर दर्ज करते हुए स्कूल प्रबंधक को बदनाम किया गया।

क्राइस्ट चर्च कॉलेज में प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल।

निशुल्क प्रवेश से कोई दिक्कत नहीं

अनिल अग्रवाल ने बताया आरटीई के तहत प्रवेश न लेने के नाम पर स्कूलों को बदनाम किया जाता है। हमारी ऐसी कोई मंशा नहीं है कि गरीब बच्चों को प्रवेश न मिले हम चाहते हैं वह भी मुख्य धारा में आये लेकिन इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि जो फीस 2011 में निर्धारित थी वही फीस आज दी जाती है। जबकि अब महंगाई काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों को गरीब बच्चों की चिंता है लेकिन कानून की बाध्यता विभाग और निजी स्कूलों के लिए बराबर है। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट में 31 जुलाई को कंटेम्प की डेट है। शिक्षा विभाग द्वारा शुल्क प्रतिपूर्ति न होने पर हाई कोर्ट में सुनवाई है। उम्मीद है कि एक महीने के भीतर विभाग के खिलाफ कोई बड़ा निर्णय आ सकता है।

आय प्रमाण पत्र की वैधता की जांच जरूरी : अनिल अग्रवाल ने बताया कि आय प्रमाण पत्र की वैधता 3 वर्ष की होती है। उसके बाद पुनः जांच कराई जानी चाहिए। उसके बाद हिंदी मीडियम फिल्म की तरह प्रवेश के लिए बच्चे के अभिभावकों को घर बदलते भी देखा गया है। निजी स्कूलों का कहना है कि जो लोग जिस इलाके या वार्ड में रह रहे हैं, उन्हें वहीं पर एडमिशन देना चाहिए।

प्रोफेसर एनपी वर्मा बने इकोनॉमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनएमपी वर्मा को तीन वर्षों के लिये उत्तर प्रदेश- उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। विश्वविद्यालय में आयोजित उत्तर प्रदेश उत्तराखंड इकोनॉमिक ऐसोसिएशन की 19वीं राष्ट्रीय वार्षिक संगोष्ठी के दौरान गठित जनरल बॉडी मीटिंग में हुयी निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद प्रो एनएमपी. वर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई।

लखनऊ विश्वविद्यालय : परास्नातक के 42 विषयों की प्रवेश परीक्षा 25 से 31 तक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी प्रवेश परीक्षा का शुक्रवार को शेड्यूल जारी कर दिया। 7 दिनों में 42 विषयों की प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। जो 25 से शुरू होकर 31 तक चलेगी। रोजाना 2 पाली में परीक्षा होगी। शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने बताया कि परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां कर ली गई हैं। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आयोजित होगी। सभी छात्रों को प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा।

25 जुलाई को पहली पाली में एंथ्रोपोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, होम साइंस, कंप्यूटर साइंस, बीपीएड और पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में आर्कियोलॉजी, अप्लाइड जियोलॉजी, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस, एजुकेशन, बायोकेमेस्ट्री, पब्लिक हेल्थ विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

ये है परीक्षा का समय

- पहली पाली 10.30 से 12 तक
- दूसरी पाली 3 से 4.30

26 जुलाई को इंग्लिश, माइक्रोबायोलॉजी, मैथमेटिक्स विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होगी। वहीं दूसरी पाली में फॉरेंसिक साइंस, एमपीएड, पॉलिटिकल साइंस विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होगी।

27 जुलाई को बॉटनी, इकोनॉमिक्स प्रवेश परीक्षा पहली पाली में होगी। जबकि दूसरी पाली में केमिस्ट्री, स्टैटिक्स, मिडिवल-मॉडर्न हिस्ट्री में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित होगी। 28 जुलाई को पहली पाली में एलएलबी और दूसरी पाली में एमबीए और एमटीटीएम विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

29 जुलाई को पहली पाली में भूगोल व एलएलएम विषयों में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में हॉस्पिटल एडिमिनिस्ट्रेशन, सोशियोलॉजी, जूलॉजी विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। वहीं 30 को पहली पाली में हिंदी, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, फिजिक्स और दूसरी पाली में जियोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग-फूड टेक्नोलॉजी, साइकोलॉजी विषय की परीक्षा होगी। 31 जुलाई को पहली पाली में एप्लाइड इकोनॉमिक्स, जर्नलिज्म एंड मैस कम्युनिकेशन की परीक्षा होगी। इसके अलावा एमएड, एमवीए/एमएफए की 10.30 से 1.30 तक प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। जबकि दूसरी पाली में सोशल वर्क, कॉमर्स विषय में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी।

भाषा विवि में प्रवेश के लिए अभी और मौका

अमृत विचार, लखनऊ : ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अलग-अलग विषयों में बची हुई सीटों पर पुनः आवेदन प्रक्रिया सत्र 2024-25 के लिए शुरू कर दी गई है। आवेदन और एडमिशन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रही है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि 22 जुलाई तक बीच अलग-अलग विषयों में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। जिसमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ विश्वविद्यालय में स्थापित एडमिशन केंद्र से और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आंतरिक अंकों को 31 तक करना होगा अपलोड

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट परीक्षाएं 18 से 22 जुलाई तक चल रही हैं। उक्त सेमेस्टर परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं के आतंरिक अंकों को अपलोड करने के लिए ईआरपी पोर्टल को 31 जुलाई तक के लिए खोल दिया गया है। आंतरिक अंकों को अपलोड करते हुए उसकी हार्ड कॉपी पांच अगस्त तक परीक्षा विभाग में जमा करना होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव रहे डॉ विनोद कुमार सिंह को विदाई देते हुए विश्वविद्यालय के अधिकारी। अमृत विचार

कुलसचिव को दी गई विदाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति सहित सभी शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी रहे शामिल

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह का शुक्रवार को विदाई का समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति कार्यालय के मंथन हाल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय सहित सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

इससे पहले डॉ. विनोद कुमार सिंह का स्थानांतरण हो गया था। इसके बाद उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि कुलसचिव डा. विनोद सिंह बेहद कर्मठ और पूर्ण मनोयोग से काम करने वाले व्यक्ति हैं। हमें आशा है कि डा. विनोद सिंह आगे भी ऐसा ही कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, पूर्व प्रति कुलपति प्रो. अरविन्द अवस्थी, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा, समन्वयक प्रवेश प्रो पंकज माथुर, अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. केया पांडेय, लूटा महामंत्री डॉ अनित्य गौरव और शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

युवाओं के रोजगार मेले का आयोजन 22 को

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज में 22 जुलाई को रोजगार दिवस का आयोजन किया जायेगा। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया है कि 22 होने वाले इस रोजगार के मेले में आठ कंपनियां शामिल हो रही हैं। अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक होनी चाहिए। उम्मीदवारों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। कंपनियां 10,714 से 22,000 रुपये प्रति माह के वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी प्रदान करेंगी। मेले में महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। कुल 857 पदों पर चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे अपने बायोडाटा और सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के प्लेसमेंट हॉल में उपस्थित हो सकते हैं।

एकेटीयू में एक पौधा मां के नाम अभियान 20 को

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत परिसर में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में पौधरोपण किया जाएगा। परिसर में इस अभियान के लिए शुक्रवार को तैयारियां जोरों पर रहीं। अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधों को रोपा जाएगा। जिससे कि परिसर को पूर्णत: हरियाली युक्त बनाया जा सके।

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में एनसीसी ग्रुप विश्वविद्यालय के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय एक कैडेट एक पेड़ पहल था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने अभियान शुरुआत की।

एनसीसी ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा के नेतृत्व व 64 यूपी बटालियन एनसीसी के कुशल समन्वयन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति, चीफ प्रॉक्टर, डीन एकेडामिक, कार्य अधीक्षक, द्वितीय परिसर के निदेशक, व अन्य शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इसमें मुख्य रूप से 64 यूपी बटालियन, 63 यूपी बीएन, 3 यूपी नेवेल, 5 यूपी एयर और 20 गर्ल्स बीएन के लगभग 250 कैडेट्स ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारीयों व सभी जेसीओ, एनसीओ उपस्थित रहे। साथ ही साथ विश्वविद्यालय के सभी एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेट कमांडर (प्रो) डी के सिंह, मेजर (डॉ) किरन लता डंगवाल, डॉ रजनीश कुमार यादव व ग्राउंड एंड गार्डेन के डायरेक्टर व उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान सभी ने वीरक्षारोपण कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी।

पौधरोपण अभियान की शुरुआत करते लविवि कुलपति व एनसीसी के अधिकारी। अमृत विचार

- 64 यूपी बटालियन, 63 यूपी बीएन, 3 यूपी नेवेल, 5 यूपी एयर और 20 गर्ल्स बीएन के 250 कैडेट्स अभियान में शामिल

एक नजर

सीढ़ी से गिरकर हुई संविदा कर्मी की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट के छप्पन भोग चौराहे पावर हाउस पर तैनात संविदा कर्मी मोहम्मद हमजा की शुक्रवार को फॉल्ट ठीक करने के दौरान सीढी से गिरने से मौत हो गई। बहराइच निवासी मोहम्मद हमजा आज सुबह अपने साथी सुरेंद्र बहादुर के साथ मखनिया मोहाल मे फाल्ट को ठीक करने के दौरान सीढ़ी से गिर गए। उनको सिविल हास्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। परिवार ने बिजली विभाग पर लापरवाही और मानको के अनुरूप काम न कराने का आरोप लगाते हुए मुआवजा की मांग की है।

करंट से झुलसे मजदूर की अस्पताल में मौत

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना क्षेत्र में सबमर्सिबल पर नहाते समय करंट से मजदूर की मौत होने का मामला सामने आया है। मूलत: सीतापुर के तंबौर निवासी मुन्ना (40) एक माह से औरंगाबाद स्थित कॉलोनी में पत्नी सुनीता के साथ रहकर मजदूरी कर रहा था। पत्नी ने बताया गुरुवार शाम पति समरसेबल के पास नहा रहा था। तभी पैर जमीन पर पड़े नंगे तार से छूने से करंट की चपेट में आकर झुलस गया। पत्नी के शोर मचाने पर साथी मजदूरों ने किसी तरह उसे करंट की चपेट से अलग कर अस्पताल पहुंचाया। जहां मौत हो गई।

चार पुलिस टीमों ने 12 वारंटियों को गिरफ्तार किया

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी पुलिस की चार टीमों ने शुक्रवार को 12 वारंटी अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया है। इनमें सजीवन लाल निवासी मौलवी खेड़ा, राजेन्द्र, राजेश निवासी कुशमौरा, रामजीवन निवासी लाल नागर खेड़ा, रंजीत उर्फ काका निवासी जेहटा, प्रमोद निवासी पतौरा, बिट्टन निवासी मौलवी खेड़ा, सुशीला निवासी डूडा कॉलोनी, अवधेश कुमार निवासी खानपुरमऊ, होरीलाल निवासी मौलवी खेड़ा, अर्जुन निवासी इब्राहिमगंज, होरीलाला निवासी ग्राम मौलवी खेड़ा शामिल हैं।

करिणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष को धमकी, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : श्रीराजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह को उनके मोबाइल फोन पर गुरुवार को अज्ञात ने धमकी दी थी। मामले में अध्यक्ष के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया के रात करीब 9 बजे कॉल करने वाले ने धमकी देते राजनीति नहीं छोड़ने पर परिणाम भुगतनने की बात कही थी। पुलिस आरोपी की पहचान का प्रयास कर रही है।

खुलेआम घूम रहे आरोपी कार्रवाई की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट क्षेत्र में कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जय कृष्ण अवस्थी पर कमता चौकी के पास हमले में गंभीर चोटें आईं थी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। मामले में परिषद के प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेन्द्र विक्रम सिंह ने पुलिस आयुक्त से फोन पर बात कर घटना में शामिल आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कहां गया छापे में मिला 3,300 लीटर डीजल-पेट्रोल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरोजनी नगर थाना क्षेत्र एक गोदाम में बीते बुधवार को आबकारी और पूर्ति विभाग ने छापा मारा। यहां अवैध रूप से एकत्रित करीब 3,300 लीटर डीजल और पेट्रोल बरामद किया गया। इसके अलावा 1450 लीटर इथेनॉल बरामद किया गया। इथेनॉल तो एफआईआर में नजर आया लेकिन 3,300 लीटर डीजल-पेट्रोल उड़ गया।

▸▸ एफआईआर में इथेनॉल तो दर्ज पर डीजल-पेट्रोल का जिक्र नहीं

दिलचस्प यह है कि आबकारी विभाग ने तो प्राथमिकी दर्ज करा दी लेकिन पूर्ति विभाग अभी तक तहरीर नहीं दे पाया है। उधर, प्रभारी निरीक्षक का साफ कहना है कि जो इथेनॉल मिला वह पूरा है। पूर्ति विभाग जिस डीजल-पेट्रोल की बात कर रहा है वह उसे नहीं मिला है। इस मसले पर विभाग ने सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

बोले जिम्मेदार

"पूर्ति विभाग ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है और न ही उसे डीजल-पेट्रोल मिला है। मामले को तीन दिन बीत गए हैं। पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है। -शैलेंद्र गिरी, थाना प्रभारी, सरोजनीनगर

"छापे के दौरान 1450 लीटर इथेनॉल और 3300 लीटर डीजल पेट्रोल मिला। एफआईआर दर्ज करा दी गई। डीजल-पेट्रोल की जानकारी पूर्ति विभाग की तहरीर में होना चाहिए। **-राकेश कुमार सिंह,** जिला आबकारी अधिकारी

"जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद डीजल पेट्रोल के मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। आबकारी विभाग की सूचना में डीजल-पेट्रोल व इथेनॉल की बरामदगी दर्शाई गई है। **-विजय प्रताप सिंह,** डीएसओ

तहरीर का इंतजार

मामला प्रकाश में आया तो अब जिम्मेदार एक दूसरे पर पल्ला झाड़ते हुए आपूर्ति विभाग की तहरीर का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि तहरीर मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

मालगाड़ी में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बीकेटी रेलवे स्टेशन के निकट मालगाड़ी में शुक्रवार दोपहर आग लगने की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

बीते गुरुवार चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटना के मामले में रेलवे के अधिकारी जांच में जुटे हैं वहीं दोपहर करीब 3 बजे हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय के कंट्रोल रूम में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। बीकेटी रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के किसी बैगन के एक्सेल में आग लग गई। मौके पर आरपीएफ को सूचना दी गई। इसके बाद फायर स्टेशन बीकेटी को सूचित किया गया। फायर स्टेशन बीकेटी से गाड़ी संख्या यूपी 41 जी 3705 यूनिट घटनास्थल पहुंची। वहां देखा गया कि आग मालगाड़ी के बैगन के नीचे शाकर में लगी थी। जिसे रेलवे के कर्मचारियों ने फायर एक्सटिंग्विशर से बुझा दिया।

माता-पिता के सामने सेल्फी लेने में डूबी नर्सिंग की छात्रा

नई स्कूटी खरीदने की खुशी में पहुंची थी इंदिरा नहर किनारे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नगराम क्षेत्र में माता-पिता की आंखों के सामने नहर किनारे सेल्फी लेने का प्रयास कर रही नर्सिंग की छात्रा पैर फिसलने से डूब गई। गोताखोरों ने निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नई स्कूटी खरीदने की खुशी में छात्रा माता-पिता के साथ रिश्तेदार को मिठाई खिलाने घर से निकली थी।

पुलिस के मुताबिक, अलीगंज स्थित त्रिवेणी नगर निवासी श्रुति पांडेय (19) एक निजी स्कूल से जीएमएम (नर्सिंग) का कोर्स कर रही थी। पिता धर्मेंद्र ने बेटी के लिए कुछ दिन पहले स्कूटी खरीदी थी।

▸▸ नगराम क्षेत्र में हादसा, अलीगंज के त्रिवेणी नगर निवासी थी

श्रुति पांडे (फाइल फोटो)

गुरुवार दोपहर श्रुति पिता धर्मेंद्र और मां रजनी के साथ स्कूटी से मौसी के घर नगराम स्थित करौरा मिठाई खिलाने जा रही थी। रास्ते में नगराम रोड पर इंदिरा नहर के किनारे पिता से कहकर गाड़ी रुकवाई। इसके बाद सेल्फी लेने के लिए नहर के किनारे जीने पर खड़ी हो गई। इसी दौरान पैर फिसल गया। इससे कि नहर में गिर गई। सामने हुई घटना देखकर माता-पिता मदद के लिये शोर मचाने लगे। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने

गोताखोरों की मदद से उसे निकाला। तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। आनन-फानन में इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इकलौती बेटी की मौत की खबर सुन मां-पिता बेहोश हो गए। दोनों सदमे में हैं। कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। मृतका के पिता खेती किसानी करते हैं। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

ट्राले के नीचे फंसा बाइक सवार, दो घंटे में निकाला शव

निगोहां में हादसा : टक्कर के बाद दुकान तोड़ते हुए घुसा ट्राला क्रेन से निकाला, लगा रहा जाम

निज संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार: निगोहां के भगवानपुर मोड़ पर कार को बचाने में अनियंत्रित हुए ट्राले ने बाइक सवार 38 वर्षीय श्याम प्रकाश यादव को रौंद दिया। इसके बाद ट्राला दूसरी बाइक को टक्कर मारते हुए टीन शेड की दुकान में घुस गया। पुलिस ने दो घंटे में क्रेन व जेसीपी की मदद से ट्राले को सड़क किनारे करते हुए शव को बाहर निकाला। इस दौरान ढाई घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने किसी तरह वाहनों की आवाजाही शुरू कराई।

थाना क्षेत्र के चंदीखेड़ा निवासी किसान भगौती प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र श्याम प्रकाश यादव (38) प्रॉपर्टी का काम करता था। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे बाइक से निगोहां से घर लौट रहा था। बाइक निगोहां कस्बा के भगवानपुर मोड़ के सामने किसी काम से खड़ा हुआ था। इसी दौरान लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे गिट्टी से लदा ट्रेलर हाईवे के कट से निकली कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर बाइक समेत श्याम प्रकाश को चपेट में ले लिया। इस दौरान वहीं पर खड़ी विशुनपुर निवासी अंशु यादव की बाइक भी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। अंशू बाल बाल बचा। जबकि ट्रेलर श्याम प्रकाश को रौंदते हुए नाला पटरी पर चढ़कर नदौली के बरगदिया खेड़ा निवासी कृष्ण पाल की टीन सेड की डीजे की दुकान तोड़ते हुये रुका। हादसे में श्याम प्रकाश की मौके पर मौत हो गई। श्याम प्रकाश के परिवार में पत्नी मोनिका और दो बेटे मयंक (8) व मानव (6) का रो- रोकर बुरा हाल है।

श्याम (फाइल फोटो)

ट्राले के पहिये और फुटपाथ के बीच फंसी बाइक।

दो पहियों के बीच में कुचला युवक, बाइक क्षतिग्रस्त

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और जेसीबी से ट्राला के नीचे दो पहियों के बीच दबे श्याम प्रकाश के शव को दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला। घटना की सूचना पर एसीपी मोहनलालगंज भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

हादसों में किसान और युवक की मौत

अमृत विचार , लखनऊ : राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसों में किसान और युवक की मौत हो गई। काकोरी के मलहा गांव निवासी पप्पू (38) बुधवार सुबह चाचा राजेश व चाची काजल को बाइक से लेकर मलिहाबाद के कसमंडी जा रहा था। रास्ते में शिवदासपुर के पास सामने से आये तेज रफ्तार बाइक सवार से भिड़ंत हो गई थी। हादसे में पप्पू व दंपति घायल गये थे। पप्पू को गंभीर चोटें आईं थी। उसे ट्रॉमा में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। उधर, गोसाईगंज क्षेत्र के इचवलिया निवासी किसान रामकुमार (55) 15 जुलाई को साइकिल से सामान खरीदने गंगाखेड़ा बाजार जा रहे थे। महरा कला सर्विस लेन पर ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गये। उन्हें ट्रॉमा में भर्ती कराया गया था। जहां मौत हो गई।

बाइक मैकेनिक और वेल्डिंग कारीगर निकले मोबाइल लुटेरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जानकीपुरम पुलिस ने पैदल चलने वाले राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बाइक मैकेनिक और वेल्डिंग कारीगर मोबाइल लुटेरे निकले। कब्जे से लूट के दो मोबाइल व बाइक बरामद की है। आरोपी बाइक की नंबर प्लेट हटाकर वारदात अंजाम देते थे।

एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे के मुताबिक, नौ जुलाई को क्षेत्र के गड़रियनपुर रोशनी पत्नी पंकज श्रीवास्तव से बाइक सवार बदमाश मोबाइल लूट कर भाग गये थे। मामला दर्ज कर पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश में लगाईं थी। घटना स्थल के आसपास के

▸▸ बाइक की नंबर प्लेट हटा करते थे लूट, जानकीपुरम पुलिस ने गिरफ्तार कर किया खुलासा

सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान की गई। गुरुवार रात भिठौली तिराहे के पास बीकेटी क्षेत्र के अचरामऊ निवासी बाइक मैकेनिक मो. आमिर और वेल्डिंग कारीगर फरमान को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने रोशनी से मोबाइल लूट का जुर्म कुबूल किया। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाशों के पास से मिली बाइक पर नम्बर प्लेट नहीं थी। आमिर ने बताया कि लूट से पहले वह लोग हटा देते हैं। इससे पकड़े जाने की आशंका कम हो जाती है। बदमाशों ने एक और महिला से लूट की बात कुबूल की।

वन अफसर के घर से सामान चुराया

अमृत विचार, पीजीआई: पीजीआई क्षेत्र में वन अधिकारी के बंद मकान से चोरों ने गहने व नगदी समेत लाखों पार कर दिये।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के जे/88 निवासी वन विभाग के मेरठ-मुरादाबाद परिक्षेत्र में तैनात वन अधिकारी रमेश चंद्र ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया परिवार मेरठ में रहता है। वे लखनऊ आते हैं तो मकान में रुकते हैं। मकान की देखभाल के लिये बबलू निवासी हरदोई को रखा है। गुरुवार बबलू ने फोन पर बताया खिड़की की ग्रिल टूटी है। चोरी की आशंका है। कहने पर वह अंदर पहुंचा तो कमरे में रखी अलमारी बक्से खुले मिले। रमेश ने बताया चोर पत्नी की अंगूठी, चेन व नगदी चोरी होने की जानकारी हुई। पुलिस ने चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया ।

युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाया, मांगे एक लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुड़म्बा क्षेत्र निवासी युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बना वायरल करने की धमकी देकर 20 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। दोबारा एक लाख रुपयों की मांग को लेकर ब्लैकमेल करने पर पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, क्षेत्र निवासी युवती ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया मोबाइल फोन से उसकी पहचान कौशांबी निवासी योगेंद्र सिंह उर्फ सचिन से हुई थी। दोस्ती होने पर योगेंद्र ने फोन कर मिलने के लिए टेढ़ी पुलिया स्थित एक होटल में बुला। जहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ

▸▸ गुड़म्बा थाने में पीड़िता ने कैशांबी निवासी आरोपी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

मिलाकर पिला दिया। बेसुध होने पर दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चुप करा दिया। फिर वीडियो डिलीट करने के बदले एक लाख रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी नहीं होने पर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी ने फोन कर युवती को कौशांबी आकर रुपये देने के लिए कहा था। युवती पहुंची तो दुष्कर्म कर 20 हजार रुपये छीन लिए और पिटाई कर भगा दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी पर दुष्कर्म, लूट, मारपीट और एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

बुजुर्ग ने पत्नी के सामने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

अमृत विचार, बीकेटी : कैंसर की बीमारी से पीड़ित बुजुर्ग ने पत्नी के सामने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। सीतापुर जिले के अटरिया थाना अंतर्गत जंगपुर गांव निवासी शीला के मुताबिक, पति गोकरन (55) को कैंसर था। पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पा रहीं थी। शुक्रवार को पत्नी के साथ मानपुर आये थे। हाइवे के किनारे बैठकर बातचीत कर रहे थे। शीला ने बताया कि शाम को वह अचानक उठे और हाईवे के पास ही पटरी पर आ रही ट्रेन के आगे लेट गए। जब तक वह कुछ समझ पातीं ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

आग से ट्रांसफार्मर के पास खड़े फल के दो ठेले जले

अमृत विचार, आलमबाग : आलमबाग क्षेत्र में आग से ट्रांसफार्मर के पास खड़े फल के दो ठेले जल गये। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो टैंकर पानी से आग पर काबू पाया। आलमबाग अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह के मुताबिक, फल दुकान मालिक चंद्र प्रकाश के फल का ठेला जलने से काफी नुकसान हो गया। उन्होंने ट्रांसफार्मर में शार्ट शर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। इसके अलावा दूसरा फल का ठेला होरी लाल का था। फिलहाल दुकानदारों ने अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने की आशंका जताई है। आग कैसे लगी, पता करने का प्रयास किया जा रहा है।

तीन छात्रों को युवकों ने पीटा

अमृत विचार, निगोहां : क्षेत्र में तीन छात्रों को रास्ते में रोककर पीटने का मामला सामने आया है। निगोहां निवासी सुजीत ने बताया कि गुरुवार को चचेरे भाई रौनक हरिवंश खेड़ा निवासी छात्र शिवा के साथ शेरपुर लवल गांव अपने एक साथी से मिलने जा रहे थे। बैरीसालपुर निवासी अजय धानुक, अजय रावत ने चार अन्य साथियों के साथ उन्हें रास्ते में रोक कर पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। ग्रामीणों ने मारपीट करने वाले युवकों को गुज्जर गैंग चलाने की बात कही है।

दिनदहाड़े बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र में दिन दहाड़े चोरों ने बाइक पार कर दी। मौरा खेड़ा निवासी सुभाष मौर्या ने बताया वह बुद्धेश्वर मंदिर गये थे। बाइक खड़ी कर मंदिर के अंदर गये। लौटे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को भेजा जेल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक, गोसाईगंज निवासी युवती ने 17 जुलाई को बिजनौर के परवर पश्चिम गांव में रहने वाले सुजीत कुमार गौतम के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। बताया था आरोपी शादी का झांसा देकर 4 साल से उसका शोषण कर रहा है। उधर, बंथरा इंस्पेक्टर हेमंत राघव ने बताया 20 वर्षीय युवती ने 17 जुलाई को भटगांव निवासी अंकुल रावत के खिलाफ जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

युवकों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र के हनुमान पुरी अमौसी रोड निवासी युवती ने दो युवकों पर मारपीट और अभद्र टिप्पणी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि गुरुवार रात वह ऑफिस से घर लौट रही थी। तभी गौरी- अमौसी रोड पर कार में बैठकर गाना सुन रहे धर्मेंद्र और सूर्य सिंह ने अभद्र टिप्पणी की। उसे रोकने की कोशिश की। विरोध करने पर पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अपहरण को कोशिश करने वालों की तलाश में 150 कैमरे खंगाले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मड़ियांव क्षेत्र के सुभाष चंद्र बोस इंटर कॉलेज से घर लौटते समय भाजपा नेता की बेटी के अपहरण का प्रयास करने वालों की तलाश में पुलिस ने 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। फिलहाल अभी आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। टीमें प्रयास कर रही हैं।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना स्थल के आसपास लगे सभी कैमरे खंगाले गए। उनमें से बाइक सवार संदिग्ध लगा, लेकिन चिन्हित नहीं

▸▸ उत्तरी जोन की क्राइम टीम और मड़ियांव पुलिस जांच में जुटी

हो सका। ऐसे में पिछले कई दिनों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

भाजपा नेता फैजुल्लागंज निवासी विमलेश कुमार ने बताया कि उनकी 10 वर्षीया बेटी शुभी 16 जुलाई को छुट्टी होने पर दोपहर करीब 1.40 बजे पैदल घर लौट रही थी। । इसी दौरान एक बाइक से पहुंचे दो नकाबपोश उसे रोक कर बोले, साथ चलो पापा बुला रहे हैं। बदमाशों ने पकड़ कर बाइक पर बिठाने का प्रयास किया तो छात्रा ने शोर मचा दिया। राहगीरों देखने पर नकाबपोश भाग निकले थे।

नकली खाद फैक्ट्री संचालक पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ: मोहनलालगंज कोतवाली में जिला कृषि अधिकारी ने नकली खाद फैक्टरी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, महेशखेड़ में राघव गुप्ता किराए पर गोदाम और दुकान लेकर खाद फैक्ट्री चला रहा था। जिला कृषि अधिकारी को एसडीएम मोहनलालगंज बृजेश कुमार वर्मा ने जांच के आदेश दिए थे। छापे में गोदाम से केमिकल मिली खाद बरामद हुई थी। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह के प्रार्थना-पत्र पर राघव गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

दामाद पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सैरपुर क्षेत्र में तीन दिन पहले नाले में मिला शव शुक्रवार को मोर्च्युरी पहुंचे चाचा ने भतीजी शिवानी का होने का दावा किया। उन्होंने दामाद पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने डीएनए टेस्ट से शव की पहचान होने की बात कही है। कहा कि इस संबंध में उन्हें कोई प्रार्थना-पत्र नहीं मिला।

सैरपुर क्षेत्र के हनुमान टेकरी मार्ग के किनारे मंगलवार को अज्ञात युवती का शव संदिग्ध हालात में मिला था। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव मोर्च्युरी में रखवाया था। शुक्रवार को बीकेटी थाना अंतर्गत नदी कोट नंदना

▸▸ सैरपुर क्षेत्र में तीन दिन पहले नाले में मिला था का शव

▸▸ बीकेटी निवासी चाचा ने की शिवानी के रूप में शिनाख्त

निवासी रंजीत ने शव भतीजी शिवानी (26) का होने का दावा किया। भतीजी के पति पर हत्या कर शव फेकने का आरोप लगाया है। रंजीत के मुताबिक, भतीजी की शादी बीकेटी के बीकापुर निवासी आनंद सिंह के साथ हुई थी। वह चालक है। पति से विवाद के चलते एक वर्ष पहले थाने में शिकायत कर मायके आकर रहने लगी थी। दो मई को भतीजी मायके से ससुराल में रखा आधार कार्ड लेने जाने की बात बोल कर निकली थी। इसके बाद से वह लापता थी। अज्ञात का शव मिलने की सूचना पर वह मोर्च्युरी पहुंचे। जहां हाथ में बंधे कलावा, छल्ला व अन्य कपड़ों से शिवानी की पहचान की। शव कई दिन पुराना होने से पूरी तरह सड़ गल चुका था। फिलहाल पुलिस ने 72 घंटे पूरे होने के चलते शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद अज्ञात में ही शव का अंतिम संस्कार करा दिया। पोस्टमार्टम हाउस के सूत्रों के अनुसार, युवती के गले में कपड़े का फंदा था, मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने से विसरा सुरक्षित किया गया है। उधर, युवती की शिनाख्त को लेकर इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार गुप्त ने बताया कि डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इसके बाद महिला की पहचान हो पाएगी। बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

बड़ा सवाल राजधानी में पिछले दो दिन में अवैध असलहे से हुईं दो आत्महत्याएं और दो हत्याएं

कहां से आए हत्या-आत्महत्या में इस्तेमाल हुए तमंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी में हत्या और आत्महत्या की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें अवैध असलहे से वारदात अंजाम दी गईं। इसके अलावा पुलिस भी अक्सर अवैध असलहों के साथ अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई करती रहती है। फिलहाल पुलिस अधिकतर मामलों में यह पता लगाना भूल जाती है कि यह अवैध असलहे कहां से और किसके पास से खरीदे या लिये गए।

पिछले कुछ दिनों में मड़ियांव, सैरपुर और इंदिरानगर थाना क्षेत्र में अवैध असलहों से संबंधित वारदात हुई हैं। पुलिस ने खुलासा तो कर दिया, लेकिन अवैध असलहे की सप्लाई करने वालों के नाम सामने नहीं आए। पुलिस आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी और अवैध असलहा बरामदगी भी दिखाती है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त, क्राइम व अपराध आकाश कुलहरि का कहना है कि अवैध असलहा बनाने वालों की धर पकड़ के लिये क्राइम टीम काम कर रही है। इस तरह की सप्लाई की सूचना पुलिस के पास नहीं है।

हरदोई और बीकेटी से हो रही सप्लाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार राजधानी में अवैध असलहों की सप्लाई सबसे ज्यादा मांग बीकेटी और हरदोई जनपद से हो रही है। विभिन्न साधनों से सड़क मार्ग से सप्लायर तक असलहा पहुंचाये जाते हैं। इसके बाद मांग करने वाले तक आसानी से पहुंचा दिए जाते हैं।

4 से 20 हजार तक में मिल जाता है तमंचा

इंदिरानगर क्षेत्र में मामा-मामी की असलहे से हत्या करने वाले आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि एक युवक से आठ हजार रुपये में खरीदा था। सूत्र बताते हैं कि असलहे चार से 20 हजार रुपये तक में मिल जाते हैं।

अवैध असलहों से मौतों के मामले

- जुलाई में सैरपुर क्षेत्र के होटल में प्रेमिका की प्रताड़ना से तंग ज्वैलर्स मनोज सोनी ने गोली मारी।
- जुलाई में मड़ियांव के मधुबन विहार कॉलोनी में ठेकेदार शिशिर मिश्र ने अवैध असलहे से खुद को गोली मारी।
- जनवरी में दुबग्गा के आश्रय कॉलोनी में सुनील नामक एक युवक ने अवैध असलहे से खुद को गोली मारी।
- पिछले वर्ष सितंबर में बीबीडी थाना क्षेत्र में बीकॉम की छात्रा की युवक ने अवैध असलहा से गोली मारकर हत्या कर दी थी।
- नवंबर में कृष्णानगर में पीएसी इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह की अवैध पिस्टल से हत्या की गई थी।

संदिग्ध हालात में मिला सेवानिवृत्त शिक्षक का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सुशांत गोल्फ सिटी के उतरेटिया स्टेशन पर सेवानिवृत्त शिक्षक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला। सिर समेत शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान हैं। बेटे ने जमीन कब्जा करने वाले भू-माफिया पर पिता की हत्या करने की आशंका जताई है। फिलहाल रेलवे पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के अवध बिहार के घुसवल कला गांव निवासी राजाराम बाजपेई (69) सेवानिवृत्त शिक्षक थे। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे वह जालंधर जाने के लिए घर से निकले थे। करीब 10 बजे उनका शव उतरेटिया

▸▸ बेटे ने जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया पर हत्या करने की जताई आशंका

▸▸ जालंधर जा रहे थे सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में उतरेठिया स्टेशन पर मिला शव

स्टेशन पर पड़ा मिला। सिर के पीछे व नाक पर चोट के निशान व खून निकल रहा था। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंची। तलाशी में मिले आधार कार्ड व मोबाइल से बुजुर्ग की शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। बेटे अवध विहारी ने बताया कि पिता ने उन्नाव के शुक्लागंज में जमीन खरीदी थी। जिस पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है। इससे वह परेशान रहते थे। जमीन के चक्कर में भागदौड़ करनी पड़ती थी। सुबह जालंधर शिवजी के दर्शन करने की बात कहकर निकले थे। उसने जमीन के लालच में भूमाफियाओं पर पिता की हत्या करने की आशंका जताई है। आरोप है कि भूमाफिया प्लाट पर जाने पर हत्या की धमकी दिये थे। इंस्पेक्टर कैंट गुरुप्रीत कौर ने बताया अभी परिजन ने कोई प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

घर से लापता युवक का नाले में मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ/ निगोहां : नगराम क्षेत्र में शुक्रवार सुबह मानसिक बीमार युवक का शव तालाब में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस से परिजन ने डूबने से मौत होने की आशंका जताई। उन्होंने आरोप से इनकार किया है। थाना अंतर्गत पजेवा समेसी निवासी अंकित (22) मानसिक बीमार था। परिजन उसका इलाज करा रहे थे, लेकिन हालत में सुधार नहीं हो रहा था। पिता राम किशोर के मुताबिक, गुरुवार शाम से वह घर से लापता था। काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिला। शुक्रवार सुबह पजावा मार्ग पर नाले की तरफ पहुंचे ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देख परिजन को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। अंकित के परिवार में मां संतोष कुमार, छोटा भाई अंकुल व बहन शिवांशी है।

एक नजर

लखनऊ टेबल टेनिस टीम के गठन को ट्रायल 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश स्तरीय समन्वय टेबल टेनिस जूनियर (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता मथुरा स्थित संस्कृत विश्वविद्यालय में 2 से 4 अगस्त तक आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल 23 को गोमती नगर स्थित विजयंत खंड स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। जिला और मंडल स्तरीय ट्रायल में शामिल होने वाले बालक-बालिकाओं की आयु 17 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने शुक्रवार को दी।

मुख्य अभियंता ने की अधिकारियों के साथ बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : सिस मुख्य अभियंता ने शुक्रवार को उपकेंद्र अधिकारियों के साथ हुई बैठक में गलत बिलों के समायोजन के निर्देश दिए। साथ ही निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कर्मचारियों को भी क्षेत्र में पेट्रोलिंग के आदेश दिए। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि बैठक मे अधिशासी अभियंता और उपकेंद्र अधिकारियों को उपभोक्ताओं से जुड़ी समस्याओं को निपटाने मे तेजी से काम करने की सलाह दी। इसके अलावा प्रीपेड मीटरो के स्टॉक, बकाये बिलों की वसूली और ट्रांसफार्मर के निगरानी के लिए निर्देशित किया है।

आशा वर्कर्स यूनियन ने दिया 12 सूत्री ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर शुक्रवार को जिला अध्यक्ष कमला गौतम और जिला सचिव मीरा प्रजापति के नेतृत्व में नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएमओ डॉ .केडी मिश्रा को मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्री ज्ञापन सौंपा। कमला ने कहा कि आशा वर्कर्स लम्बे समय से समस्याओं को लेकर आवाज उठा रही हैं, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। लगातार काम का बोझ डाला जा रहा है, लेकिन प्रोत्साहन राशि तक का भुगतान नहीं हो रहा है।श्रम के सापेक्ष मानदेय की दरों में वृद्धि नहीं की जा रही है। मीरा ने कहा कि भविष्य निधि, ग्रेज्युटी समेत किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा यहां तक कि साप्ताहिक व मातृत्व अवकाश नहीं दिया जाता है। कहा समस्या का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन के लिए बाध्य होंगी।

आशी को मिली दोहरी स्वर्णिम सफलता

(अंडर-16, बालक और बालिका) आइटा चैंपियनशिप सीरीज-7

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आइटा चैंपियनशिप सीरीज-7 (अंडर-16, बालक और बालिका) में उत्तर प्रदेश की आशी शमशेरी ने दोहरी स्वर्णिम सफलता दर्ज की। ला माटीर्नियर ब्वॉयज स्कूल स्थित एसडीएस टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में शुक्रवार को आशी ने एकल और युगल दोनों ही मुकाबलों में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की।

शुक्रवार को चैंपियनिशप के बालक वर्ग के फाइनल में बिहार के सत्यम प्रकाश यूपी के अनुरुद्ध कुमार को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-2 से शिकस्त दी और चैंपियन बने। पहले और दूसरे गेम में तो दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार संघर्ष हुआ।लेकिन अंतिम सेट में अपने दमदार खेल के दम पर सत्यम ने अनुरुद्ध को आसानी से हरा दिया। बालिका एकल वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश की आशी ने अपने ही प्रदेश की नीति दुबे को आसान मुकाबले में 6-1, 6-3 से हरा कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। युगल के फाइनल में आशी और आयरा की जोड़ी ने नीति और पलक की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 6-2, 5-7, 10-5 से हरा कर खिताबी जीत दर्ज की।

बांए से पलक मालवीय, नीति दुबे, आशी शमशेरी और सानिध्य धर द्विवेदी। अमृत विचार

▸▸ **बालक वर्ग के एकल में बिहार के सत्यम प्रकाश बने विजेता**

बालक युगल वर्ग के फाइनल में सानिध्य धर द्विवेदी और वंशराज की जोड़ी ने अनुरुद्ध और यश की जोड़ी को 6-4, 6-4 से हरा कर खिताबी जीत दर्ज की। विजेताओं को उत्तर प्रदेश टेनिस संघ के सचिव पुनीत अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर एसडीएस टेनिस अकादमी के संस्थापक पवन सागर, दीपक पाठक भी मौजूद रहे।

बैंक अधिकारियों ने मनाया 55वां राष्ट्रीयकरण दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : आल इंडिया बैंक आफिसर्स कांफेडरेशन के तत्वावधान में सार्वजनिक बैंकों के सैकड़ों अधिकारियों ने 55वें बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेने वाली तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को धन्यवाद दिया गया। यूनियन बैंक आफ इंडिया के गोमतीनगर मुख्यालय पर राष्ट्रीय संरक्षक रामनाथ शुक्ला ने कहा कि सार्वजनिक बैंकों ने कृषि के आधुनिकीकरण से लेकर उद्यमों के विकास में सर्वाधिक योगदान किया है और आज भी भारत की संपूर्ण अर्थव्यवस्था का आधार भारत की सार्वजनिक बैंकिंग प्रणाली ही बनी हुई है।

अली जेहरा ने तैराकी में जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सिटी मांटेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की कक्षा-11 की छात्रा अली जेहरा ने लखनऊ जिला सब जूनिरय और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस चैम्पियनशिप में अली जेहरा ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ एमेच्योर एक्वाटिक एसोसिएशन की देखरेख में स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया, कानपुर रोड के तरणताल पर किया गया। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने अली जेहरा को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी सीएमएस के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी।

उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा संख्या– 27–टेण्डर/उपमुइंजी/नि0/वाराणसी दिनांकः 08.07.2024 के सम्बन्ध में प्रथम शुद्धिपत्र

निविदा संख्या–27–टेंडर/उप मु इंजी/नि0./वाराणसी दिनांक 08.07.2024 जोकि समाचार पत्र में दिनांक 10.07.2024 को छपी थी, उसे प्रशासनिक आधार पर निरस्त किया जाता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2190/24

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना

श्री प्रणजीव सक्सेना, रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल, लखनऊ, नागरिक एवं विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, दिनांक 21.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से मण्डल रेल प्रबंधक, कार्यालय (डी.आर.एम. मीटिंग हाल), अशोक मार्ग, लखनऊ में गाड़ी सं. 15904 डा0 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का मोतीगंज-झिलाही रेलवे खण्ड पर दिनांक 18.07.2024 को पटरी से उतर जाने के प्रकरण की जॉच करेंगें। यदि कोई नागरिक उपरोक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी या साक्ष्य देना चाहता है, तो वह उपरोक्त दिनांक को जाँच के समय उपस्थित होकर पूर्ण साक्ष्य दे सकता है अथवा रेल संरक्षा आयुक्त (उत्तर पूर्व सर्किल) लखनऊ को लिखित सूचना दे सकता है।

मुजाधि/संरक्षा-01 — मण्डल रेल प्रबंधक (संरक्षा), लखनऊ

"मोबाईल पर बात करते हुए मानवरहित समपार पार न करें"

प्रिंस की हैट्रिक, टेक्ट्रो अकादमी जीती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

जिला फुटबॉल लीग

▸▸ **मुजम्मिल और रोहित ने एलडीए क्लब (ए) को जीत दिलाई**

अमृत विचार: जिला फुटबॉल लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में एलडीए क्लब (ए) और टेक्ट्रो अकादमी ने जीत के साथ पूरे अंक बटोरे। पहले मैच में एलडीए क्लब (ए) ने सैटसन क्लब को 2-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में टेक्ट्रो क्लब ने इलाइट क्लब को 5-0 से हरा दिया।

एलडीए क्लब (ए) और सैटसन क्लब के बीच खेला गया मुकाबला रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों में धुरंधरों की भरमार थी। पहले सफलता एलडीए क्लब (ए) को 19वें मिनट में मुजम्मिल ने दिलाई। उन्होंने सैटसन क्लब की रक्षा पंक्ति को भेद कर शानदार गोल दागा और टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में सैटसन ने रणनीति बदल कर हमले किए लेकिन एलडीए क्लब (ए) ने सभी नाकाम कर दिये। विजयी टीम की ओर से रोहित ने 56वें मिनट में गोल किया और टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई और जो कि अंत तक कायम रही।

टेक्ट्रो फुटबॉल अकादमी और इलाइट क्लब के बीच मुकाबला एकतरफा रहा। मैच के चौथे मिनट में ही टेक्ट्रो क्लब के मोसिन ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद प्रिंस ने 9वें, 14वें और 33 मिनट में गोल कर जहां हैट्रिक पूरी की वहीं बढ़त को 3-0 पहुंचा दिया। मैच के दूसरे हाफ में में क्षितिज ने 48वें मिनट में गोल किया और टीम को 5-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमें एक-दूसरे पर कोई गोल नहीं दाग सकी।

शनिवार को टेक्ट्रो लखनऊ क्लब का मुकाबला सहारा क्लब जूनियर से होगा, वहीं टेक्ट्रो लखनऊ क्लब रिजर्व और डिवाइन क्लब से होगा।

बिजली की आवाजाही और लो वोल्टज से परेशान हुए लोग

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर के रामचौरा, दरियापुर भटगांव और रसूलपुर में शुक्रवार को बिजली की आवाजाही के बीच लो वोल्टज हो गया। जिसके चलते करीब 10 हजार लोगों को उमस भरी गर्मी से करीब 4 घंटे तक जूझना पड़ा। स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र मे सुबह से ही बिजली का वोल्टेज लो हो गया। इससे घरों के टुल्लू पंप और अन्य बिजली उपकरण नहीं चल सके। समस्या के बाबत उपकेंद्र पर कई बार फोन भी किया गया। उपकेंद्र पर शिकायत के बाद सप्लाई को सामान्य करने मे 4 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। ऐसे में लोग एसी, कूलर, पंखा और फ्रिज का उपयोग तक नही कर पाते है। साथ ही टुल्लू पंप न चल पाने के कारण पानी की समस्या से जूझना पड़ा। गहरु पावर हाउस के अवर अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि रसूलपुर फीडर बड़ा फीडर है, पेट्रोलिंग करने और मरम्मत कार्य में समय लगता है। लो वोल्टेज की समस्या को जल्द ही दूर कर दिया गया है।

रितेश के दमदार प्रदर्शन से जिज्ञासा क्लब सेमीफाइनल में

मैन ऑफ द मैच रितेश राय। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मैन ऑफ द मैच रितेश राय (4 विकेट, 72 रन, 68 गेंद, 7 चौके, 2 छक्के) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर जिज्ञासा क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सूर्या ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में जिज्ञासा क्लब ने स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब को 2 विकेट से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्स क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 217 रन बनाये। प्रथुल मेहता ने 118 गेंदों में 101 रनों की पारी खेली। अमित वर्मा ने 42 रन बनाये। जिज्ञासा क्लब की ओर से फिरकी गेंदबाज रितेश ने 4 विकेट चटकाये। विनय सिंह को 2 और आशुतोष सिंह को एक विकेट मिला। जवाब में जिज्ञासा क्लब ने 39.3 ओवर में 8 विकेट खोकर 218 रन बनाये और जीत दर्ज की। रितेश राय ने आतिशी बल्लेबाजी और 68 गेंदों में 72 रनों की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के जड़े। प्रखर तिवारी ने नाबाद 34 रन बनाये।

उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO-LKO-MX-141-24-2 (Parking Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.07.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.07.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO-AYC-TW-6-22-1 (Parking Tow Wheeler)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	30.07.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	30.07.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO-RDL-MX-90-24-5 (Parking Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	30.07.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	30.07.2024 समय 10:40 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2184/24

सार-संक्षेप

बाल निकुंज स्कूल को मिले 4 एयर कूलर

एयर कूलर के साथ प्रबंधक मनोज कुमार सक्सेना व छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन छावनी अलीगंज के प्रांगण में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार सक्सेना एवं अलीगंज शाखा प्रबंधक सौरभ सिंह द्वारा चार एयर कूलर कॉलेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल को देकर सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक ने अपने संबोधन में बताया कि बाल निकुंज के बच्चे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और विद्यालय परिवार सदैव बच्चों के हित में कार्य करते हुए उनको सफलता के द्वारा की ओर अग्रसर करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला, उप प्रधानाचार्य शैलेंद्र सिंह, लेखाकार श्रीराम नरेश सिंह एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

विधायक को जानकारी देतीं महिलाएं। अमृत विचार

तीन माह में जलनिकासी की समस्या हो दूर

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां के रेलवे स्टेशन रोड के रहने वाले लगभग 50 परिवार वर्षों से जल निकासी की समस्या से जूझ रहे है। मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत निगोहां के स्टेशन रोड पहुंचकर जल निकासी की समस्या से पीड़ित परिवारों से मिलकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जलनिकासी की समस्या के निदान के लिए तीन माह का समय दिया। इस अवसर पर रविन्द्र तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी भाजपा नेता संजीव शुक्ला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

राज्यपाल को लोकाभिरामम की प्रति भेंट करतीं सरिता अग्रवाल। अमृत विचार

राम के जीवन प्रसंगों पर आधारित लोकाभिरामम राज्यपाल को भेंट

अमृत विचार , लखनऊ : लोक संस्कृति शोध संस्थान के एक शिष्टमंडल ने शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाक़ात की और उन्हें संस्थान की ओर से प्रकाशित स्मारिका लोकाभिरामम की प्रति भेंट की। यह स्मारिका मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर आधारित है। राज्यपाल से मुलाक़ात करने वाले शिष्टमंडल में लोक संस्कृति शोध संस्थान की संरक्षक सरिता अग्रवाल, सचिव सुधा द्विवेदी, स्टोरी मैन जीतेश श्रीवास्तव, आशीष कुमार गुप्ता और अंतरा भट्टाचार्य का नाम शामिल है। सुधा द्विवेदी ने बताया कि लोकाभिरामम में राम के जीवन प्रसंगों पर आलेखों व कविताओं के अलावा रामजन्मभूमि के सम्बन्ध में साध्वी ऋतम्भरा और मुरारी बापू जैसे संतों के विचार प्रकाशित किए गए हैं।

इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ प्रेरणा के नव निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

रोटरी के शुभोत्सव में एवरेस्ट विजेता निशा रहीं आकर्षण का केन्द्र

अमृत विचार, लखनऊ : निरालानगर स्थित रोटरी कम्युनिटी सेंटर में शुक्रवार को रोटरी क्लब लखनऊ के नये रोटरी सत्र की शुरुआत शुभोत्सव के रूप में हुई। क्लब की सचिव भारती गुप्ता के संचालन में कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र वंदना और प्रार्थना से हुई। क्लब के अध्यक्ष विनोद चांदीरमानी ने कलाकारों को रामनामी पटका पहनाकर उनका अभिनन्दन किया।

इनर व्हील क्लब लखनऊ के नए पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **नये सदस्यों का सम्मान उन्हें पिन पहनाकर किया सम्मान**

अमृत विचार : इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ प्रेरणा का पदभार ग्रहण समारोह गोमती नगर स्थित एक होटल में सम्पन्न हुआ। क्लब के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अनुभा गुलाटी, उपाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, सचिव श्वेता भार्गव, कोषाध्यक्ष दीपिका दुआ, आइसो ऋतु जैन, मीडिया प्रभारी नम्रता भार्गव को नियुक्त किया गया।

क्लब की पूर्व अध्यक्ष पायल सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुभा गुलाटी को कॉलर पहनाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अनुभा गुलाटी ने अपने संबोधन में क्लब में पिछले वर्ष किए गए कार्यों की सराहना की तथा आगे इस वर्ष जो कार्य तथा प्रोजेक्ट किए जाएंगे उनके बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने सहायता के रूप में कपिल को 2100 रुपये की धनराशि दी गई। कौशल विकास के लिए डीडब्लूडब्लूएफ को 1500 रुपये की धनराशि, आईएफसी के बच्चों को कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए 11000 रुपये की धनराशि तथा दो बाइसिकल दी गई। क्लब से जुड़े नये सदस्यों का सम्मान उन्हें पिन पहनाकर किया गया।

राज्य संग्रहालय में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भूजल सप्ताह के तहत राज्य संग्रहालय ने भूजल संरक्षण के लिए प्रति बच्चों में जागरूकता पैदा करने के लिए एमिक्स एकेडमी में शुक्रवार को चित्रकला प्रतियोगिता कराई। इसमें कक्षा छह से आठ तक के 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने जल ही जीवन विषय पर चित्र बनाए। राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक अलशाज़ फातमी ने संबोधित किया। फोटो अधिकारी शारदा प्रसाद त्रिपाठी, शशिकला राय, विथिका राय, धनंजय राय, प्रदर्शक व्याख्याता, सत्यपाल, परवेज अहमद, अरुण मिश्रा और अभिषेक भट्ट मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PnU-LKO-BSB-Toi-53-23-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	16.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	01.08.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	01.08.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PnU-LKO-BSB-Toi-12-24-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	16.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	01.08.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	01.08.2024 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PnU-LKO-BSB-Toi-13-24-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	18.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	03.08.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	03.08.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

2185/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

कांवड़ मेला–2024 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए मेला विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने के संबंध में दिनांक 14.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है और निम्न उल्लेखित रेलगाड़ियां इनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों से संचालित की जायेंगी :–

मेला विशेष रेलगाड़ियां

रेलगाड़ी संख्या 04324/04323 हरिद्वार–दिल्ली–हरिद्वार मेला विशेष रेलगाड़ी

रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन	प्रस्थान
–	15:45	हरिद्वार	04:25	–
20:50	–	दिल्ली	–	22:00

चलने की तिथिः 04324 हरिद्वार से और 04323 दिल्ली से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।

स्थान : सामान्य।

ठहरावः ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी और गाजियाबाद स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04330/04329 योग नगर ऋषिकेश–दिल्ली–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी

रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन	प्रस्थान
–	20:35	योग नगरी ऋषिकेश	11:00	–
04:15	–	दिल्ली	–	04:45

चलने की तिथिः 04330 योग नगरी ऋषिकेश से और 04329 दिल्ली से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।

स्थान : सामान्य।

ठहराव : रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, शामली और दिल्ली शाहदरा स्टेशन।

* अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 — रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in — रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें — आज़ादी का अमृत महोत्सव — उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आजाद समाज पार्टी ने किया मकानों को गिराने का विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में हैदर कैनाल पर 16 किलोमीटर में बसी दलित बाहुल्य बस्तियां जो लगभग 100 वर्ष पुरानी है जिसको सरकार एलिवेटेड रोड का हवाला देकर ध्वस्त करके बहुजन समाज के लोगों को बड़ी संख्या को बेघर करने की साजिश कर रही है। पूर्व में जिस प्रकार से अकबर नगर बस्ती को जबरन ध्वस्त कर बड़ी आबादी को बेदखल किया जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए। भारत के प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार है कि उसको रोटी, कपड़ा, मकान की मूलभूत सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाए। उपरोक्त बातें आजाद समाज पार्टी के नेता व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।

पत्रकारों से बात करते आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से 2012 वाली उत्तर प्रदेश सरकार में एक योजना लागू की गई थी। मान्यवर कांशीराम स्लम एरिया मालिकाना हक योजना जिसके तहत प्रदेश की किसी भी भूमि पर 10 वर्ष या उससे अधिक वर्षों से आवास कोई भी भारत का नागरिक वास कर रहा है तो उसको विस्थापित न करते हुए उसी स्थल पर 30-30 मीटर का पट्टा रजिस्ट्री करके दिया जाना सरकार सुनिश्चित करेगी, जबकि वर्तमान सरकार इसका उल्लघंन कर रही है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की मांग है कि सरकार इस जन विरोधी फैसले को तत्काल वापस ले।

निर्णय वापस न लिया तो बढ़ सकता है सांप्रदायिक तनाव : चंद्रशेखर

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने मांग की है कि कांवड़ रूट पर व्यापारियों व उनके स्टाफ का नाम लिखने के निर्णय को वापस लिया जाए नहीं तो सांप्रदायिक तनाव हो सकता है।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में मौजूद नव आगंतुक फार्मसिस्ट और एसोसिएशन के पदाधिकारी।

नव आगंतुक फार्मासिस्टों का हुआ स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ : जिले के सरकारी अस्पतालों में नियुक्त हुए चीफ फार्मासिस्ट एवं नव आगंतुक फार्मासिस्ट के स्वागत में शुक्रवार को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उप्र ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। चीफ फार्मासिस्ट एपी सिंह, हरीश चंद्र मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, दिनेश प्रताप सिंह, अनुराग शुक्ला, सुशील वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, जगवार अहमद, वीरेंद्र वर्मा, मनमोहन मिश्रा, अजय मिश्रा, आरएन द्विवेदी, सुभाष श्रीवास्तव, अखिल सिंह, शरद दीक्षित, महेश वर्मा, रामगोपाल त्रिपाठी, संगीता वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, विवेक कुमार, केके सिंह, अनिल पटेल, विनोद सोनी, पवन शर्मा, प्रेम कुमार, रहमान , रजनीश पाण्डेय, जीतेन्द्र पटेल, अनुराग शुक्ला, सत्यम, सीरीश मिश्रा, अरुण पाण्डेय, सत्य प्रकाश शर्मा, शंकर पटेल और उमेश मिश्रा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद प्रबंधक सौरभ सिन्हा, सुशील तिवारी व अन्य लोग।

एलिट फ्लीट ऑपरेटर्स मीट का आयोजन हुआ

अमृत विचार, लखनऊ : वनअप मोटर्स के प्रबंधक सौरभ सिन्हा, उत्तर प्रदेश ट्रेवल एसोसिएशन के संस्थापक सुशील तिवारी, अध्यक्ष सुनील सच्चर, चेयरमैन, प्रेम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष सपन सोनकर के नेतृत्व में गोमतीनगर के एक होटल में एलिट फ्लीट ऑपरेटर्स मीट का आयोजन हुआ। इसमें सौरभ ने कहा की नेक्सा की वैसे सभी गाडियां अच्छी हैं लेकिन पर्यटक के लिए जो दो गाड़ियां हम देंगे वो सभी से बेहतर हैं। सेफ्टी और प्राइज दोनों भारत के यूजर के अनुसार हैं। नेक्सा के प्रताप सिंह ने गाड़ियों और मारुति के 40 वर्ष के सफर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में 31 करोड़ सलाना पर्यटक आते हैं, जिसमें 40 प्रतिशत मार्केट शेयर मारुति का है।

ग्लोबल रीकनेक्ट समिट 2024 में मौजूद आर्किटेक्ट। अमृत विचार

आर्किटेक्चरों को दी गई नई तकनीक की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : आर्किटेक्चर ग्लोबल रीकनेक्ट समिट 2024 का एक दिवसीय आयोजन होटल क्लार्क अवध में किया गया। इसमें लखनऊ सहित कई शहरों के आर्किटेक्चर शामिल हुए। उन्हें नई तकनीक के बारे में बताया गया। भूकंप रोधक तकनीक विशेष रूप से शामिल की गई। तीन इंटरेक्टिव पैनल चर्चाएं हुईं। जिसमें आर्किटेक्टों ने विचार साझा किए। आयोजक अरमान खान ने बताया कि 27 वां आर्किटेक्चर सम्मेलन है। आशीष शर्मा, शबनम सैय्यद, अमीना खातून, अंकित गुप्ता, पार्थ कामरा, दीपक कुमार, दुर्गेश शर्मा, फरहा, चिमी और कोमल कुमारी राजू बोहरा का योगदान रहा।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के साथ बीडीसी सदस्य। अमृत विचार

माल ब्लॉक के बीडीसी सदस्यों का हुआ सम्मान

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल ब्लाक प्रमुख रामदेवी का तीन वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर श्याम कुमारी मैरिज लान में बीडीसी सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।। इसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने सदस्यों को आश्वस्त कराया कि सभी को काम देने के साथ सबका सम्मान होगा। किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की अफवाह फैलाई जा रही है। सदस्य बहकावे में न आएं। सभी सदस्यों को कम से कम एक काम जरूर दिया जायेगा। कार्यक्रम में 74 क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

5 लाख गांवों में अभी भी बैंकिंग सेवा उपलब्ध नहीं

अमृत विचार लखनऊ : 19 जुलाई 1969 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का निर्णय लिया था। इसका मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, सभी के लिए बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाना व आखिरी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना था। 6 अन्य बैंकों को 1980 में राष्ट्रीयकृत किया गया। शुरुआत में बैंकों के सम्मुख राष्ट्र निर्माण का उद्देश्य था जिसमें राष्ट्रीयकरण ने अहम भूमिका निभायी। वर्तमान में राष्ट्रीयकृत बैंकों के सामने नवोन्मेष व विकास के उद्देश्य हैं। राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी विभिन्न योजनाओं यथा मुद्रा, स्टैंड अप के द्वारा नवोन्मेष के क्षेत्र में नए कीर्तिमान खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार को बैंकों के समामेलन के कारण बाजार में सरकारी बैंकों की सहभागिता 66 प्रतिशत से घटकर 59 प्रतिशत रह गयी। अभी भी देश में 6 लाख में से 5 लाख गांवों में बैंकिंग सेवा उपलब्ध नहीं है, राष्ट्रीयकृत बैंकों की देश को महती आवश्यकता है। कृषि ऋण देने में भी राष्ट्रीयकृत बैंक सबसे आगे हैं, समस्त सरकारी योजनाएं (ऋण की हो या बचत की) उनको पूर्ण करने का भी कार्य राष्ट्रीयकृत बैंकों ने ही किया है।

माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में खराबी से बैंकों पर असर नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : क्राउड स्ट्राइक सॉफ्टवेयर में अपडेट की वजह से शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में खराबी आ गई। इसका असर कई सेक्टरों पर पड़ा लेकिन सुदृढ़ बैंकिंग की वजह से बैंकों पर असर नहीं रहा। बैंकों में सामान्य दिनों की तरह ही कार्य हुए। लीड जिला मैनेजर मनीष पाठक ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट में तकनीकी दिक्कत जरूर आई लेकिन इसका असर शहर के बैंकों पर नहीं पड़ा। सुदृढ़ बैंकिंग सिस्टम के चलते सभी बैंको में प्रतिदिन की तरह ही कार्य किए गए। किसी भी बैंक से कोई सर्वर डाउन का खबर नहीं आई।

एसयूवी सवार हमलावरों ने सर्विस सेंटर संचालक व दोस्तों पर की फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सर्विस सेंटर पर कब्जा छोड़ने व बकाया पांच लाख मांगने पर की वारदात
- पीजीआई थाना क्षेत्र का मामला, रायबरेली जनपद निवासी है पीड़ित

अमृत विचार: पीजीआई क्षेत्र में कार सर्विस सेंटर से कब्जा छोड़ने और बकाया पांच लाख रुपये मांगना संचालक को भारी पड़ा। कब्जा करने वाले आरोपी ने साथियों के साथ सेंटर संचालक और उसके दोस्तों पर फायरिंग कर दी। पीड़ित बाल बाल बचे। भीड़ जुटती देख हमलावर कार छोड़ कर भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, जनपद रायबरेली की फिरोजगांधी कॉलोनी निवासी पवन त्रिवेदी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनका कार धुलाई का सर्विस सेंटर पीजीआई क्षेत्र के अवध बिहार योजना भागीरथी इल्क्वेव के पास है। कहा उनकी दोस्ती रामपति तिवारी नामक युवक से हुई थी। जो खुद को एक विधायक का प्रतिनिधि बताता है। आरोपी है कि रामपति ने विधायक के प्रोग्राम और पार्टी कार्यालय के नाम पर उनके सर्विस सेंटर लिया था। इसके एवज में पांच लाख रुपये देने को कहा था। लेकिन उसने सेंटर पर कब्जा कर लिया। पीड़ित ने कब्जा छोड़ने व पांच लाख रुपये मांगे तो गाली गलौज करने लगा।

उसने पहचान के लोगों को मामला बताया तो उन्होंने भी आरोपी को फोन कर कब्जा छोड़ने व रुपये देने को कहा। इस पर आरोपी पवन को फोन कर गाली गलौज कर जानमाल की धमकी देने लगा। पवन का आरोप है कि शुक्रवार शाम करीब 6.30 बजे कार से तीन दोस्तों के साथ कलंदी पार्क वृंदावन कॉलोनी सर्विस सेंटर आ रहा था। सेक्टर 13 के पास एक्स यूवी कार से रमापति दो साथी के साथ पहुंचा। वह कुछ समझ पता इससे पहले ही गाली गलौज कर उसे निशाना बनाते हुये दो राउंड फायरिंग कर दी। पवन व उसके दोस्त बच गये। शोर मचाने पर आरोपी कार से निकल कर भाग गये।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है। इंस्पेक्टर ने बताया जांच कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

पीजीआई क्षेत्र में उल्टी-दस्त के दो और मरीज मिले, भर्ती

खत्म नहीं हुआ गजवरियन खेड़ा व कल्ली पश्चिम में डायरिया का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पीजीआई क्षेत्र के गजवरियन खेड़ा और कल्ली पश्चिम में डायरिया का प्रकोप खत्म नहीं हुआ है। शुक्रवार को सरोजनीनगर की टीम को दो और मरीज मिले। उन्हें मोहनलालगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में मरीजों की जांच कर दवाएं बांटीं।

सीएमओ के प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि सरोजनीनगर की स्वास्थ्य टीम ने गजवरियन खेड़ा और कल्ली पश्चिम का भ्रमण किया। गांव में उल्टी दस्त के दो सामान्य रोगी मिले। दोनों को सीएचसी मोहनलालगंज में भर्ती कराया गया है। पहले से भर्ती मरीजों में एक मरीज को छुट्टी दे दी गई। टीम ने बाबूखेडा व अमोल गांव में लोगों को ओआरएस के पैकेट और क्लोरीन की गोलियां बांटीं। ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव, नालियों की साफ-सफाई भी कराई गई। क्षेत्र में मोबाइल शौचालय भी लगाए गए हैं।

ग्रमीणों से पूछताछ करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

मुख्य गेट पर खड़े होते डॉक्टरों के वाहन

अस्पताल के मुख्य गेट पर डॉक्टर अपनी कार खड़ी करते हैं। स्टाफ की गाड़ियां भी यहीं पार्क होती हैं। इससे प्रसूता को लेकर आने वाली एंबुलेंस सड़क पर ही रुक जाती है। मरीज को परिजन मशक्कत के बाद अंदर ले जाते हैं।

सीएचसी सिलवर जुबली के गमलों में लार्वा को न्योता


गमले में जमा बारिश का पानी।

अमृत विचार, लखनऊ : विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लोगों को जगाना तो दूर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी खुद ही जागरूक नहीं हैं। सिलवर जुबली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में रखे गमलों में बारिश का पानी जाम होने से लार्वा पनप की आशंका है। इससे अस्पताल आने वाली गर्भवतियों, प्रसुताओं और तीमारदारों को डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों होने का खतरा है। सिलवर जुबली में ओपीडी के अलावा सिजेरियन व सामान्य प्रसव होते हैं। बच्चों का टीकाकरण भी किया जाता है। इससे यहां हर समय प्रसूता, गर्भवती और तीमारदारों सहित बच्चे भी रहते हैं। अस्पताल के मुख्य गेट के पास गमले रखे हैं। कुछ गमले दीवार के सहारे टांगे गए हैं। दीवार के सहारे टांगे गए गमलों में बारिश का पानी जमा है। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे कई गमलों में बारिश का पानी भरा मिला। अस्पताल आसपास नालियों में भी जल जमाव है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रियंका यादव ने कहा कि नियमित सफाई कराई जाती है। यदि गमलों में पानी भरा है तो उसे साफ कराया जाएगा।

उद्घाटन के मौके पर शामिल ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड उप्र. सदस्य, सलाहकार देविका देवेंद्र एस मंगलामुखी व अन्य। अमृत विचार

पीजीआई में ट्रांसजेंडरों के लिए विशेष क्लीनिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा क्लीनिक
- प्राइवेट की तुलना में यहां इलाज का खर्च एक तिहाई आएगा

अमृत विचार : पीजीआई में ट्रांसजेंडरों के लिए विशेष क्लीनिक शुरू किया गया है। शुक्रवार को इसकी शुरुआत ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड उप्र. सदस्य और सलाहकार देविका देवेंद्र एस मंगलामुखी ने की। प्रदेश में अपने तरह के इस पहले क्लीनिक में जेंडर भी चेंज करा सकते हैं।

पीजीआई में इंडोक्राइन विभाग प्रमुख और नोडल ऑफिसर डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि छह बेड वाला क्लीनिक प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। प्राइवेट की तुलना में यहां खर्च एक तिहाई आएगा। निदेशक डॉ. राधा कृष्ण धीमन ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय को बेहतर इलाज मिलेगा।

सीएमएस डॉ. संजय धीराज, एमएस डॉ. प्रीति दबड़गाव, डॉ. सुभाष यादव ने कहा कि ट्रांसजेंडर के देखभाल के लिए कई स्तर पर काम किया जाएगा। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया संस्थान में हर साल 8 से 10 लोग जेंडर चेंज कराने आते हैं। पहले यह सुविधा एक जगह पर नहीं मिलती थी। अब क्लीनिक में एक ही जगह सभी सुविधाएं मिलने से जेंडर चेंज कराने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

यह सुविधाएं मिलेंगी

डॉ. सुशील ने बताया कि क्लीनिक में हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी, रिडक्शन मैमोप्लास्टी जैसी सर्जिकल प्रक्रियाएं, जननांग पुनर्निर्माण सर्जरी, परामर्श, मनोरोग सहायता और त्वचा विज्ञान सेवाएं मिलेंगी। प्लास्टिक सर्जरी और बर्न विभाग के हेड प्रो. राजीव अग्रवाल, यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांटेशन विभाग हेड प्रो. एमएस अंसारी, मनोरोग विभाग के डॉ. रोमिल सैनी, स्किन साइंस व यौन रोग विभाग के डॉ. अजित कुमार और माइक्रोबायोलॉजी विभाग की हेड प्रो. रुंगमेई एसके मराक की मदद मिलेगी।

महिला से उधार लिये 39 लाख रुपये हड़पे

अमृत विचार, लखनऊ: नगराम क्षेत्र निवासी महिला ने रिश्तेदारों पर उनसे 39 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अनैया देबीगंज निवासी रेनू वर्मा के मुताबिक, पति की मृत्यु के बाद रिश्तेदारों के घर में रहने लगीं थी। रेनू ने 47 लाख की जमीन बेची थी। रिश्तेदारों ने कारोबार के लिए उनसे 39 लाख रुपये ले लिए। जो तय समय बीतने के बाद नहीं लौटाए। मांगने पर जानमान की धमकी दी। इंस्पेक्टर विवेक कुमार चौधरी ने बताया अंबरीष, उसके पिता, पत्नी व तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नहर में झाड़ियों में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

अमृत विचार, लखनऊ: गोसाईंगंज के लक्ष्मणपुर के पास इंदिरा नहर में झाड़ियों के बीच शुक्रवार सुबह युवक का अर्धनग्न शव मिला।

इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की कोशिश की। लेकिन नहीं हो सकी। युवक की उम्र 30 साल है। शरीर पर सिर्फ शर्ट है। शव 15 दिन पुराना होने से सड़ चुका है। आशंका है कि शव नहर में बहकर आया है। दायें पैर का पंजा कटा है। ग्रामीणों ने हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है।

सरोजनीनगर के ग्राम कल्ली पश्चिम में कब्जे की शिकायत मिलने पर जांच के दौरान निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

स्पेशल टीम कराएगी सरकारी भूमि को कब्जामुक्त

ग्राम कल्ली पश्चिम पहुंचीं मंडलायुक्त ने दिए स्पेशल टीम बनाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा, भूमाफिया से अधिकारियों की संलिप्तता मिले तो किया जाएगा निलंबित

अमृत विचार: सरोजनीनगर के ग्राम कल्ली पश्चिम में सरकारी जमीनों पर कब्जे की शिकायत मिलने पर मंडलायुक्त ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के लिए स्पेशल टीम गठित करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ग्राम कल्ली पश्चिम में सरकारी भूमि के संबंधित गाटों की जांच की। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जे और भू माफिया को संरक्षण देने में अगर तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल की संलिप्तता मिली तो उनको निलंबित किया जाएगा। जिले में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए स्पेशल टीम गठित की जाएगी। टीम समस्त क्षेत्र में सरकारी भूमियों की पैमाइश, जीएस मैपिंग और जीरो टेगिंग कराएगी। सरकारी जमीनों का चिह्नांकन-सीमांकन करके अपने स्वामित्व में लिया जाएगा। कल्ली पश्चिम की समस्त सरकारी भूमियों की पैमाइश स्पेशल टीम करेगी।

पहले दिन नहीं ली पेनाल्टी लोगों को किया जागरूक

अमृत विचार, निगोहां: गाड़ियों की विंड स्क्रीन पर फास्टैग न लगने पर डबल टोल कटने का नियम लागू हुआ है। इसके तहत निगोहां के टोल पर करीब 70 वाहन आये। जिन्हें नियमों के बारे में जागरूक किया। 68 वाहन मालिकों के वाहनों पर प्लाजा में ही फास्टैग विंडस्क्रीन पर चिपकाया गया। दो वाहन मालिकों ने फास्टैग लगवाने से मना कर दिया।

दो दारोगा समेत चार पुलिस कर्मियों को भेजा लाइन

अमृत विचार, आलमबाग : पूर्वी जोन के आशियाना थाने पर तैनात दो दारोगा और दो सिपाहियों के खिलाफ अनियमितता बरतने और अनुशासन हीनता के मामले में लाइन भेजा गया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि आशियाना थाने पर तैनात उप निरीक्षक इंदु तिवारी, उपनिरीक्षक अभिराम शुक्ला, सिपाही अजीत कुमार और आरक्षी अजय दिवाकर को लगे आरोपों की जांच में दोषी पाए जाने पर पुलिस लाइन भेजा गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 504 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2023–24/ म्युटेशन सूचना — दिनांक 18/07/2024

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल पठानपुरा–3 वार्ड–7 राठ में स्थित गृह सं0 664 में श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खां, श्री कलीम वेग पुत्र शमीम वेग का नाम अंकित है। प्रार्थी श्री कलीम वेग पुत्र शमीम वेग ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का अवशेष जुज भाग रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खाँ से दिनांक 11.06.2024 को क्रय कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के अवशेष जुज भाग पर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल पठानपुरा–3 वार्ड–7 में स्थित भवन सं0 664 पर अंकित श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खाँ, श्री कलीम बेग पुत्र शमीम बेग के नामों में से श्रीमती रेशमा खातून पत्नी फारूक खाँ का नाम निरस्त कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर

पत्रांक 228/न0पा0प0बि/2024–25 — दिनांक 19.07.2024

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यू0पी0म्यू0 एक्ट 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर में निम्न भवनों का नाम पालिका ग्रहकर अभिलेखों में अंकित करने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: स्वामित्व परिवर्तन/भवनकर पंजिका में नाम दर्ज करने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 01 माह के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाढ़ म्याद प्राप्त आपत्तियों पर विचार करना सम्भव न होगा।

क्र0 सं0	नामान्तरण हेतु प्रार्थी/ आवेदक का नाम	बिक्रीत प्लाट / कार्यालय नगर पालिका अभिलेख में दर्ज भवन / अध्यायी का नाम	भवन सं0/मोहल्ला /वार्ड सं0 जिस पर आवेदक नामान्तरण हेतु आवेदन किया	नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती अफसरी बेगम / पत्नी / स्व0 शब्बीर हसन निवासिनी वार्ड नं0 15 अशफाक उल्ला नगर बिल्हौर।	स्व0 शब्बीर हसन/पुत्र/अब्दुल हसन निवासी वार्ड नं0 15 अशफाक उल्ला नगर बिल्हौर।	भवन सं0 37/अशफाक उल्ला नगर बिल्हौर	वरासत
2	श्री नदीम खान/पुत्र/मो0 रईस खान निवासी ग्राम सुरसेनी पोस्ट बांगरमऊ, उन्नाव।	श्री असलम खां/पुत्र/समद खान निवासी वार्ड नं0 22 लाल बहादुर शास्त्री नगर बिल्हौर।	वार्ड सं0 23 किदवई नगर बिल्हौर।	दानपत्र रजिस्ट्री
3	श्रीमती यासमीन बेगम / पत्नी / इकबाल अहमद निवासिनी वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर।	श्री इकबाल अहमद/पुत्र/ उस्मान निवासी वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर।	वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर।	दानपत्र रजिस्ट्री
4	श्रीमती जासमीन बेगम / पत्नी / वासिफ निवासिनी वार्ड नं0 23 किदवई नगर बिल्हौर।	श्रीमती सूबी / पत्नी / मो0 अब्बास निवासिनी वार्ड नं0 23 किदवई नगर बिल्हौर व मीना बेगम/पत्नी/मो0 सलीम खान निवासिनी 101/148 गम्मू खां का हाता कर्नलगंज कानपुर नगर व रेशमा बानो / पत्नी/फैय्याज अली निवासिनी फकरा ताल, मोहान उन्नाव।	वार्ड नं0 23 किदवई नगर बिल्हौर।	रजिस्ट्री
5	ऋषभ वर्मा/पुत्र/ रवीन्द्र वर्मा निवासी आजाद नगर बिल्हौर।	श्रीमती सुमन कुशवाहा / पत्नी / महेन्द्र प्रताप निवासिनी मुराद नगर बिल्हौर।	वार्ड नं0 07 कृष्णा नगर बिल्हौर	रजिस्ट्री
6	सुमनकला श्रीवास्तव/पुत्री / बृज नरायन श्रीवास्तव निवासिनी जवाहर नगर बिल्हौर।	बृजनरायन श्रीवास्तव/पुत्र/स्व0 सुन्दर लाल निवासी जवाहर नगर बिल्हौर।	वार्ड नं0 13 जवाहर नगर बिल्हौर	वरासत

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिल्हौर
कानपुर नगर

व्यवस्था अपर परिवहन आयुक्त (आईटी प्रवर्तन) ने दिये निर्देश

पोर्टल से मोबाइल नम्बर अपडेट करा लें वाहन स्वामी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश के अपर परिवहन आयुक्त (आईटी प्रवर्तन) ए के सिंह ने कहा कि प्रवर्तन टीम की ओर जांच के दौरान यह बात सामने आ रही है कि बहुत से वाहनों के रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नम्बर या तो गलत पड़ा है या अपडेट नहीं है।

उन्होंने बताया कि जिन वाहन स्वामियों के वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नम्बर अपडेट न हो या गलत पड़ा हो, वे विभाग की वेबसाइट http://www.parivahan.gov.in खोलकर अपना मोबाइल नम्बर सही करा सकते हैं।

मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिए वाहन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन सेवाओं पर क्लिक करें और वाहन संबंधी सेवा चुने। इसके बाद राज्य चुने, वाहन नम्बर दर्ज करें और प्रोसीड बटन पर क्लिक करें। दी गयी सेवाओं में से मोबाइल नम्बर अपडेट (आधार आधारित विकल्प चुने) फार्म में पंजीकरण संख्या, पूर्ण चेचिस नम्बर, पूर्ण इंजन नम्बर, पंजीकरण तिथि और फिटनेस/पंजीकरण की समाप्ति तिथि भरें और शो डिटेल बटन पर क्लिक करें। आधार नम्बर, आधार में अंकित नाम और मोबाइल नम्बर दर्ज करें, एग्री चेक बाक्स पर क्लिक करें, इसके बाद वेरीफाइ बटन पर क्लिक कर अपनी डिटेल देखें। अब मोबाइल अपडेट बटन पर क्लिक करें। पोर्टल पर प्रदर्शित सफल संदेश देखें, आपका मोबाइल नम्बर अब वाहन पोर्टल पर अपडेट शो करेगा।

अपर परिवहन आयुक्त (आईटी) ने बताया कि यदि आधार कार्ड 85 प्रतिशत वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र में अंकित डाटा के समान है तो ही मोबाइल नम्बर अपडेट होगा। अन्यथा आपको संबंधित कार्यालय में जाकर अपडेट कराना होगा।

उन्होंने बताया कि विभाग वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधायें मुहैया करा रहा है। वाहन स्वामी इसका लाभ लेते हुए अपना मोबाइल नम्बर अपडेट करा लें, जिससे कि चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्यवाही से खुद को अपडेट रख सकें।

एक नजर

जबरन गर्भपात कराने का आरोप, पुलिस ने मारा छापा

अमृत विचार, हरदोई : शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां निवासी पारूल पत्नी पूरन सिंह को 27 जून को उसकी बहन घर से जबरदस्ती मारपीट कर लाई थी और बेहोशी की हालत में पारुल का गर्भपात करा दिया। पीड़ित पारुल ने महिला थाना हरदोई में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शुक्रवार की शाम 7 बजे महिला थाना प्रभारी पीड़ित महिला को लेकर दिलेर गंज स्थित पूजा क्लीनिक पर पहुंची और डॉक्टर पूजा गुप्ता से अबार्शन के बाबत पूछताछ की।

बुजुर्ग के ऊपर से गुजर गई ट्रेन, खरोच तक नहीं आई

अमृत विचार, रायबरेली : एक बुजुर्ग रेलवे लाइन की पटरी पर गिर गया और देखते ही ट्रेन उसके ऊपर से पार हो गई। लेकिन इस दौरान उस मामूली खरोच आई। घटना रूपामऊ और रायबरेली के बीच की है। करीब तीन बजे जगतपुर थाना क्षेत्र के साई टिकरिया गांव निवासी जुगनू (70) पुत्र श्रीराम रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इस बीच रूट से गुजरी एक ट्रेन की आहट ना मिल पाने से वह नीचे गिर गया। पलक झपकते ही पूरी ट्रेन बुजुर्ग के ऊपर से पार कर गई।

संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

अमृत विचार, रायबरेली : संदिग्ध परिस्थितियो में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके से एविल के इंजेक्शन, सिरिंज व पानी की बोतल भी बरामद हुई है।। निजी स्कूल के प्रबंधक की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस की शिनाख्त में मृतक युवक की पहचान शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे दरियावगंज निवासी राजू पासी पुत्र रामराज के रूप में हुई।

युवक को रोडवेज बस ने कुचला, मौत

अमृत विचार, रायबरेली : लालगंज रायबरेली नेशनल हाईवे पर गोविंदपुर वलौली गांव के बाइक सवार युवक भीम (22) पुत्र हीरालाल पासी को रोडवेज बस ने कुचल दिया। जिससे भीम की मौके पर की मौत हो गई। गांव वालों ने बताया कि वह बाइक से गांव की तरफ से आया था और सड़क पार कर रहा था। तभी लालगंज की ओर से आ रही बस ने उसे ठोकर मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

धान की पौध के साथ डूब गया प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई
- बाढ़ और बारिश से नष्ट हुई ज्यादातर पौध, रोपाई पर भी संकट

अमृत विचार : प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं। असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 क्षतिपूर्ति मिलती है। लेकिन, इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया।

नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

तीन लाख महिलाओं के पास आधार फिर भी पेंशन नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निराश्रित महिला पेंशन योजना का तीन लाख महिलाओं को नहीं मिल रहा लाभ
- महिलाओं को योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लिए जा रहे हैं आधार कार्ड

अमृत विचार: आधार कार्ड होने के बाद भी प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना का लाभ देने के लिए विभाग ऐसी महिलाओं के आधार कार्ड के नंबर एकत्र करा रहा है।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पेंशन पात्रों के बैंक खाते में भेजी जाती है।

प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना की जानकारी के अभाव में महिलाएं योजना का लाभ नहीं उठा पा रही है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं को योजना का लाभ देने के लिए उनके आधार कार्ड एकत्र कराए जा रहे हैं। साथ ही विज्ञापन के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए आधार कार्ड के साथ आवेदन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं। आधार कार्ड लेकर इन महिलाओं का आवेदन कराया जाएगा ताकि इनको लाभ मिल सके।

पुरानी पेंशन के लिए आंदोलन करेगा राज्य कर्मचारी संगठन

कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष ने दिया 15 दिन का समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर फिर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। संगठन के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने राज्य सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि डेढ़ लाख कर्मचारियों को अभी तक नियुक्त नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 15 दिनों में सरकार समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। सरकार के आदेश के बावजूद अफसरों की लापरवाही से 30 जून 1988 तक नियुक्त डेढ़ लाख कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया।

महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को नियमित करने की मांग उठाई। कहा कि, सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाकर पदोन्नति की जाए। विभिन्न संवर्गों सींच पर्यवेक्षक, नलकूप चालक, सफाई कर्मचारियों की भी सेवा नियमावली बनाई जाए। फील्ड कर्मचारियों को साइकिल भत्ता दिया जाए। संविदा, आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को निश्चित अवधि के बाद पूर्णकालिक कर्मचारी घोषित किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, रसोइया, ग्राम रोजगार सेवकों, मनरेगा कर्मी, एनआरएचएम कर्मी, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य संवर्गों में कार्यरत कर्मचारियों को राजकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। राजकीय सेवाओं में विकास कार्यों को तत्काल पूरा कराएं जाने और संविदा कर्मचारियों को सरकार यदि विनियमित नहीं करती है तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

ओपीएस की बहाली के लिए रेल कर्मचारियों ने दिया धरना

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने पुरानी पेंशन बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को आलमबाग स्थित कैरिज वर्कशॉप पर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने केंद्र और राज्य सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। शाखा मंत्री हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने एनपीएस को समाप्त कर ओपीएस को लागू करने, 8वें वेतन आयोग के शीघ्र गठन, केंद्रीय समूह बीमा योजना में 15 लाख रुपए बीमा करने की मांगें जल्द पूरी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की नाराजगी के चलते लोकसभा चुनाव में सरकार को परिणाम देखने को मिला। इसके बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें उपेक्षा कर रही हैं। प्रदर्शन में विजय कुमार, हरिश्चंद्र राजभर, आशीष कुमार, कल्लू, देवेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

कर्मियों की वेतन वृद्धि को विधायक ने लिखा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : विधायक दुर्गा प्रसाद यादव ने संजय गांधी पीजीआई निदेशक को पत्र लिखा है। इ लिखा है कि संस्थान के आउट सोर्स कर्मचारी, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एमएसडब्लू, डाटा इंट्री आपरेटर, पेशेंट हेल्पर पदों पर तैनात 1500 से अधिक कर्मचारियों को स्वच्छता कर्मचारियों से भी कम वेतन मिल रहा है। आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री सच्चिदानंद मिश्रा का कहना है कि उन्हें उचित वेतन और 60 साल तक सेवा की गारंटी, इलाज की सुविधा देनी चाहिए।

बत्ती गुल रोशनी का बाजार कहा जाने वाला नाका हिंडोला और आर्यनगर बाजार बिजली सप्लाई बाधित रहने से शुक्रवार को अंधेरे में रहा। अमृत विचार

दो नलकूप ठप होने से किसान परेशान

अमृत विचार, निगोहां : क्षेत्र के दो नलकूप की मोटरों खराब होने से किसान परेशान हैं।

निगोहा के हरिहरपुर पटसा में लगे राजकीय नलकूप 85 और निगोहां नलकूप 65 की मोटर 15 दिन पहले जल गईं थीं। ,प्रभात कुमार, बजरंगी रावत ने बताया कि कई बार अधिकारियों शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। हरिहरपुर पटसा के किसान महादेव, राममिलन साहू, नन्हा, बाबूलाल ने बताया कि इन नलकूपों से लगभग 150 बीघे की फसलो की सिंचाई होती है। पानी न मिलने से धान की बेड भी खराब होने लगी है।

दुष्कर्म में दोषी को 20 वर्ष की कैद

अमृत विचार, हरदोई : अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद नसीम ने एक फैसले में बालिका के साथ रेप करने के मामले में अभियुक्त को जुर्म साबित होने पर 20 साल की कड़ी कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र शाहाबाद के हूंसेपुर लुकमान निवासी नवीन उर्फ कलूटे ने 17 जुलाई 2020 को एक बालिका के साथ रेप किया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई थी।

महाकुंभ में पर्यटकों को मिलेगी होम-स्टे सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी बढ़ेंगे भवन स्वामियों के लिए स्वरोजगार

अमृत विचार: पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में पेइंग गेस्ट बनाए जाएंगे। इस योजना में पर्यटकों को उचित दर पर ठहरने के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वह भवन स्वामी जिनके पास अतिरिक्त कमरे हैं होम-स्टे योजना का लाभ ले सकते हैं। इससे पर्यटकों को संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के संभावना है। बड़ी संख्या में ठहराव स्थल की आवश्यकता होगी। इसके लिए होटल आदि के साथ-साथ पेइंग गेस्ट पर अधिक फोकस किया जा रहा है। ऐसे भवन स्वामियों जिनके पास पर्यटकों को रुकवाने के लिए अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों। भवन स्वामी, क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय प्रयागराज में आवेदन कर सकते हैं।

इससे स्वतः रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मकान मालिक कमरे उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को नाश्ता, भोजन की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा। कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिए आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा। पेइंग गेस्ट के लिए विभिन्न मानक निर्धारित किए गए हैं।

कार में लगी टक्कर तो लूट ली चेन

विभूतिखंड क्षेत्र का मामला, आरोपी का शांतिभंग में चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग के बाहर मामूली टक्कर लगने पर रिटायर दरोगा के बेटे पर दम्पति ने हमला कर चेन लूटकर भागने का आरोप लगाया है। महिला ने हमलावर की करतूत का वीडियो बना लिया। कार नम्बर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर शांतिभंग की कार्रवाई की है। पीड़ित का कहना है कि प्रार्थना-पत्र देने के बाद भी मामला दर्ज नहीं किया।

इन्दिरानगर पटेल नगर निवासी अभय शुक्ला की भांजी एक अस्पताल में भर्ती है। जिससे मुलाकात कर अभय गुरुवार रात पत्नी के साथ घर लौट रहे थे। रात करीब दस बजे समिट बिल्डिंग के पास ट्रैफिक सिग्नल रेड था। आगे चल रही कार ने ब्रेक लगा दिया। इससे अभय की कार उसमें टकरा गई। अभय का कहना है कि इससे कार सवार युवक गाली गलौज कर उसकी कार का गेट खोलने का प्रयास करने लगा। अभय ने कार का शीशा चढ़ा लिया। तो आरोपी ने नुकीली चीज से वार कर तोड़ दिया। आरोप है कि कार सवार चेन लूट कर फरार हो गया। झगड़े का पीड़ित की पत्नी ने वीडियो बना लिया। जिसे सोशल मीडिया में वायरल किया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी पर चिनहट निवासी करुणा शंकर शुक्ल के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।

डेढ़ महीने पहले युवक से हुई लूट, अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : एक युवक ने पुलिस लूट की एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। पुलिस पर डेढ़ महीने से टरकाने की बात कही है। अयोध्या निवासी देव कुमार तिवारी पांच जून को पीजीआई निवासी वकील से मिलने आए थे। घर जाने ऑटो में बैठे थे, दो अन्य सवारियां भी बैठीं थी। पीड़ित का आरोप है कि कैंट में चालक ने ऑटो रोक कर लूट लिया। पीड़ित कैंट थाने पहुंचे तो पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की। उन्होंने पुलिस आयुक्त से शिकायत की है।

त्वचा प्रत्यारोपित से पहले सिंथेटिक मैट्रिक्स प्रभावी

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के ट्रॉमा सर्जरी विभाग की ओर से शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें रॉयल कॉलेज ऑफ लंदन के प्लास्टिक सर्जरी चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इब्बी यूनुस ने बताया कि गहरी चोट और आग से झुलसे मरीजों के घांवों को भरने के लिए त्वचा प्रत्यारोपित से पहले सिंथेटिक मैट्रिक्स नाम का पदार्थ का इस्तेमाल अधिक प्रभावी है। इससे संक्रमण का खतरा कम रहता है। इस दौरान आयोजन में ट्रॉमा सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. समीर मिश्रा, डॉ. वैभव जायसवाल, डॉ. यादवेंद्र धीर आदि लोग उपस्थित रहे।

अर्जुनगंज से शहीदपथ तक चौड़ीकरण का कार्य तेज

जल्द ही जाम से मिलेगी निजात, वीवीआईपी मूववेंट के दौरान होती थी घंटों परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वाराणसी, सुल्तानपुर, कानपुर, फैजाबाद जाने वाले लोगों को मिलेगी आवागमन में बेहतर सुविधा, बचेगा समय

अमृत विचार: अर्जुनगंज में ट्रैफिक जाम से जल्द ही लोगों को निजात मिलेगी । इस रुट से वाराणसी, सुल्तानपुर, कानपुर, फैजाबाद जाने वाले लोगों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी । लोक निर्माण विभाग की ओर से अर्जुनगंज से शहीदपथ तक फोर लेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पुराने मार्ग को चार लेन चौड़ा और फुटपाथ बनाया जा रहा है। मरी माता मंदिर से शहीद पथ तक 1820 मीटर लंबा मार्ग चार लेन होगा ।

लखनऊ-सुलतानपुर रोड पर मरी माता मंदिर से शहीद पथ तक अर्जुनगंज, सरसवां और अहिमामऊ के दोनों तरफ अतिक्रमण से रोज जाम लगता है।खासकर वीवीआईपी मूववेंट के दौरान लोगों को घंटो परेशानी होती थी। वाहन रेंगते रहते थे । शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने 1820 मीटर लंबे मार्ग को चौड़ा करने का प्रस्ताव बनाया। शासन से लगभग 29 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी मिल चुकी है। पीडब्ल्यूडी अब तक 103 अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अवैध निर्माण तोड़वाया । अर्जुनगंज में सड़क को चार लेन चौड़ा करने के लिए कई मकान भी तोड़े गये हैं।

अर्जुनगंज की सड़क अलग-अलग हिस्सों में 20 से 26 मीटर चौड़ी हैं। कुछ लोगों ने सिर्फ 15 मीटर की सड़क छोड़ कर निर्माण कर लिया है। ऐसे में राजस्व अभिलोख से आवासों का मिलान किया गया। करीब 110 मकान और दुकानें इसकी जद में आ रही हैं जिनका अवैध निर्माण टूट गया है।

अर्जुनगंज शहीद पथ तक लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे चौड़ीकरण में लगे मजदूर।

रूम पार्टनर ने की थी मेकअप आर्टिस्ट की गला घोंटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गिरफ्तार आरोपी ने आएदिन विवाद को बताया कारण, हरदोई निवासी था मृतक

अमृत विचार : हसनगंज क्षेत्र में मेकअप आर्टिस्ट की हत्या रूम पार्टनर ने गला घोंट कर की थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने रोज होने वाले विवाद की वजह से हत्या करने की बात कही है। पीड़ित पिता ने बेटे की हत्या में उसकी मुंहबोली बहन और एक दोस्त को भी नामजद कराया था।

इंस्पेक्टर ब्रजेश सिंह के मुताबिक, हरदोई निवासी शिवा श्रीवास्तव करीब तीन माह पूर्व लखनऊ आया था। चरही में उसकी मुंहबोली बहन रहती है। उसी मोहल्ले में शिवा ने एक कमरा लिया।इसमें गोण्डा निवासी शिवम सोनी और अनुपम भी रहते हैं। 12 जुलाई की शाम पन्ना लाल चौराहे स्थित मिठाई की दुकान पर शिवा और शिवम गए थे। वहां दोनों के बीच इमरती खरीदने को लेकर विवाद हुआ। कमरे में आने पर दोनों के बीच फिर झगड़ा हुआ था। इसके बाद शिवा मुंहबोली बहन के घर चला गया।

पुलिस को घटना से जुड़ी एक फुटेज मिली जिसमें शिवा के पीछे शिवम मकान में दाखिल होता दिखाई पड़ा था। इसके बाद उसकीगला घोंट कर हत्या कर दी। एसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक की जांच में झगड़े के दौरान हत्या की बात सामने आई है। आरोपी से पूछताछ में अहम सुराग मिले हैं। पुलिस साक्ष्य जुटा रही है। साथ ही पूरे मामले में परिजनों से पूछताछ की गई। इसके अलावा घटना के दिन शिवा से मिलने वाले लोगों से भी पूछताछ की गई।

अन्य पर कार्रवाई नहीं पिता का सवालिया निशान

पिता संतोष के मुताबिक पुलिस को शिवम के मोबाइल से एक ऑडियो क्लिप मिली थी। जो करीब दो घंटे की है। इस क्लिप में शिवा के अलावा उसकी मुंहबोली बहन, दोस्त शिवम और अनुपम की आवाज भी सुनाई दे रही है। जिनसे शिवा माफ करने की बात कह रहा है। ऐसे में पुलिस ने केवल शिवम को गिरफ्तार किया। मुंहबोली बहन और अनुपम के खिलाफ क्यों नहीं की?

संगीत नाटक अकादमी में नौटंकी 'बंटवारे की आग' का मंचन करते कलाकार।

फूट डालने वालों से सावधान रहने का सन्देश दे गई नौटंकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. उर्मिल कुमार थपलियाल फाउंडेशन की ओर से संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में चल रहे पांच दिवसीय उर्मिल रंग उत्सव की चौथी शाम को बंटवारे की आग नौटंकी की शक्ल में दर्शकों के बीच पहुंची तो नौटंकी के छंदों ने उन्हें बहुत कुछ सिखा दिया।

विनोद रस्तोगी द्वारा लिखित और अजय मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस नौटंकी ने यह सन्देश दिया कि अगर हम आपस में एकता नहीं रखेंगे तो हमें कोई भी टुकड़ों में बांट सकता है।

प्रयागराज के विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान द्वारा प्रस्तुत नौटंकी में एक किसान परिवार के बंटवारे की कहानी के माध्यम से यह नौटंकी जाति, धर्म, प्रांत, वर्ग आदि के भेद भुलाकर एक रहने को प्रेरित करती है। इस प्रस्तुति में शुभम वर्मा, कृष्ण प्रताप सिंह, अभिलाष नारायन, रोहित यादव, दिग्विजय सिंह, अनुज कुमार, प्रतिमा श्रीवास्तव और अहोना भट्टाचार्या ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं। नौटंकी में संगीत और हारमोनियम वादन उदयचंद्र परदेसी का, नक्कारा वादन बिंदेश्वरी प्रसाद का, ढोलक वादन प्रवीण कुमार श्रीवास्तव का था।

उलेमा ने बयान की यजीद के जुल्मों की दास्तान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 12 मोहर्रम को कर्बला के शहीदों का तीजा मनाया गया। घरों में इलाइची के दानों पर नज्र हुई। इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन किया गया। हुसैनाबाद स्थित लंगरखाने में शाम को हुई मजलिस को मौलाना अकील अब्बास मारूफी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन अलमदारे हैदरी की ओर से हजरत इमाम हुसैन के छह महीने के बच्चे हजरत अली असगर के झूले की जियारत करी गई।

बिलोचपुरा स्थित इमामबाड़ा कसरे हुसैनी में मौलाना राशिद अस्करी, इमामबाड़ा लाडो खानम में मौलाना मीसम जैदी और रौजा-ए-जैनबिया में मौलाना फरीदुल हसन ने मजलिसों को खिताब किया। इन मजलिसों में कर्बला में आशूर के दिन यजीदी लश्कर ने हजरत इमाम हुसैन और उनके दोस्तों, रिश्तेदारों और बच्चों का जिस तरह से खून बहाया और 11 मोहर्रम को उनके घर की महिलाओं और बीमार बेटे हजरत जैनुलआब्दीन को कैदी बनाकर बाजारों में उन्हें पैदल घुमाया।

कर्बला में पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के घर वालों के साथ जो जुल्म किये गए उन्हें धर्मगुरुओं ने बयान किया तो उसे सुनकर लोग खूब रोये।

सांप के काटने से बिस्तर पर सो रही छात्रा की मौत

अमृत विचार, हरदोई : रात में सोते समय किशोरी को सांप ने काट लिया। छात्रा को घर वालों ने सीएचसी पहुंचाया। इलाज के बाद घर वाले उसे वापस घर ले आये। लेकिन घर पहुंचने पर फिर उसकी हालत बिगड़ गई। जहां से उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहीं उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

चिंताजनक तीन प्रमुख अस्पतालों में 18 दिन में पहुंचे 34 मरीज

सावधान... बारिश में बढ़ीं सर्पदंश की घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बरसात शुरू होते ही सर्पदंश की घटनाएं बढ़ गई हैं। ज्यादातर घटनाएं ग्रामीण में हो रही हैं। जागरूकता की कमी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर समुचित इलाज न मिलने से लोगों की जान जा रही है। गंभीर हालत में जिला अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। जून से अब तक ऐसे 90 मरीज तीन प्रमुख अस्पतालों की इमरजेंसी में लाए गए। इसमें जुलाई के 18 दिनों में 34 मरीजों को अस्पताल लाया गया।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण के मुताबिक, मई में छह, जून में 13 और जुलाई में अभी तक सर्प दंश के 15 मरीज अस्पताल की इमरजेंसी लाए गए। सीएमएस डॉ. राजेश के मुताबिक, अस्पताल में मई में छह, जून में आठ और जुलाई में अभी तक 15 मामले आए हैं। लोकबंधु अस्पताल के निदेशक डॉ. सुरेश कौशल ने बताया जून में 20 और जुलाई में अभी तक सर्प दंश के शिकार सात लोग इमरजेंसी लाए गए।

प्रदीप कुमार

चार प्रजातियां ज्यादा खतरनाक

नेशनल अवार्ड से सम्मानित एमआरएसपी सेवा समिति के संयोजक प्रदीप कुमार पात्रा ने बताया कि लखनऊ शहर व आसपास खतरनाक प्रजाति के कोबरा, नाग, करैत, और वाइपर सांप पाए जाते हैं। नाग के फन पर त्रिशूल जैसी आकृति दिखती है। 10-15 फिट तक लंबे कोबरा के फन पर कोई आकृति नहीं होती है। जहरीले सांपों की श्रेणी में करैत टॉप-4 में है। वाइपर भूरे रंग का होता है। शरीर पर गोल छल्ले जैसी आकृति होती है।

दवा घर में रखें

प्रदीप ने बताया कि सर्प दंश में होम्योपैथिक दवा नाजा 200 कारगर है। ये किसी भी होम्योपैथिक दवा की दुकान पर छोटी सी शीशी में मिल जाती है। उन्होंने बताया कि दुनिया के सबसे जहरीले करैत सांप के जहर से बने ये दवा कभी एक्सपायरी नहीं होती है। सर्प दंश के बाद तीन घंटे अहम होते हैं। सांप के डसने के बाद दवा की एक-दो बूंद हर 10 मिनट में मरीज की जीभ पर डालते रहें। यह प्रक्रिया अस्पताल पहुंचने तक करनी है। मरीज को सोने न दें और झाड़-फंक चक्कर में न पड़ें।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति में मतिः।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

संपादकीय

रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्टेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेज से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत

> मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकाड्र्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकाड्र्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

प्रसंगवश

पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

> प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

सोशल फोरम

शिक्षा का उद्देश्य

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। -फेसबुक वॉल से

जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए?



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

प्राथमिकताआओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ.भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

एक नजर

किसानों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह एवं जिलाध्यक्ष विधि चंद यादव के नेतृत्व में किसानों ने शुक्रवार को तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार गरिमा भार्गव को सौंपा। दिए ज्ञापन में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दाहिनी पटरी के समनांतर खेतों का तक जाने के लिए मार्ग निर्माण तथा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के ही बाई पटरी पर समानांतर रोड किलोमीटर 45 .5 से ग्राम बरावां तक संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग 7 जून को की गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि 4 अगस्त तक उक्त मांग पूरी न की गई तो पांच अगस्त से संगठन सत्याग्रह करेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

युवक घर से लापता

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : घर से बिन बताए निकला युवक लापता हो गया। घर वालों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। भाई ने पुलिस को तहरीर देकर गुहार लगाई है। सतरिख थाना क्षेत्र के देबियापुर मजरे सहेलियां गांव निवासी अजीत कुमार यादव (27) घर से बिन बताए कहीं लापता हो गया। घर वालो के द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। भाई अनुज यादव ने पुलिस को तहरीर देकर खोज बीन करने की गुहार लगाई है।

छेड़छाड़ के दो दोषियों को कठोर कारावास

बाराबंकी : अमृत विचार : थाना जहांगीराबाद पर नाबालिग से छेड़छाड़ के सम्बन्ध में दर्ज मुकदमें में अभियुक्तगण नीरज चौहान पुत्र बाबूलाल निवासी हसरा मजरे निगरी थाना जहांगीराबाद और मुकुन्दी लाल पुत्र भगौती निवासी उदवतपुर थाना देवा को अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट नंबर 44 ने दोषसिद्ध करते हुए पांच-पांच साल का कठोर कारावास व सोलह-सोलह हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया। 11 दिसंबर 2028 को थाना जहांगीराबाद क्षेत्र अंतर्गत निवासी वादी ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में सूचना पुलिस को दी। इस सूचना के आधार पर थाना जहांगीराबाद पर दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक मदन पाल सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर आरोपी को 18 दिसंबर 2018 गिरफ्तार कर 188 दिनों में आरोप पत्र दाखिल कर न्यायालय में दाखिल कर दिया। जिसपर कोर्ट ने दोनों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

सावनी मेला: तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश, लोधेश्वर महादेवा मंदिर में की पूजा-अर्चना

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: डीएम व एसपी ने प्रशासनिक अमले के साथ शुक्रवार को लोधेश्वर महादेवा पहुंचकर सावनी मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही महादेवा चौकी पर बैठक कर संबंधित विभगीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पूरे मेला परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई और बैरीकेडिंग समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। जलहरी कुंड जल निकासी को गंभीरता से लेते हुए जानकारी ली। साफ सफाई, पेयजल, मार्ग और प्रकाश सहित सभी व्यवस्थाएं शनिवार की देर शाम तक पूरी कर लिए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बीडीओ सूरतगंज और रामनगर को प्रत्येक दशा में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने, दुकानों के सामने डस्टबिन रखवाने, अभरण तालाब पर प्राइवेट गोताखोर के साथ पीएसी की फ्लड कंपनी तैनात किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेला परिसर में लगी सभी सोलर लाइटों को सही करने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया। अभरण तालाब पर जाली न लगने पर एसडीएम से तत्काल कार्य पूर्ण कराने को कहा। मंदिर परिसर में लगे मधुमक्खी के छत्ते को हटाने के लिए निर्देश दिये। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के साथ भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक, खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक, खंड विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश पांडेय, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशोक कुमार खरवार और चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष कुमार त्रिपाठी सहित मेला व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना व जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महादेवा चौकी पर समीक्षा कर उन्होंने एसडीएम और सीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी दुकानों पर रेट बोर्ड लगवाएं। ईओ व लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को चौकाघाट चौराहे व केसरीपुर क्रॉसिंग के पास तिराहे पर विशेष लाइट लगवाने की जिम्मेदारी दिया। साथ ही बीडीओ सूरतगंज व रामनगर को शनिवार तक हर हाल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

मेला परिसर का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

उद्यमियों की समस्याओं का जल्द करें निस्तारण: डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी लाने के लिए सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्रों पर जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना है। जिलाधिकारी ने ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी, ईओ नगर पालिका संजय शुक्ल, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार, एलडीएम विवेक कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

47 विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर टीम ने लिये 25 नमूने

विक्रेता के यहां जांच करती कृषि विभाग की टीम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ एक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित, दो लोगों को कारण बताओ नोटिस

अमृत विचार: खरीफ बुवाई के लिये कृषकों को गुणवत्ता युक्त उर्वरक प्राप्त हो सके। इसके लिये जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की ओर से तहसीलवार गठित टीमों द्वारा शुक्रवार को कुल 47 उर्वरक विक्रेताओं के यहां छापे डालकर जिंक, माइक्रोन्यूट्रिट, सल्फर, फेरस व पोटास आदि के कुल 25 नमूने लिये गए। एक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित किया गया और दो विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा तहसील नवाबगंज में कुल 10 छापे डाले गये। सात उर्वरक के नमूने लिये गये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा तहसील हैदरगढ़ में कुल 13 छापे डाले गये। 10 उर्वरक के नमूने ग्रहित किये गये। एक विक्रेता मेसर्स मौर्या ट्रेडर्स, गेरावां द्वारा अभिलेख अपूर्ण प्रस्तुत करने पर उर्वरक विक्रय प्राधिकार-पत्र निलम्बित किया गया। साथ ही मेसर्स महाकाल ट्रेडर्स हरचन्दपुर द्वारा उपलब्ध उर्वरक से सम्बन्धित बिल प्रस्तुत न किये जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा तहसील रामनगर व फतेहपुर में कुल 11 बिक्री केन्द्रों पर छापे डाले गये। चार नमूने लिये गये और एक विक्रेता मेसर्स अवध एग्रो एजेन्सी रामनगर द्वारा कोई अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। तहसील रामसनेहीघाट में भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी द्वारा कुल सात छापे डाले गये और नमूने लिये गए। तहसील सिरौलीगौसपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती द्वारा कुल छह जगहों पर छापे डाले गये और एक नमूना ग्रहित किया गया। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने जिले के सभी विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी अनाधिकृत स्रोत या व्यक्ति से कोई उर्वरक का क्रय या विक्रय न किया जाए। जो भी क्रय किया जाए अधिकृत स्रोत से पक्के बिल के साथ ही क्रय किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान में उपलब्ध उर्वरक व अन्य सामग्री का बिल न पाये जाने की स्थिति में सम्बन्धित विक्रेता के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रावई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलेभर में आज लगाए जाएंगे 62 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में आज 62 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। भव्य कार्यक्रम अयोध्या मार्ग पर रसौली गांव के निकट विद्युत उपकेंद्र के पास वन विभाग की भूमि पर किया जाएगा। पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत शासन द्वारा नामित नोडल मंत्री और अधिकारी द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर नोडल वन विभाग ने देर शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके बाद जिले भर में पौधरोपण शुरु हो जाएगा। 27 अन्य विभागों को मिले लक्ष्य के आधार पर पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के साथ समाजसेवियों को भी शामिल किया गया है।

शहर से लेकर गांव गलियारों तक आज एक पर्व की तरह पौधरोपण कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम दिए गए थीम के तहत मुख्य कार्यक्रम वन विभाग की देखरेख में अयोध्या हाईवे पर रसौली ग्राम सभा स्थित वन विभाग की भूमि पर पौधरोपण किया जा रहा है। यहां पर आज शासन द्वारा नामित राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा और नोडल अधिकारी मुख्य सचिव चीनी एवं गन्ना रीता कुमारी द्वारा पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस स्थान पर जहां विभिन्न प्रजातियों के 2400 पौधे अफसरों, जनप्रतिनिधियों व बच्चों द्वारा रोपित किए जाएंगे। वहीं पूरे जिले में लक्ष्य के आधार पर 62 लाख पौधे लगेंगे। प्रत्येक पौधों की जीओ टैगिंग भी होगी। लक्ष्य को पूरा करने के लिए 27 विभागों को भी जिम्मेदारी मिली थी। यह विभाग भी अपने-अपने कार्यालय परिसर व भूमि पर लक्ष्य के अनुसार पौधरोपित कर उनका संरक्षण करेंगे।

रसौली में होने वाले मुख्य आयोजन को लेकर नोडल वन विभाग ने देर शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। वन विभाग की नर्सरियों से देर शाम तक सभी विभागों को उनकी मांग के अनुसार पीपल, बरगद, नीम, जामुन, आम, पाकड़, सागौन, अमरूद, गुलर, यूकेल्पटिस समेत विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और औषधिय पौधे उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा मुख्य आयोजन स्थल के साथ ही जिले भर में पौधारोपण के लिए गड्ढों को तैयार कर लिया गया है। डीएफओ आकाशदीव वधावन ने बताया कि रसौली में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। 62 लाख पौधे पूरे जिले में लगाए जाएंगे।

अभियान के तहत पौधरोपण करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। (फाइल फोटो)

▸▸ रसौली के निकट वन विभाग की भूमि पर नोडल मंत्री और अफसर करेंगे अभियान की शुरुआत

लखनऊ हाईवे पर रोपित होंगें 500 नीम के पेड़

वन विभाग द्वारा लखनऊ हाईवे पर चौपुला तक 500 नीम के पेड़ आज रोपित कराएगा। यह नीम के पेड़ 12 फुट के होंगे। इनकी सुरक्षा के लिए इन पौधों को ट्री गार्ड से कर्वड किया जाएगा ताकि मवेशी इन्हें नष्ट न कर सकें। इन विशेष पौधों को लगाने के पीछे मंशा है कि इस औषधीय पेड़ से छाया के साथ हाईवे की खूबसूरती भी बढ़ेगी। 12 फुट के इन पौधों को लगाने के लिए गड्ढों को खोदा गया है। इन पौधों को लगाने की बात डीएफओ ने की है। विभाग के मुताबिक जिले में अभियान को सफल बनाने और पर्यावरण सरंक्षण हेतु पौधरोपण कराने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।

संदिग्ध हालात में मिला अधेड़ का शव

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार: संदिग्ध हालात में मृत पड़े अधेड़ को लोनी कटरा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना लोनी कटरा अन्तर्गत ग्राम पकौली स्थिति धेनुहा तालाब में लखनऊ के थाना नगराम अन्तर्गत ग्राम हुसैनाबाद निवासी हरिश्चंद्र कहार 50 वर्षीय सीघाडां की खेती करता था। शुक्रवार को लगभग ढाई बजे दिन में ग्राम वासीयों ने हरिश्चंद्र को अचेत अवस्था में देख स्थानीय लोनी कटरा पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने नजदीक से पहुंच कर देखा तो हरिश्चंद्र मृत्यु अवस्था में पड़ा था। उसकी नाक से खून भी निकल रहा था। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि मृत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा अनुमान लगाया जा रहा है किसी विषैले जीव ने हरिश्चंद्र को काटा होगा।

सार-संक्षेप

चोरी के प्रयास का वीडियो वायरल

कोठी, बाराबंकी : अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठेका देसी शराब की दुकान में चोरी का प्रयास करने आए दो चोरों की फुटेज सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। मामले में कोठी पुलिस छानबीन कर रही है। मामला कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैसरगंज चौराहा स्थित ठेका देसी शराब का है। जहां पर बीती देर रात दुकान बंद कर सेल्समैन अजय जयसवाल घर चला गया और बाहर लगे कैमरे में दो अज्ञात व्यक्ति चोरी करने आए। जिसमें एक का चेहरा ढका था। वहीं दूसरे का चेहरा साफ दिखा। जो कैमरा को उखाड़ने लगे। जिससे उनकी फुटेज सीसीटीवी में कैप्चर हो गई। उन्होंने कैमरा व बल्ब निकालकर चोरी करने का प्रयास भी किया। लेकिन असफल रहे। सुबह दुकानदार ने जानकारी होने पर इसका इसकी सूचना कोठी पुलिस को देकर वीडियो को वायरल किया। जिस पर कोठी पुलिस फोटो के आधार पर मामले की जांच कर चोरों की तलाश कर रही है।

सचिव पर भुगतान न करने का आरोप

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : थाल खुर्द के ग्राम प्रधान सुनील यादव ने एडीओ पंचायत को प्रार्थना पत्र देकर पंचायत सचिव श्यामली जयसवाल पर भुगतान न करने का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान का कहना है कि जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा सामुदायिक शौचालय का संचालन न होने के कारण जिला पंचायत अधिकारी के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था। 15 दिनों के अंदर मेरे द्वारा आश्वासन दिया गया था। 90 फीसदी सामुदायिक शौचालय में कार्य करवा दिया गया, लेकिन पंचायत सचिव के द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा।

पीड़ित के खाते में वापस आए एक लाख रुपये

पीड़ित को रकम वापस करते प्रभारी साइबर क्राइम विजय सिंह सिरोही।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार : यूपीआई के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर निकाले गये एक लाख रुपये साइबर थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराये गए। देव प्रकाश गौतम पुत्र विश्राम निवासी बड़ेल राजश्री नगर थाना कोतवाली नगर के साथ क्रेडिट कार्ड पर लगी अतिरिक्त सर्विस को बंद करने के संबंध में ऐप के माध्यम से फोन हैंग व साइबर फ्रॉड कर एक लाख रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिस पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा साइबर थाना को त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने के लिये निर्देशित किया। जिसपर तत्काल प्रभारी साइबर क्राइम थाना विजय सिंह सिरोही और उनकी टीम द्वारा तकनीक का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर पीड़ित के एक लाख रुपयों को पीड़ित खाते में वापस कराया गया।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार : मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहरा-छेदा मार्ग पर गुरुवार देर रात कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे के बाद अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पेड़ से टकराकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में घायल बाइक सवार को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार इसी थाना क्षेत्र के गंधीपुर मजरे गौरा सैलाक निवासी पंकज सिंह बेलहरा कस्बे में रेडीमेड की दुकान संचालित करते हैं। गुरुवार देर रात वह दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। तभी बेलहरा-छेदा रोड पर स्थित बाहुबली कोल्ड स्टोर के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा कर गड्ढे में जा गिरी। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और हादसे में गंभीर रूप से घायल पंकज को इलाज हेतु ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। पंकज के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।

एसडीएम ने छात्र- छात्राओं को वितरित किए टैबलेट

बनीकोडर, बाराबंकी : अमृतविचार : रामखेलावन महाविद्यालय शेषपुर असंद्रा में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ ने छात्र- छात्राओं को टैबलेट वितरित किए।क\लेज सभागार में आयोजित समारोह में एसडीएम हैदरगढ़ अनुराग सिंह ने कुल 125 छात्र - छात्राओं को टैबलेट वितरित किए ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि टैबलेट से छात्र तकनीकी और डिजिटल रूप से मजबूत होंगे ।छात्रों की पढ़ाई में यह काफी उपयोगी साबित होगा ।

हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में बंद कराईं दुकानें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में डेरा डाले एनएसजी ने आपात स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार रात पूर्वभ्यास किया। इससे पहले पुलिस ने सात बजे हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में प्रसाद समेत अन्य दुकानों को बंद कर दिया। थाना प्रभारी राम जन्मभूमि देवेंद्र पांडे दुकानों को बंद करने व जगह खाली करने का अनाउंस करते रहे और आधे घंटे में ही दुकानों के शटर गिर गये। लोग कौतूहल वश एक दूसरे से माजरा जानने और समझने की कोशिश में जुटे रहे। पुलिस ने हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं को सुबह आकर दर्शन करने की हिदायत देकर हटाया, शुक्रवार देर रात खबर लिखे जाने तक पूर्वाभ्यास जारी था।

राम जन्मभूमि परिसर के निकट दशरथ महल के पास आतंकी हमले से बचाव का पूर्वाभ्यास करते एनएसजी के कमांडो। अमृत विचार

रात तीन घंटे राम मंदिर के आसपास चला था पूर्वाभ्यास

गुरुवार देर शाम बक्सर बंद वाहनों व वाहनों के काफिले के साथ पुलिस लाइन से शक्ति प्रदर्शन करते हुए राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे एनएसजी के कमांडो ने एटीएस व पुलिस के साथ राम जन्मभूमि परिषद में तीन घंटे तक पूर्वाभ्यास किया था। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों की निगरानी में हुए इस पूर्वाभ्यास में संयुक्त रूप से कमांडो दस्ते ने आपात स्थिति में हालात से निपटने का रिहर्सल किया था। रिहर्सल के बाद विभिन्न प्वाइंटों पर लगाए गए कमांडो की हरकतों और गतिविधियों की समीक्षा कराई गई।

8 माह में बनेगा उत्तर भारत का पहला आयताकार परकोटा वाला राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर की सुरक्षा में बन रहे आयातकार परकोटे का निर्माण कार्य लगभग 40 प्रतिशत अब तक पूरा हो गया है। यह कार्य अगले 8 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए 2000 से अधिक मजदूर लगाए गए है जो तीन अलग अलग शिफ्ट में कार्य कर रहे है।

▸▸ अब तक 40 प्रतिशत निर्माण हुआ पूरा

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। आगामी दिसंबर तक मंदिर के शिखर तक का कार्य पूरा हो जायेगा। वहीं मंदिर की सुरक्षा के साथ उसकी भव्यता को बढ़ा रही 800 मीटर लम्बे परकोटे का निर्माण भी मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ मदिर परिसर में बन रहे अन्य मदिरों का निर्माण शुरू हो गया है। उन्हें भी पत्थरों से ही तैयार किया जा रहा है।

भूतल पर है रामलला का सिंहासन : चंपत राय

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामलला का सिंहसान मंदिर के भूतल पर है। उसके प्रथम तल पर भगवान राम, माता जानकी अपने तीनों भाइयों और हनुमान जी के साथ विराजित होंगे। मंदिर के चारों ओर परकोटा बनेगा। उसके चार कोने होंगे जो कि आयतकार है। जिसके चारों अलग अलग कोने पर सूर्य, गणपति, भगवती और शंकर के पंचायतान मंदिर बनेंगे ।आयताकार में दो तरफ की भुजायें लम्बी होती है। इन भुजाओं में हनुमान जी और दूसरी भुजा में माता अन्नपूर्णा देवी का मंदिर होगा। इसके अलावा राम मंदिर के निकट शेषवतार के रूप में लक्ष्मण का मंदिर बन रहा है। महर्षि बाल्मीकि, विश्वामित्र, गुरु वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य इसके अलावा निषाद, शबरी, अहिल्या और रामायण को समाज के बीच पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास का भी मंदिर बनेगा।

गर्भगृह में विराजमान रामलला

एससीआर का स्वागत, किसानों को मिले उचित मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

▸▸ योगी कैबिनेट के फैसले पर बोले सांसद तनुज पुनिया

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया और दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर प्रस्तावित लखनऊ स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के लिए अधिसूचना जारी कर दी। इसके तहत लखनऊ के आसपास राज्य राजधानी क्षेत्र बनाया जाएगा। लखनऊ के आसपास के 6 जिलों के अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की गई है। इसमें बाराबंकी जिले को भी शामिल किया गया है। योगी सरकार के इस फैसले का बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र का विकास हो यह अच्छी बात है, लेकिन इसमें जिले के किसानों को उचित मुआवजा मिले सरकार को इस और भी ध्यान देना पड़ेगा।

सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि वह योगी सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं, क्योंकि यह उनके संसदीय क्षेत्र के विकास से जुड़ा हुआ है। तनुज पुनिया ने कहा कि एससीआर में जिले के तमाम ग्रामीण इलाके भी आएंगे। जहां के किसानों की जमीनों का भी अधिग्रहण होगा। ऐसे में बाराबंकी संसदीय क्षेत्र का विकास हो यह उनकी भी मंशा है। लेकिन इस विकास में किसानों की अनदेखी न हो। सांसद तनुज पुनिया ने योगी सरकार से मांग करते हुए कहा कि उनके जिले का अधिकांश हिस्सा खेती किसानी से जुड़ा है। ऐसे में गरीबों व किसानों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होना चाहिए। वहीं एससीआर में बाराबंकी का 4402 हेक्टेयर क्षेत्रफल शामिल हुआ है।

अभियान | स्कूल में स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान ने किया पौधरोपण

पेड़-पौधे हमारे लिए ऑक्सीजन का हैं स्रोत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार: 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण, पौध संरक्षण संकल्प अभियान के तहत स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान बाराबंकी द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल ग्राम छंदवल ब्लॉक बनीकोडर में वृहद पौधरोपण एवं पौध संरक्षण का संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे लिए ऑक्सीजन का स्रोत हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य व पूर्व उपायुक्त एसराम, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी, पूर्व बैंक अधिकारी जेएल भास्कर सहित स्कूल के प्रबंधक, शिक्षक, चाइल्ड लाइन 1098 की टीम सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों ने स्कूल परिसर में आम, आंवला,कटहल, नींबू, सागौन, सहजन, नीम आदि पौधे रोपित किया। स्कूल में पौधरोपण के उपरांत पौध संरक्षण का संकल्प लिया। संगोष्ठी में पूर्व उपायुक्त ने जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गर्मी, बाढ़ सूखा आदि की बढ़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को जनअभियान बनाने की अपील किया। डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि हर व्यक्ति को जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन जरूरी है, पेड़ पौधे ही हमारी ऑक्सीजन के स्रोत हैं। इस मौके पर 50 बच्चों, और उनके अभिभावकों को पौधे वितरित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार, विनोद कुमार, वन्दना, शारदा, पूनम, सरिता, प्रिया, जियालाल, सरोज, सरस्वती, वीरेंद्र, अवधेश, अमित, जीनत, अंजली, अंचल, राहुल, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण करते कार्यक्रम के अतिथि। अमृत विचार

रेल दुर्घटना से जुड़ी संक्षिप्त खबरें

परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रहीं रेलगाड़ियां

मनकापुर, गोंडा। मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ जं. से 19 जुलाई को चलने वाली 12532 लखनऊ जं.-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते, 18 जुलाई को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते और 19 जुलाई को चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी।

निरस्त रही अयोध्या धाम मनकापुर पैसेंजर

मनकापुर, गोंडा। ट्रैक मरम्मत के कारण शुक्रवार को अयोध्या धाम मनकापुर पैसेंजर ट्रेन निरस्त रही। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि अयोध्या धाम से 19 जुलाई को चलने वाली 04260 अयोध्या धाम-मनकापुर विशेष गाड़ी निरस्त की गयी है। मनकापुर से 19 जुलाई को चलने वाली 04257 मनकापुर-अयोध्या धाम विशेष गाड़ी, अयोध्या धाम से 19 जुलाई को चलने वाली 04258 अयोध्या धाम-मनकापुर विशेष गाड़ी व मनकापुर से 19 जुलाई को चलने वाली 04241 मनकापुर-अयोध्या धाम विशेष गाड़ी को निरस्त किया गया है।

रेलवे ने घायलों को दी 50-50 हजार की सहायता

गोंडा। गुरुवार को रेल हादसे में घायल हुए 8 यात्रियों को रेलवे की तरफ से 50-50 हजार रुपये की नकद सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

एक दिन पहले ही हुई थी ट्रैक की मरम्मत

गोंडा/मनकापुर। बताया जा रहा है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां एक दिन पहले ट्रैक की मरम्मत कराई गई थी। इस स्थान पर यात्री ट्रेनों को 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने की परमीशन थी, लेकिन गुरुवार को किसी तरह का सतर्कता आदेश जारी नहीं हुआ था।

गोंडा रेल हादसा: ट्रैक से हटाई गईं क्षतिग्रस्त बोगियां

महाप्रबंधक समेत रेलवे के अन्य अफसर घटनास्थल पर रहे मौजूद, 800 कर्मचारियों ने की ट्रैक की मरम्मत

संवाददाता, मनकापुर

अमृत विचार: चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज गति से पूरा किया गया। इस काम के लिए रेलवे के 800 कर्मचारी लगाए गए थे। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर समेत विभाग की आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे और उनकी निगरानी में ट्रैक की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर हुआ।

शुक्रवार को क्षतिग्रस्त बोगी को हटाए जाने के बाद उसके नीचे दबा हुआ शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस हादसे में करने वाले वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक यात्री की शिनाख्त में जुटी हुई है। रेलवे ट्रैक के आसपास पड़ी बोगियों को जेसीबी के सहारे हटा दिया गया और ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया गया।

हादसे के बाद ट्रैक की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

इस दौरान रेलवे के आला अफसर भी घटनास्थल पर मौजूद रहे और मरम्मत कार्य की निगरानी कर रहे।

बता दें कि चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। 10 यात्रियों की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। चार यात्री जिले के मेडिकल कालेज में भर्ती कराए गए हैं जबकि चार यात्रियों को शहर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो यात्रियों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। उन्हे लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। वहीं हादसे के बाद पुलिस प्रशासन व रेलवे विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी रात रेस्क्यू अभियान चलता रहा। ट्रैक पर फंसी बोगियों को हटाने को लिए 15 जेसीबी मशीनों को बुलाया गया था। रात भर जेसीबी से बोगियों को ट्रैक से हटाकर किनारे किया जाता रहा। ट्रैक खाली होने के बाद टूटी पटरियों के मरम्मत का काम शुरू हुआ। ट्रैक मरम्मत के लिए करीब 800 रेल कर्मचारी लगाए गए थे। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर, आरपीएफ आईजी तारिक अनवर, कमांडेंट चन्द्र मोहन मिश्र, डीआरएम आदित्य कुमार, अधीक्षण अभियंता मुख्यालय गोरखपुर आईआरएस अखिलेश त्रिपाठी, पीसीई रंजन यादव व पीसीएमयू मनोज अग्रवाल की देखरेख में ट्रैक मरम्मत का काम तेजी से किया गया। जीएम सौम्या माथुर ने बताया कि कोशिश की गई है कि ट्रैक की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए ताकि इस रूट को बहाल किया जा सके। शुक्रवार देर शाम तक ट्रैक पर रेलगाड़ियों का आवागमन बहाल कर दिया गया।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर रेस्टोरेशन का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। 800 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को रेस्टोरेशन कार्य में लगाया गया था। इसके फलस्वरूप अप लाइन को डीजल फिट दिया गया है। रिलीफ मैटेरियल के आवागमन तथा डाउन लाइन पर रेस्टोरेशन कार्य के लिए इस लाइन का ब्लाक लिया गया है तथा शीघ्र ही डाउन लाइन को भी फिट कर दिया गया है। तब तक इस मार्ग की गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया गया।

ट्रैक के बगल में भरा था पानी, पटरियों के बीच हो गया था गैप

संवाददाता, गोंडा/ मनकापुर

अमृत विचार : मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच जहां चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन डिरेल हुई थी वहां ट्रैक पर पानी भरे होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि पानी के चलते ट्रैक के नीचे की मिट्टी दरक गई थी जिससे पटरियों में गैप हो गया था। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पटरी की खराबी भी पायी गयी है। कहा जा रहा है कि इसी खराबी के कारण हादसा हुआ। हादसे के बाद पटरी ट्रैक से छिटककर चार फीट दूर जा गिरी। हादसे की जांच के लिए शुक्रवार की देर शाम रेल संरक्षा आयुक्त व रेलवे की सीआरएस की टीम घटनास्थल पर रात भर हादसे के कारणों की पड़ताल करती रही और सुबह करीब 11 बजे चली गयी। जांच में क्या मिला इसकी जानकारी नहीं दी गयी। हादसे के कारणों को लेकर रेलवे के अफसरों के तरफ से भी अभी स्पष्ट कुछ नहीं कहा गया है। शुक्रवार को जीएम सौम्या माथुर ने बताया कि हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। 10 यात्रियों की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। हादसे की जांच के लिए रेलवे विभाग ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया है। शुक्रवार की देर शाम करीब 8:00 बजे सीआरएस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और हादसे के कारणों की पड़ताल की। टीम ने घटनास्थल से दो किमी दूर तक के रेल पटरियों को चेक किया।

डाउन लाइन की ट्रैक लिंकिंग का काम पूरा

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई रेल पटरियों के मरम्मत का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। उम्मीद है कि देर रात तक इस मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन बहाल हो जायेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि अप लाइन को विद्युत लाइन के साथ फिट कर दिया गया है। इस लाइन का ब्लाक लेकर रिलीफ मैटेरियल के आवागमन तथा डाउन लाइन पर रेस्टोरेशन कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

रेल संरक्षा आयुक्त 21 से करेंगे दुर्घटना की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोंडा-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच बीते गुरुवार को चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच 21 जुलाई से शुरू होगी। रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना दोनों स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुए इस हादसे की जांच करेंगे। रेल संरक्षा आयुक्त घटना स्थल का निरीक्षण करेंगे और उसके बाद अशोक मार्ग स्थित डीआरएम कार्यालय में हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटायेंगे और पड़ताल करेंगे। हादसे के बाद रेलवे ने अब तक जो भी रिपोर्ट तैयार की है, रेल संरक्षा आयुक्त उस संयुक्त रिपोर्ट को भी देखेंगे। साथ ही इस घटना से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किये जायेंगे। बताते चले कि इसी माह की शुरुआत में रेल संरक्षा आयुक्त ने उन्होंने गोंडा-कचहरी करनैलगंज का निरीक्षण किया था। चंडीगढ़- डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण अब तक पटरी की बकलिंग की समस्या बताई जा रही है।

घायलों के लिए संगठनों ने दिखाई दरियादिली

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: रेल हादसे में घायल हुए यात्रियों की मदद में जिले के सामाजिक संगठनों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घायलों की जान बचाने के लिए कई जन संगठनों ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। जिले के प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉ अनीता मिश्रा ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

घायलों को खून की जरूरत पड़ी तो जिले के सामाजिक संगठन आगे आए। इंकलाब फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों के लिए रक्तदान किया और उनकी जान बचाई।

घायलों का हाल पूछते अटेवा के शिक्षक। अमृत विचार

फाउंडेशन की संरक्षकऔर गोंडा मेडिकल सेंटर की डायरेक्टर डॉ अनीता मिश्रा ने भी रक्तदान किया। उनके साथ पीयूष पांडे, नवनीत सिंह, दिनेश शर्मा, करुणा नंदन मिश्रा, विपुल पाठक सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के बाद डॉ अनिता मिश्रा ने कहा कि इस हादसे से सभी की आंखे नम हैं। घायलों की सहायता के लिए रक्तदान किया है। संस्था के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि रेल हादसे के बाद से ही इंकलाब फाउंडेशन की टीम लगातार सहयोग में लगी हुई है।

शिक्षक संगठन अटेवा ने घायलों को बांटे फल

गोंडा। ट्रेन हादसे में घायल हुए लोगों की मदद के लिए शिक्षक संगठन भी आगे आया है। अटेवा के जिलाध्यक्ष अमर यादव ने मेडिकल कालेज पहुंचकर घायलों का कुशल क्षेम जाना और उन्हे फल, मंजन, बिस्किट, साबुन, नमकीन, ग्लूकॉन डी, पानी सहित अन्य सामग्री का वितरण किया। अटेवा के पदाधिकारियों ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर संगठन प्रभारी गौरव पांडेय, जिला महामंत्री शिवकुमार, ज़िला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन कोषाध्यक्ष अब्दुल खालिक आदि मौजूद रहे।

ट्रेनों के डिब्बों में लगाये जा रहे बॉयो टॉयलेट

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार। डिफेन्स रिसर्च एवम डेवलपमेंट संस्थान (डीआरडीओ) के तकनीकी सहयोग से ट्रेनों के सवारी डिब्बों में बॉयो टॉयलेट लगाये जा रहे हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे की सभी सवारी गाड़ियों के डिब्बों में लगभग 11 हज़ार बायो टॉयलेट लगाए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार परंपरागत टॉयलेट से स्टेशनों एवं रेलवे ट्रैक पर अत्यधिक गंदगी को देखते हुए वर्ष 2013 से ट्रेनों के सवारी डिब्बों में बायो टॉयलेट लगाने का कार्य शुरू किया गया था। बायो-टॉयलेट एक संपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन समाधान है जो बैक्टीरिया इनोकुलम की मदद से ठोस मानव अपशिष्ट को बायो-गैस और पानी में बदल देता है। समय समय पर आवश्यकतानुसार मात्रा कम होने पर इन बैक्टीरिया को बायो टैंक में डाला जाता है। बायो-टॉयलेट का बचा हुआ पानी रंगहीन, गंधहीन और किसी भी ठोस कण से रहित होता है। इसके लिए किसी और उपचार/अपशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता नहीं होती है, जिससे वातावरण पर्यावरण अनुकूल रहता है। बायो-टॉयलेट के प्रयोग से रेल लाइन पर अपशिष्ट पदार्थ एवं पानी नहीं गिरता है, जिससे जंग आदि की समस्या नहीं होने से रेलवे ट्रैक की गुणवत्ता एवं उम्र में बढ़ती है। बायो-टॉयलेट के प्रयोग से कोच मेंटेनेंस स्टाफ को भी डिब्बे के नीचे अंडर फ्रेम में कार्य करते समय गंदगी और बदबू से राहत मिलती है।

ट्रेनों में लगाये जा रहे बॉयो टॉयलेट।

कैप्टन शशि किरण के अनुसार समय-समय पर इन बायोटॉयलेट के उन्नयन हेतु भी प्रयास किये जा रहे हैं। इन बायो टॉयलेट के उपयोग के दौरान यात्री फीडबैक एवं अन्य समस्याओं को दूर करते हुए कई बदलाव किये गए हैं। कहा कि यात्रियों से अनुरोध है कि इन शौचालयों के सही तरह से कार्य करने हेतु रेलवे का सहयोग करें।

रेलवे की शुभ रथ यात्रा को सराहा

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार। भारतीय रेल ने शुभ रथ यात्रा के दौरान पुरी से 15 लाख से अधिक यात्रियों के सफल प्रबन्धन एवं परिवहन की घोषणा की है। भारतीय रेल ने उत्सव में भाग लेने वाले भक्तों के लिए एक सुगम तथा आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की है। भारतीय रेल ने 15 लाख यात्रियों का कुशलतापूर्वक परिवहन किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे रथ यात्रा अवधि के दौरान सुरक्षित और आराम से अपने गंतव्य तक पहुंचें। रेलवे की शुभ रथ यात्रा को विभिन्न प्रदेशों से आये यात्रियों और श्रद्धालुओं ने जमकर सराहा।

एक बार में 15,000 तीर्थयात्रियों/भक्तों को समायोजित करने के लिए पुरी रेलवे स्टेशन पर अस्थायी और स्थायी मेला शेड बनाए गए हैं। जिनमें विश्राम, शौचालय और स्नान की सुविधा प्रदान की गई। ओडिशा के 25 जिलों को पुरी से जोड़ने वाली विशेष ट्रेनें चलाई गईं, जिससे भक्तों के लिए आसान पहुंच की सुविधा मिली। एआई-आधारित डायनेमिक शेड्यूलिंग सिस्टम का उपयोग करके विशेष ट्रेनें चलाई गईं, जिससे भारतीय रेल को उच्च-मांग वाले गंतव्यों के लिए तुरंत अतिरिक्त ट्रेनें उपलब्ध कराने में मदद मिली।

त्योहार के दौरान कुशल परिवहन सुनिश्चित करने के लिए तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 315 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई गईं। आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम और पलासा, छत्तीसगढ़ में जगदलपुर एवं रायपुर तथा पश्चिम बंगाल में हावड़ा/सियालदह और मालदा टाउन सहित पड़ोसी राज्यों को रथ यात्रा के लिए पुरी से जोड़ने वाली विशेष ट्रेनें

पुरी रेलवे स्टेशन पर भीड़ को प्रबंधित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) के जवानों को तैनात किया गया था। स्टेशन पर पी.ए. सिस्टम लगाए गए, जिनमें पूछताछ काउंटर और ट्रेन के आगमन और प्रस्थान की जानकारी प्रदर्शित करने वाली बड़ी वीडियो दीवारें शामिल थीं। अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटर, एटीवीएम काउंटर एवं मोबाइल टिकट काउंटर उपलब्ध कराए गए। रथ यात्रा सुविधाओं से सम्बन्धित जानकारी के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप और ईसीओआर यात्रा ऐप लॉन्च किए गए। सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किये गए हैं। पुरी रेलवे स्टेशन पर एम्बुलेंस सेवाओं के डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को तैनात किया गया था। त्योहार के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति और लगातार पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की गई, पानी के टैंकर तैयार रखे गए। रथ यात्रा के दौरान सार्वजनिक उपयोगिता वाले क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। पुरी रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा के अलावा, चाय, नाश्ता, पानी की बोतलें और जनता भोजन बेचने की व्यवस्था की गई थी। प्रमुख मार्ग के स्टेशनों पर अतिरिक्त खाद्य स्टॉल संचालित किए गए थे। स्थायी और अस्थायी दोनों मेला शेडों में पर्याप्त शौचालय और स्नानघर की सुविधा प्रदान की गई थी। यात्रियों को मार्गदर्शन करने, ट्रेन के शेड्यूल, यात्री सुविधाओं एवं रथ यात्रा के अनुष्ठानों तथा समय के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए सहायता डेस्क स्थापित किए गए थे। पुरी रेलवे स्टेशन पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।

भारतीय रेलवे द्वारा प्रदान की गई व्यापक व्यवस्था और सुविधाओं की देश के विभिन्न भागों से आए श्रद्धालुओं ने अत्यधिक सराहना की है। श्रद्धालुओं/तीर्थयात्रियों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया, रथ यात्रा में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए आरामदायक और सुरक्षित अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेल की समर्पण एवं सावधानीपूर्वक योजना को रेखांकित करती है।

वर्ग पहेली-136

बाएं से दाएं

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

ऊपर से नीचे

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।



वर्ग पहेली -135 का हल

1 टु	■	■	■	2 नि
3 क	व	ल	4 न	ग
ड़ा	■	■	भ	ह
■	■	5 अ	च	क
6 ख़ा	स	क	र	7 द
वि	■	ड़	■	शा
द	■	फ़ों	■	8 बा ग

सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8	9				
3		6					8	
	4		2			5		1
	5		3		1	8	7	
8		2				1		6
	9	1	5		8		4	
1		9			4		3	
	7					6		8
				5	9			

सुडोकू -48 का हल

4	9	7	5	2	1	8	3	6
2	3	5	6	9	8	1	7	4
6	1	8	4	3	7	9	5	2
3	4	2	1	7	5	6	8	9
8	5	6	3	4	9	7	2	1
1	7	9	2	8	6	5	4	3
7	8	4	9	6	2	3	1	5
5	6	3	8	1	4	2	9	7
9	2	1	7	5	3	4	6	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

वृष — आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

मिथुन — आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें, इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

कर्क — आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

सिंह — आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

कन्या — आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

वृश्चिक — आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

धनु — आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

मकर — आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

कुंभ — आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

मीन — आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- एतराज — दोपहर : 12.11
- वेलकम बैक — शाम : 06.41

&pictures
- बागी — सुबह : 10.53
- गदर 2 — रात : 07.30

SONY PIX
- लाइट्स आउट — सुबह : 07.29
- स्पाइडर मैन — रात : 06.16

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.37
- स्पाइडर — शाम : 05.18

colors CINEPLEX
- मोहब्बत — सुबह : 09.20
- ओएमजी — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

एक नजर

50 हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

बरेली। थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। शामली के थाना आदर्श मंडली के गांव टिटोली निवासी धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

13 अधिकारियों के 54 ठिकानों पर छापे मारे

बेंगलुरु। कर्नाटक लोकायुक्त ने 13 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को पांच जिलों में उनसे जुड़े 54 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी के दौर 50 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति का पता लगाया। लोकायुक्त द्वारा जिन 13 अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई उनमें वैध माप पद्धति के उप नियंत्रक अतहर अली भी शामिल हैं।

गोवा तट के पास मालवाहक पोत में आग लगी

पणजी : गोवा से लगभग 102 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में खतरनाक माल ले जा रहे एक मालवाहक जहाज में भीषण आग लग गई है। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने शुक्रवार देर शाम यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि खराब मौसम और समुद्र में ऊंची लहर से जूझते हुए आईसीजी का एक जहाज अग्निशमन अभियान संचालित कर रहा है और आईसीजी के दो और जहाज घटनास्थल की ओर जा रहे हैं। तटरक्षक बल ने बताया कि मुंद्रा से कोलंबो जा रहा यह व्यापारी जहाज कथित तौर पर खतरनाक सामान ले जा रहा था और इसके अगले हिस्से में विस्फोट हुआ।

जलवायु परिवर्तन से निपटना मानवता बचाने के लिए जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को किया रेखांकित

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन एक ऐसा बम है जो हर पल टिक-टिक करता रहता है और यदि इस समस्या का समाधान खोजने के लिए सामूहिक प्रयास नहीं किए गए तो कोई भी चीज मानवता को नहीं बचा पाएगी।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि जलवायु संकट से लड़ना सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक ऐसा बम है जो हर पल टिक-टिक करता रहता है। हमारे पास कोई विकल्प नहीं रह गया है। यह अब ऐसी समस्या है, जो सामने खड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जलवायु परिवर्तन से निपटा नहीं गया तो यह भेदभाव रहित होगा और बिना किसी अपवाद के सभी को प्रभावित करेगा। धनखड़ ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए एक ही मानसिकता में होना होगा। क्योंकि अगर इसे नहीं सुलझाया गया तो यह किसी को नहीं बख्शेगा। इसमें कोई अपवाद नहीं होगा। आपके पास कोई सुरक्षित जगह नहीं होगी। आपके पास खुद को बचाने के लिए बंकर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु संकट को रोकने के लिए गंभीरता से काम करने वाले अग्रणी देशों में से एक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने एक महत्वाकांक्षी यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा कि इसने 2030 तक अपनी स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त करने और 2070 तक शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को कोई एक देश अकेले हल नहीं कर सकता।

रजिस्ट्रेशन में वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राहत

▸▸ घर बैठे वेबसाइट पर जाकर उठा सकेंगे सुविधा का लाभ

अमृत विचार : वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए वाहन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन सेवाओं पर क्लिक करना होगा और वाहन संबंधी सेवा का विकल्प चुनना होगा। सेवाओं में से मोबाइल नंबर अपडेट (आधार आधारित) विकल्प चुन कर फॉर्म में पंजीकरण संख्या, पूर्ण चेचिस नंबर, पूर्ण इंजन नंबर, पंजीकरण तिथि और फिटनेस-पंजीकरण की समाप्ति तिथि भरनी होगी और शो डिटेल बटन पर क्लिक करनी होगी, जिसके बाद संबंधित जानकारी उपलब्ध होगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

न्यायविद हनुमान मंदिर मामले की रिपोर्ट तलब

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट के सामने न्यायविद हनुमान मंदिर के लिए हो रहे अवैध निर्माण को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया।

शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने बताया कि आपत्तिजनक निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है और मलबे को हटाने में एक सप्ताह का समय लगेगा। इस संबंध में की गई कार्यवाही के विषय में स्थिति रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख पर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ के समक्ष हुई।

उदयभान करवरिया को मिली समय पूर्व रिहाई

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ राज्यपाल की मंजूरी के बाद जारी हुआ आदेश

अमृत विचार : नैनी सेंट्रल जेल में बंद भाजपा के पूर्व विधायक उदय भान करवरिया की समयपूर्व रिहाई का आदेश शुक्रवार को राज्यपाल की मंजूरी के बाद कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं विभाग ने जारी कर दिया। जेल में उनके अच्छे आचरण को देखते हुए सरकार ने उन्हें रिहा करने का फैसला किया है।

राज्यपाल की मंजूरी के बाद कारागार विभाग ने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की रिहाई का आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि 30 जुलाई 2023 तक उदयभान करवरिया ने आठ वर्ष तीन माह 22 दिन की अपरिहार सजा और आठ वर्ष नौ माह 11 दिन की सपरिहार सजा काट ली है। एसएसपी और डीएम प्रयागराज द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति किए जाने, जेल में करवरिया का आचरण उत्तम होने और दयायाचिका समिति द्वारा की गई संस्तुति के चलते समयपूर्व रिहाई का आदेश किया जा रहा है। आदेश में कहा गया है कि एसपी और डीएम प्रयागराज के संतोषानुसार दो जमानतें, उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बंदी को मुक्त कर दिया जाए। बाकी अन्य भाई सूरज भान करवरिया व कपिल मुनी करवरिया जेल में ही रहेंगे

करवरिया बंधुओं ने दिनदहाड़े की थी जवाहर पंडित की हत्या

13 अगस्त, 1996 को सपा के पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित को करवरिया बंधुओं ने दिन दहाड़े प्रयागराज में गोलियों से छलनी कर दिया था। यह पहली बार था, जब इलाहाबाद में एके-47 गरजी थी। इस मामले में अदालत ने चार नवंबर 2019 में करवरिया बंधुओं (पूर्व बसपा सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया और पूर्व बसपा एमएलसी सूरजभान करवरिया), उनके साथी रामचंद्र त्रिपाठी उर्फ कल्लू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

सपा विधायक अंसारी की जमानत याचिकाएं स्वीकार

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मारपीट, तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में जेल में बंद मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी की जमानत याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। विधायक को वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाने और वर्ष 2007 में सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामलों में जमानत मिली है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने पारित किया है। मामले के अनुसार वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाना अंतर्गत मीट की दुकानों को लेकर अंसारी और कुरैशी बिरादरी के बीच हुए विवाद में मामला दर्ज किया गया था।

पॉक्सो मामलों में जांच से पहले पीड़िता की आयु निर्धारण जरूरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण आदेश

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पॉक्सो से जुड़े मामलों में पीड़िता की आयु में होने वाली गड़बड़ियों को गंभीरता से लिया है।

कोर्ट ने पुलिस और जांच अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में जांच शुरू करने से पहले पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा पॉक्सो अधिनियम की धारा 27 के साथ सीआरपीसी की धारा 164-ए के प्रावधानों के अनुसार तैयार कर ली जाए। उक्त निर्देश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने अनुरुद्ध की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया।

दरअसल कोर्ट के समक्ष यह प्रश्न था कि पॉक्सो अधिनियम के अपराधों की जांच करते समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने का पुलिस का कानूनी दायित्व क्या है। इस प्रश्न पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पॉक्सो के मामलों में पीड़िता की चिकित्सा आयु निर्धारण रिपोर्ट को पूरा महत्व देना चाहिए और पीड़िता की आयु से संबंधित अन्य सभी दस्तावेजों की भी सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए। मामले के तथ्यों के आधार पर अभियुक्त की जमानत याचिका पर निर्णय लेते समय कोर्ट को आयु संबंधी अन्य दस्तावेजों की विश्वसनीयता निर्धारित करनी चाहिए। बता दें कि वर्तमान मामले में याची के खिलाफ वर्ष 2022 में आईपीसी की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो अधिनियम, 2012 की धारा 3/4(2) के तहत कोतवाली उरई, जालौन में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।

चुनावी रंजिश में युवक की ली जान

परसपुर(गोंडा)। नगर निकाय के चुनाव की रंजिश में शुक्रवार को परसपुर कस्बे में दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर एक ही युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में घायल युवक की मौत हो गई। परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह ने नगर निकाय के चुनाव में सभासदी का चुनाव लड़ा था। हालांकि इस चुनाव में वह अपने प्रतिद्वंदी उदयभान सिंह उर्फ लल्लन से चुनाव हार गए थे। इसी चुनावी रंजिश को लेकर शुक्रवार की दोपहर उज्जैन उदयभान ने अपने कई सहयोगियों के साथ ओमप्रकाश के घर पर धावा बोल दिया था।

बहस जारी रखने वाले वकील पर कोर्ट ने लगाया जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले में जमानत याचिका खारिज होने के बाद भी अधिवक्ता द्वारा मामले में बहस जारी रखने पर उसे फटकार लगाते हुए उसके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

कोर्ट ने अधिवक्ता के इस व्यवहार को न्यायालय की आपराधिक अवमानना माना है, क्योंकि इससे न्यायिक प्रक्रिया के अधिकार और मर्यादा का हनन होता है। पुलिस स्टेशन जरचा, गौतमबुद्ध नगर में आईपीसी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत याची मोहन के खिलाफ दर्ज मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने अधिवक्ता के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने से इनकार करते हुए कहा कि न्यायालय में अधिवक्ताओं की दोहरी जिम्मेदारियां होती हैं। उन्हें एक ओर अपने मुवक्किलों के हितों का परिश्रमपूर्वक प्रतिनिधित्व करना होता है और दूसरी ओर न्यायालय में सम्मानजनक तथा अनुकूल वातावरण बनाए रखना भी उनका एक महत्वपूर्ण कर्तव्य होता है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

उत्तराखंड

बूंदाबांदी और कोहरे की आगोश में सरोवर नगरी

नैनीताल में कोहरे के बीच रोपवे की सवारी।

संवाददाता, नैनीताल

- मानसून सीजन को देखने के लिए कई पर्यटक अब भी नैनीताल का रुख कर रहे, बूंदाबांदी से तापमान में भी गिरावट

अमृत विचार : मानसून सीजन अपनी चरम सीमा पर है, लेकिन बीते 10 दिनों से नगर में तेज बारिश रुकी हुई है। हालांकि हर रोज बूंदाबांदी के बाद दिनभर नगर में कोहरा छाया रहता है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है तो वहीं मौसम भी काफी खुशनुमा हो चुका है, जिसके चलते सैलानी भी मानसून का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं।

मानसून सीजन शुरू होते ही जुलाई में पर्यटन सीजन भी समाप्त हो चुका है, हालांकि मानसून का लुत्फ उठाने और भीड़भाड़ पसंद नहीं करने वाले लोग अब भी नैनीताल का रुख कर रहे हैं। बीते 10 दिनों से तेज बारिश पर लगे विराम के बाद शुक्रवार को काफी संख्या में सैलानी मानसून सीजन का लुत्फ उठाने सरोवर नगरी पहुंचे। इस दौरान पर्यटकों ने रिमझिम बारिश और कोहरे के बीच विश्व विख्यात नैनी झील में नौकायन किया तो वहीं बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी और रोपवे की सवारी कर स्नो व्यू क्षेत्र से मानसून के दौरान अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया तो वहीं मशहूर पंत पार्क फड़ बाजार, भोटिया मार्केट व माल रोड से जमकर खरीदारी भी की। सैलानियों की बड़ी आमद के चलते वोट चालक, टैक्सी चालक, फड़ व्यापारी सहित होटल कारोबारियों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को बनाएं रणनीति

ब्यूरो, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने कहा, हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर जल्द डीपीआर बनाएं
- उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड बैठक में नेशनल पार्कों के प्रचार-प्रसार पर जोर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने पर जोर दिया है। साथ ही जंगलों से सटे जो स्थान बायोफैंसिंग से वंचित रह गए हैं, उन्हें अतिशीघ्र बायोफैंसिंग से आच्छादित किया जाए। मुख्यमंत्री ने वनाधिकारियों को हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर शीघ्र डीपीआर बनाने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री सचिवालय में शुक्रवार को हुई उत्तराखंड राज्य वन्य जीव बोर्ड की 20वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त बढाई जाए एवं वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में उपकरण कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्युलाईज गन आदि दी जाएं। साथ ही आधुनिक उपकरण जैसे ड्रोन के माध्यम से भी जंगली जानवरों पर नज़र रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, भारत सरकार से हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान को स्वीकृति मिल चुकी है। अब इस मास्टर प्लान पर डीपीआर शीघ्र बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने राज्य में वन्य जीव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न नेशनल पार्कों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वाइल्डलाइफ आधारित डॉक्यूमेंट्री, फिल्म बनाने के भी निर्देश दिए। विभिन्न स्थानों पर बर्ड वाचिंग कैंप का आयोजन भी किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाईफ से स्वीकृति मिल चुकी है। वन अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बंदर बंध्याकरण का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है, अब तक 39,398 बंदरों का बंध्याकरण किया चुका है। बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एडीजी एपी अंशुमन एवं बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

पिंजरे में कैद हुआ आतंकी गुलदार

टनकपुर, अमृत विचार : टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिछले ढाई साल से आतंक का पर्याय बना गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के कैद होने की खबर के बाद दहशत के साये में जी रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। बताया जाता है कि यह वही गुलदार है जो राष्ट्रीय राजमार्ग के सूखीढांग से लेकर आठवें मील तक कई दोपहिया वाहन चालकों पर लगातार हमला कर रहा था। बूम रेंज के रेंजर गुलजार हुसैन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे आठवें मील के पास लगे पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। गुलदार का ककराली गेट वन विभाग के लीसा डिपो में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक लॉन्च

ब्यूरो, देहरादून

- जीईपी लॉन्च करने वाला उत्तराखंड बना पहला राज्य

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में पारिस्थितिकी को अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए 'उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक' (जीईपी) लॉंच किया। जीईपी का शुभारंभ करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। उत्तराखंड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का आंकलन चार मुख्य घटकों जल, वायु, वन और मृदा के आधार पर किया गया है। जीईपी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शीघ्र ही एक प्रकोष्ठ बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जीईपी लागू होने से ईकोलॉजी और ईकोनॉमी के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। इस सूचकांक के परिणामों के विश्लेषण से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में प्रकृति प्रदत्त अनेक प्रकार की वन संपदा है, आवश्यकता है इनके सदुपयोग की। हमें वृक्षारोपण के साथ जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। जल संरक्षण की दिशा में राज्य में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में अमृत सरोवरों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है।

हैस्को संस्था के प्रमुख पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि विभिन्न विकासपरक योजनाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं व सरकार द्वारा बनाए गए नियमों इत्यादि के अनुपालन का जो परिणाम है वह सकल रूप से हमारी स्थानीय पर्यावरणीय गुणवत्ता पर देखने को मिलता है।

पर्यावरणीय कारकों में हवा, पानी, मिट्टी, जंगल और अन्य कारकों में अगर सुधार हो रहा हो तो जीईपी सूचकांक में वृद्धि देखने को मिलती है। यदि हमारी पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है और उसमें कोई गिरावट दिखाई दे रही है या उसमें कोई नकारात्मकता दिखाई देती है तो इससे जीईपी सूचकांक में गिरावट देखने को मिलती है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	80,604.65	24,530.90
बढ़त	738.81	269.95
प्रतिशत में	0.91	1.09

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 20 जुलाई 2024

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,900
सोना रवा	73,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,000
चांदी (999)	91,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए

- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरूआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।



- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

नई दिल्ली। शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

देश के नौ बंदरगाहों पर औसत रिलीज समय में आई कमी

नई दिल्ली। देश के नौ बंदरगाहों पर औसत रिलीज समय में कमी आई है। साथ ही एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर औसत रिलीज समय में 50 प्रतिशत की तथा एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स (एसीसी) से औसत रिलीज समय में छह प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बोर्ड के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर राष्ट्रीय समय रिलीज अध्ययन पर जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है।

एनटीआरएस 2024 एक मानकीकृत पद्धति को अपनाने वाला चौथा वार्षिक राष्ट्रीय स्तर का अध्ययन है। इसमें जनवरी 2024 के पहले सप्ताह के दौरान प्रस्तुत किए गए प्रवेश बिल (आयात) और शिपिंग बिल (निर्यात) को शामिल किया गया है। इन्हें 15 प्रमुख सीमा शुल्क संरचनाओं (4 श्रेणियों में वर्गीकृत- बंदरगाह, अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी), एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) और एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स (एसीसी)) के माध्यम से कार्गो निकासी के लिए 7 फरवरी, 2024 तक ट्रैक किया गया था।

कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

कोलकाता, एजेंसी

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में है केंद्र

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं। नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।

एक नजर

चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

मुंबई। गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई-अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

तस्करी के 33,000 लीटर डीजल जब्त, 4 गिरफ्तार

अलीबाग। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवास बंदरगाह पर पुलिस ने समुद्री मार्ग से तस्करी कर भारत लाये जा रहे 33,000 लीटर डीजल को जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त डीजल और इसकी ढुलाई करने वाले ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) की कुल कीमत 36.40 लाख रुपये है। आरोपियों में गणेश, विनायक, गजानन और मुकेश है।

राष्ट्रीय

संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। दोषियों में राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में अधिक तालमेल जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ

- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है।

डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई।मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

2024 में नीट-एसएस आयोजित न करने पर केंद्र से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- 13 उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-सुपर स्पेशियलिटी (नीट-एसएस) आयोजित नहीं करने के राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। नीट-एसएस उन चिकित्सकों के लिए होती है, जिनके पास एमडी, एमएस और डीएनबी जैसी डिग्री या समकक्ष योग्यता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ को 13 उम्मीदवारों की ओर से पेश वकील ने बताया कि एनएमसी ने इस साल परीक्षा आयोजित नहीं करने का फैसला किया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, नीट-एसएस जनवरी 2025 में होने की संभावना है। केंद्र, चिकित्सा परामर्श समिति और एनएमसी को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने याचिकाकर्ता राहुल बलवान और 12 अन्य को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को याचिका में पक्षकार बनाने की स्वतंत्रता भी दी।

कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

निठारी हत्याकांड

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर आठ जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

स्कूल टीसी में शुल्क बकाया का उल्लेख करने पर हाईकोर्ट नाराज

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) स्कूलों के लिए लंबित शुल्क वसूलने का जरिया नहीं हो सकता है। यह छात्र के नाम से जारी निजी दस्तावेज है। इसमें बकाया शुल्क के संबंध में कोई प्रविष्टि नहीं की जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि वह स्कूलों को निर्देश जारी करें, ताकि बच्चे से टीसी दिखाने पर जोर नहीं दिया जाए। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी. कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों के संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा कि शुल्क न देने या देरी से देने पर बच्चों को परेशान करना क्रूरता है।

क्षेत्रीय दलों में कमाई में बीआरएस तो खर्च में टीएमसी आगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की वित्तीय स्थिति का एडीआर ने किया विश्लेषण
- 2022-23 के लिए 57 दलों में से 39 के लिए विस्तृत आय और व्यय की रिपोर्ट हुई तैयार

एडीआर ने कहा है कि 2022-23 में क्षेत्रीय दलों के बीच कमाई के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) 737.67 करोड़ आय के साथ शीर्ष पर है, जबकि टीएमसी खर्च के मामले में आगे है। बीआरएस की आय क्षेत्रीय दलों की कुल आमदनी का 42.38 प्रतिशत है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, अधिक खर्च करने वाले शीर्ष पांच दलों में टीएमसी ऊपर है। टीएमसी ने 181.18 करोड़ या क्षेत्रीय दलों के कुल खर्च का 37.66 प्रतिशत खर्च किया है। वाईएसआर-कांग्रेस ने 79.32 करोड़ (16.49%), बीआरएस ने 57.47 करोड़ (11.94%), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) ने 52.62 करोड़ (10.94%) तथा सपा ने 31.41 करोड़ (6.53%) खर्च किया है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की वित्तीय स्थिति के विश्लेषण में एडीआर ने 2022-23 के लिए 57 दलों में से 39 के लिए विस्तृत आय और व्यय की रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार, शीर्ष पांच दलों की कुल आय 1,541.32 करोड़ व क्षेत्रीय दलों की कुल आय का 88.56 प्रतिशत है जबकि 39 क्षेत्रीय दलों की कुल घोषित आय 1,740.48 करोड़ रुपये है।

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट सौंपने की समय-सीमा 31 अक्टूबर, 2023 तय की थी। हालांकि, इनमें से केवल 16 ने ही इसका पालन किया। 23 दलों ने अपनी रिपोर्ट देर से सौंपी। इसमें तीन से लेकर 150 दिन तक की देरी हुई। एडीआर के अनुसार, रिपोर्ट तैयार करने के समय शिवसेना (एसएचएस), बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ), जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) जैसे प्रमुख दलों सहित 18 क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थी। कुल 19 क्षेत्रीय दलों ने वित्त वर्ष के लिए अव्ययित आय की घोषणा की।

हुड्डा से जुड़े मामले में एम3एम का 300 करोड़ का भूखंड कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े है तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।

एथनेज और हॉज ने वेस्टइंडीज को शुरुआती झटकों से उबारा

नॉटिंघम, एजेंसी

एलेक एथनेज और केवम हॉज के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन चाय के विश्राम तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 212 रन बनाए।

एथनेज 65 और हॉज 58 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब वेस्टइंडीज ने तीन विकेट 84 रन पर गंवा दिए थे। एथनेज और हॉज चौथे विकेट के लिए अभी तक 128 रन जोड़ चुके थे। वेस्टइंडीज की टीम अब इंग्लैंड से 204 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पारी की शुरुआत की। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (48) और मिकाइल लुइस (21) ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े, लेकिन वेस्टइंडीज में 31 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। इनमें से दो विकेट स्पिनर शोएब बशीर ने लिए। उन्होंने लुईस को आउट करने के बाद उनकी जगह लेने के लिए उतरे कर्क मैकेंजी (11) को भी पवेलियन भेजा। गस एटकिंसन ने ब्रेथवेट को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया।

सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल

नई दिल्ली, एजेंसी

नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की

कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

खेल डायरी

चांग्ते और इंदुमति को एआईएफएफ का शीर्ष पुरस्कार

नई दिल्ली। भारत और मुंबई सिटी एफसी के विंगर लालियानजुआला चांग्ते और राष्ट्रीय महिला टीम की मिडफील्डर इंदुमति कथिरेसन को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के क्रमशः पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड से नवाजा गया। राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित एक समारोह के दौरान दोनों खिलाड़ियों को ये पुरस्कार दिया गया। लालियानजुआला चांग्ते ने हाल में मुंबई सिटी एफसी के साथ 2026/27 सत्र के अंत तक अपना अनुबंध बढ़ा लिया है। इंदुमति (30) भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय टीम में वह बतौर मिडफील्डर की भूमिका निभाती हैं। आई-लीग विजेता क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग के डेविड लाहलानसांगा को इस साल के सबसे होनहार खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

चेन्नई। भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

ज्यूरिख। फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बस्ताड (स्वीडन)। रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।

भारतीय फुटबॉल टीम

1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।

मिल्खा सिंह

भारतीय हॉकी टीम

1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।

पीटी उषा

1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112 .5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रही।

लिएंडर पेस और महेश भूपति

2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।

जॉयदीप करमाकर

2016 रियो

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0 .150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15 .066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी हादेका और रादेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।

दीपा करमाकर

2020 तोक्यो

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।

महिला हॉकी टीम

बॉलीवुड हलचल

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



शैफाली-स्मृति की बल्लेबाजी से थर्राया पाकिस्तान

महिला एशिया कप

- पहले मुकाबले में सात विकेट से जीती भारतीय महिला टीम
- शैफाली ने 40 और मंधाना ने खेली 45 रनों की शानदार पारी

दांबुला, एजेंसी

शैफाली वर्मा (40) और स्मृति मांधना (45) के बीच 85 रन की फटाफट पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से आसानी से धो दिया।

टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 108 पर आउट हो गयी। जवाब में भारत ने विजय लक्ष्य को 35 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा (20 रन पर तीन विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (14 रन पर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (31 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांध कर रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, नतीजन पाकिस्तान की टीम को अपने स्कोर को तीन अंको तक ले जाने में भी पसीना बहाना पड़ा।

दूसरी ओर विस्फोटक शैफाली ने क्रीज पर पांव जमाते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दोनो बल्लेबाजों ने करीब नौ रन के औसत से रन बटोरे। उनका अंदाज देख कर लग रहा था कि भारत विजय लक्ष्य को 11वें ओवर में ही हासिल कर लेगा लेकिन इस बीच सैयादा (9 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में एक के बाद एक कर सलामी बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन भारत की जीत उस समय तक पक्की हो चुकी थी।

पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

पाकिस्तान : 108/10, 19 .2 ओवर। सिदरा 25, तुबा 22, फातिमा नाबाद 22, **गेंदबाजी** : रेणुका 2, पूजा 2, दीप्ति 3, श्रेयंका 2।

भारत : 109/3, 14 .1 ओवर। शेफाली वर्मा 40, स्मृति मंधाना 45, दयालन हेमलता 14, **गेंदबाजी** : नशरा संधू 1, सईदा अरूब शाह 2।

नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

दांबुला। सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16 .1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा ने 19 देकर तीन विकेट लिए। एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

बांग्लादेश में हिंसा के बाद राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू

ढाका, एजेंसी

- हिंसा के बाद व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैन्य बलों की तैनाती का आदेश दिया

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहीं शेख हसीना सरकार ने राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा कर दी।

ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी, जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा की और सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा के बाद व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैन्य बलों की तैनाती का आदेश दिया। बांग्लादेश में सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के महासचिव ओबैदुल कादर ने यह घोषणा की। यह घोषणा पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी और राजधानी में सभी सभाओं पर प्रतिबंध लगाये जाने के बाद की गई।

आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसक प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

बांग्लादेश से 245 भारतीय स्वदेश लौटे

नई दिल्ली। भारत सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में जारी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को ढाका का आंतरिक मामला करार दिया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर स्थिति पर नजर रख रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं। सूत्रों ने बताया कि नेपाल के 13 छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए भी मदद की।

पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़ें दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

अन्य धर्मों की स्थिति

- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

एक नजर

इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ को पीएचडी की उपाधि

चेन्नई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं।

पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

बीजिंग। चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

गाजा। मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई घायल हुए हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।

कब शुरू हुई परेशानी

गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।

बाल्टीमोर में बाल्टीमोर/वाशिंगटन अंतर्राष्ट्रीय थर्गूड मार्शल हवाई अड्डे पर लाइन में प्रतीक्षा करते यात्री। • एजेंसी

क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

थिम्पू। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

- पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

रूस में फंसे यात्रियों के लिए राहत उड़ान भेजी

मुंबई, एजेंसी

- एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए दूतावास की टीम क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद

एयर इंडिया ने अपनी दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को उड़ान के यात्रियों को ले जाने के लिए मुंबई से एक राहत उड़ान रवाना की है। ये यात्री गुरुवार से रूस के क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केजेए) पर फंसे हुए हैं। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने एजेंसी से कहा कि राहत विमान एआई 1179 यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर 12.52 बजे रवाना हुआ और रूसी शहर क्रास्नोयार्स्क स्थित हवाई अड्डे पर स्थानीय समय अनुसार रात आठ बजे पहुंचने की संभावना है।

एयरलाइन ने कहा कि रूसी हवाई अड्डे पर यात्रियों और कर्मचारियों को सहायता प्रदान करने के लिए चालक दल और सुरक्षा कर्मियों सहित एयर इंडिया की एक टीम राहत उड़ान में मौजूद है। एयरलाइन ने एक्स पर कहा कि राहत उड़ान के लिए उसे नियामकीय मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है।

अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, इसके अलावा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से यूक्रेन में स्थायी व न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करने का अनुरोध करते हैं। विदेश मंत्रालय ने रूस से कहा कि वह यूक्रेन के संप्रभु क्षेत्र से अपने सैनिक वापस बुलाए। मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए 8-9 जुलाई को रूस में थे।

ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे और आगजनी

लंदन। उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है।

कश्मीर में आतंकियों के पास से पहली बार हुई बरामद

क्यों खास है एयूजी राइफल

नई दिल्ली। कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को घुसपैठ कर रहे आतंकियों को जवानों ने ढेर कर दिया। इस हमले में दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। आतंकियों के पास से हथियारों की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसमें स्टेयर एयूजी राइफल भी थी जो पहली बार बरामद हुई है। आइए जानते हैं इस राइफल से जुड़े तथ्य।

कहा विकसित हुई : एयूजी राइफल एक विशेष शास्त्रशास्त्रीय और बदलावशील सर्वकलाईबर कार्बाइन है, जिसे ऑस्ट्रियन कंपनी स्टाइर आर्म्स ने विकसित किया था। इसे 1977 में ऑस्ट्रियाई सेना के लिए तैयार किया गया था और फिर इसका प्रयोग अन्य देशों की सेनाओं में भी किया गया है।

मुख्य विशेषताएं: ■ एयूजी राइफल की अनोखा विशेषता ये है कि सर्वकलाइबर है। इसका मतलब होता है कि इसे बदलावशील और सामान्य स्थिति में प्रयुक्त किया जा सकता है। जो विभिन्न परिस्थितियों के लिए अनुकूल है। ■ इस की डिज़ाइन अनूठी है, जिसमें फिबर रीइंफोर्स्ड प्लास्टिक का उपयोग कर बनाया गया है, जो इसे लाइटवेट और विशेष तौर पर ड्यूरेबल बनाता है। ■ बुलपप डिजाइन के साथ यह राइफल 5.56 X 45 एमएम इंटरमीडिएट कारतूस के लिए बनाई गई है। गन का यूज न केवल दिन बल्कि रात में भी आसानी से किया जा सकता है। ■ बंदूक की मैगजीन की बात करें तो इसमें क्रमानुसार 9, 30 और 42 राउंड एक साथ फायर किए जा सकते हैं। ■ पुल थ्रू टिगर की एडवांस टेक्नॉलॉजी के साथ निर्मित।

अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

येकातेरिनबर्ग। रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

खगोल विज्ञान पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं। जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।

काले धूमकेतु की तस्वीर।

क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति अवैध : आईसीजे

हेग (नीदरलैंड्स)। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने कहा है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति गैरकानूनी है और इसे समाप्त करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने शुक्रवार को जारी अपनी गैर-बाध्यकारी राय में कहा कि इजराइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। उसने कहा कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की मौजूदगी को गैरकानूनी बनाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के निकाय ने कहा कि उसकी (इजराइल की) निरंतर मौजूदगी अवैध है।

50 भारतीय छोड़ना चाहते हैं रूसी सशस्त्र बल

नयी दिल्ली, एजेंसी

- मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया : रणधीर जायसवाल

रूस के सशस्त्र बलों में कार्यरत भारतीयों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत और रूस काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ और नौ जुलाई की दो दिवसीय मॉस्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें लगभग 50 भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी है जो वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों की नौकरी छोड़ना चाहते हैं।

प्रवक्ता ने अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ये ऐसे मामले हैं जिनमें व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों ने उनकी सेवा की यथाशीघ्र समाप्ति सुनिश्चित करने में सहायता के लिए हमसे संपर्क किया है। जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया रूस यात्रा के दौरान इस मामले को उठाया था। रूसी पक्ष ने हमारे अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दोनों पक्ष भारतीय नागरिकों को शीघ्र सेवामुक्त करने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले महीने विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस की सेना में भारतीय नागरिकों का मुद्दा अत्यंत चिंता का विषय है।